* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
19 अप्रैल, 2025
वैशाख, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 179

निवेश लाना है, तो उद्योग मंत्री को साथ क्यों नहीं ले जा रहे : बाबूलाल



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# आज रांची के आसमान में लहरायेगा तिरंगा

## भारतीय वायुसेना के दो दिवसीय एयर शो का होगा आगाज

- रांची में पहली बार हो रहा कार्यक्रम, निःशुल्क है प्रवेश
- सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम हवा में दिखायेगी करतब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय वायुसेना के दो दिवसीय एयर शो का आगाज शनिवार को होगा। इस दौरान राजधानी रांची के लोग आसमान में विमान से तिरंगा लहराते हुए देखेंगे। रांची पहली बार भारतीय वायुसेना के एयर शो की गवाह बनने जा रही है। नामकुम के खोजाटोली आर्मी ग्राउंड में 19 और 20 अप्रैल की सुबह इस शानदार शो का आयोजन होगा। एयर शो के दौरान रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह भी मौजूद रहेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम से पहले रांची के उपायुक्त ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की और कई निर्देश दिये। इसके बाद उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, डीआइजी चंदन कुमार सिन्हा और सूर्यकिरण एयरोबेटिक टीम ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस कर कार्यक्रम की जानकारी दी।

**एक घंटे का होगा शो, 9.45 बजे होगा शुरू:** इस एयर शो को वायुसेना की सूर्य किरण टीम लीड करेगी। इसमें हॉक माक 132 एयरक्राफ्ट उड़ते हैं। ये एक मॉर्डन फाइटर एयरक्राफ्ट है। कुल नौ एयरक्राफ्ट करतब दिखायेंगे। एयर शो दो भाग में होगा। पहले भाग में फॉर्मेशन फ्लाइंग होगी। दूसरे पार्ट में दो या तीन एयरक्राफ्ट फॉर्मेशन फ्लाइंग करेंगे। सिंगल फॉर्मेशन भी होता है। शो का आयोजन 19 और 20 अप्रैल को सुबह 9.45 से 10.45 तक एक घंटे के लिए होगा। इस एरोबेटिक शो का मकसद आज की युवा पीढ़ी को मोटिवेट करना होता है, ताकि सेना की तरफ उनका रुझान बढ़े।

**प्रवेश निःशुल्क, स्कूलों को भेजा गया न्योता:** भजंत्री ने कहा कि एयर शो में प्रवेश निःशुल्क है। ज्यादा से ज्यादा संख्या में रांचीवासी एयर शो देखने के लिए आयें। उन्होंने कहा कि एयर शो के लिए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के सभी छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया है। एयर शो देखन के लिए लोग सुबह 8:30 बजे तक अपना स्थान अवश्य ग्रहण कर लें।

**विदेशों में भी दिखाया है आसमानी करतब:** सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम ने बताया कि टीम की स्थापना के बाद से इसने अब तक अनेकों एयर शो किये हैं। विदेश में भी टीम द्वारा शो किया गया है। दुबई, सिंगापुर, थाइलैंड और चीन में टीम द्वारा आसमान में करतब दिखाये गये हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य पूरी दुनिया में भारतीय वायु सेना की कार्य कुशलता और अनुशासन का प्रमाण देना है।

**कार्यक्रम स्थल में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था:** उपायुक्त ने कहा कि एयर शो को लेकर कार्यक्रम स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा होगी। डीआइजी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि क्राउड मैनेजमेंट के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक प्रतिनियुक्ति की गयी है। विधि व्यवस्था को बनाये रखने के लिए दंडाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है।





### रोमांचित करनेवाला होगा कार्यक्रम

एयर शो दो भागों में बंटा है। पहले भाग में नौ विमान एक साथ उड़ान भरेंगे। भारतीय वायु सेना के ये विमान 5 मीटर की दूरी मेंटेन करते हुए एक साथ उड़ान भरते नजर आयेंगे। दूसरे भाग में सभी नौ विमान अलग-अलग दिशाओं से अपनी गति और अनुशासन का प्रमाण देते हुए अलग-अलग आकृतियां आसमान में बनायेंगे। इसके अलावा विमान उल्टी उड़ान भरते भी नजर आयेंगे। टीम के पायलट, भारतीय वायु सेना के बेहतरीन फाइटर पायलट हैं। टीम ने छह महीने ती कठिन परिश्रम कर अपनी तैयारी पूरी की है।

### खाने-पीने का सामान ले कर नहीं आयें लोग

उपायुक्त ने कहा कि आगंतुक और दर्शक अपने साथ किसी भी तरह का खाद्य पदार्थ लेकर नहीं आयें, क्योंकि पक्षियों के आकर्षित होने से एयर शो में खलल पड़ सकता है। उन्होंने पदाधिकारियों से कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, शौचालय, बिजली, पार्किंग, बस और वाहनों के लिए रूट मार्किंग, अग्निशमन, मेडिकल टीम, एंबुलेंस जैसी तमाम व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में टीम स्पेन रवाना

हेमंत सोरेन औद्योगिक और ऊर्जा निवेश संबंधों को मजबूत करने के लिए विदेश दौरे पर गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड और स्पेनिश उद्यमों के बीच औद्योगिक और ऊर्जा के क्षेत्र को मजबूत करने के रणनीतिक प्रयास में 19 अप्रैल से 27 अप्रैल तक स्पेन में एक वरिष्ठ सरकारी और उद्योग प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सचिव उद्योग विभाग झारखंड अरवा राजकमल, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, मुख्यमंत्री के निजी सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह शामिल हैं। विभागीय जानकारी के मुताबिक यह आधिकारिक यात्रा इस्पात और धातु, ऊर्जा (पारंपरिक और नवीकरणीय), उन्नत विनिर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास सहित अपने सबसे गतिशील क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) को आकर्षित करने की राज्य की व्यापक रणनीति का हिस्सा रहेगी।

**भारत में 280 से अधिक स्पेनिश कंपनिया कार्य कर रहीं:** भारत के सबसे संसाधन संपन्न राज्यों में से एक झारखंड देश के औद्योगिक उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसमें टाटा स्टील, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और एनटीपीसी की जैसे कुछ बड़े नाम हैं। राज्य में वेदांता रिसोर्सेज, टाटा पावर, लिंडे ग्रुप और अडानी पावर जैसी वैश्विक कंपनियों से भी बड़े निवेश देखने को मिले हैं। इनमें स्टील उत्पादन, बिजली उत्पादन और गैस इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। पिछले एक दशक में स्पेन और भारत ने अपने आर्थिक संबंधों को लगातार बढ़ाया है। आज भारत में 280 से अधिक स्पेनिश कंपनियां काम करती हैं और द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 8.78 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो साल-दर-साल 6.3% की वृद्धि दर्शाता है। अक्षय ऊर्जा, धातुकर्म उद्योग, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्च र और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे क्षेत्र दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच प्रमुख तालमेल का प्रतिनिधित्व करते हैं।



### स्पेनिश कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ होगी बैठक

झारखंड प्रतिनिधिमंडल स्पेन एवं स्वीडन में अपने यात्रा के दौरान प्रमुख स्पेनिश औद्योगिक और ऊर्जा समूहों, निवेशकों और सार्वजनिक संस्थानों के साथ बातचीत करेगा। निर्धारित व्यापार मंच और बीटूबी बैठकें स्पेनिश कंपनियों को झारखंड के महत्वाकांक्षी औद्योगिक रोडमैप, निवेशक सुविधा नीतियों और सार्वजनिक-निजी सहयोग के अवसरों की जानकारी देंगी। प्रतिनिधि मंडल स्वीडन में भी बैठक करेगा।

## न्यूज रील्स

### चुनाव आयोग एआइ के इस्तेमाल पर गाइडलाइन बना रहा

नयी दिल्ली। चुनाव प्रचार के लिए कंटेंट तैयार करने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। इसे देखते हुए चुनाव आयोग इसके दुरुपयोग पर रोक लगाने और बेहतर इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए गाइडलाइंस बना रहा है। इसकी झलक बिहार विधानसभा चुनाव में दिख सकती है। सूत्रों ने बताया कि राजनीतिक दलों, मीडिया और सोशल मीडिया के लिए जेनरेटिव एआइ संबंधी कंटेंट के बारे में बताना होगा। प्रचार में एआइ के इस्तेमाल के नियम और तरीके साफ किये जायेंगे। फेक और डीपफेक प्रचार वीडियो और ऑडियो के बारे में भी दिशा-निर्देश बनाये जा रहे हैं। इसका मकसद है कि एआइ कंटेंट का इस्तेमाल करके मतदाताओं को भ्रमित या उनकी पसंद को गलत तरीके से प्रभावित न किया जा सके। साथ ही यह यह करने की कोशिश की जायेगी कि मतदाताओं की निजता या चुनाव की निष्पक्षता पर आंच न आये।

### देश में लागू रहेगा फास्ट टैग सिस्टम

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन मंत्रालय ने शुक्रवार को एक मई 2025 से फास्ट टैग बंद करने की खबर को अफवाह बताया है। मंत्रालय ने कहा कि ये खबरें अफवाह हैं और फास्ट टैग अभी देश में टोल कलेक्शन का ऑफिशियल तरीका बना रहेगा। इससे पहले एक मई से फास्ट टैग को बंद कर सैटेलाइट टोल सिस्टम लागू करने की बात सामने आयी थी। इस पर मंत्रालय ने कहा कि नेशनल हाइवे अथॉरिटी ने ऐसा कोई फैसला नहीं लिया है।

# बांग्लादेश को भारत की चेतावनी हमारे मसलों में दखल नहीं दें

अपने यहां अल्पसंख्यकों की रक्षा पर फोकस करे, अपराधी खुले घूम रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत ने बंगाल हिंसा पर बयानबाजी कर रहे बांग्लादेश से कहा है कि वह भारत के मसलों में दखल देने की बजाय अपने यहां अल्पसंख्यकों की रक्षा पर फोकस करे। भारत ने कहा कि बांग्लादेश का यह बयान धूर्तता और कपट से भरा है। वह अपने यहां अल्पसंख्यकों के नरसंहार से ध्यान भटकाना चाहता है। दरअसल, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस के प्रेस सेक्रेटरी ने कहा था कि भारत को उन अल्पसंख्यक मुस्लिमों की रक्षा करनी चाहिए, जो पिछले हफ्ते बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा से प्रभावित हुए हैं। भारत ने शुक्रवार को इस बयान का कड़ा विरोध किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हुई घटनाओं को लेकर बांग्लादेश की ओर से की गयी टिप्पणियों को हम खारिज करते हैं। बांग्लादेश इस तरह के बयान दे रहा है, जबकि वहां अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करने वाले अपराधी आजाद घूम रहे हैं।

# रातू में दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान मालिक पर हमला, मारी गोली

गोली मारकर फरार हुए अपराधी, अस्पताल में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के रातू थाना क्षेत्र अंतर्गत चटकपुर बाजार में शुक्रवार की दोपहर बाइक सवार दो अपराधियों ने आकाश ज्वेलर्स के मालिक बसंत कुमार को गोली मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दो युवक बाइक से दुकान के पास पहुंचे और बिना किसी झंझट के बसंत पर फायरिंग कर दी। गोली सीधे उनके बायें कंधे में लगी।



घटना के बाद घायल बसंत को स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में सिटी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बतायी जा रही है। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गयी। लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए हमलावरों का पीछा करने की कोशिश भी की, लेकिन वे तेज रफ्तार में बाइक दौड़ाकर मौके से फरार हो गये।

सूचना मिलते ही रातू थाना की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मौके से कुछ खाली खोखे बरामद हुए हैं। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की पहचान करने की कोशिश में जुट गयी है। फिलहाल, इस हमले के पीछे की वजह साफ नहीं हो पायी है।

# डॉ शशिबाला सिंह बनीं रिम्स की प्रभारी निदेशक

स्वास्थ्य विभाग ने अधिसूचना जारी की

आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** राज्य सरकार ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग की एचओडी सह प्राध्यापक डॉ. शशिबाला सिंह को प्रभारी निदेशक बनाया है। रिम्स शासी परिषद के अध्यक्ष सह स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी द्वारा डॉ. राज कुमार के निदेशक पद से हटाये जाने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उन्हें यह अस्थायी प्रभार निदेशक पद पर स्थायी नियुक्ति या छह माह (जो भी न्यूनतम हो) की अवधि के लिए दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। इसमें कहा गया कि संस्थान के वरिष्ठतम प्राध्यापक के रूप में डॉ. शशिबाला सिंह को निदेशक का प्रभार सौंपा गया है। बताते चलें कि स्वास्थ्य मंत्री ने डॉ. राजकुमार के विरुद्ध कई आरोप लगाते हुए उन्हें कार्य मुक्त कर दिया। उनके द्वारा अपने दायित्वों का सही निर्वहन नहीं कर पाने से राज्य सरकार की बदनामी हो रही थी।

# गीता और नाट्यशास्त्र यूनेस्को की लिस्ट में शामिल

## प्रधानमंत्री ने कहा, यह गर्व की बात, हमारे ज्ञान और समृद्ध संस्कृति को वैश्विक मान्यता मिली

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** श्रीमद् भगवत गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को ने अपने 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' रजिस्टर में शामिल किया है। इसके साथ ही, अब हमारे देश के 14 अभिलेख यूनेस्को के रजिस्टर में शामिल हो गये हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक सम्मान भारत के शाश्वत ज्ञान और कलात्मक प्रतिभा का जश्न है। ये कालातीत रचनाएं साहित्यिक खजाने से कहीं अधिक हैं। ये दार्शनिक आधार हैं, जिन्होंने हमारे सोचने, महसूस करने, जीने और अभिव्यक्त करने के तरीके को बेहतर बनाया है। 18 अप्रैल यानी वर्ल्ड हेरिटेज डे के दिन इसे शामिल किया गया है।




**मोदी ने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर इसे दुनिया भर में हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल करना हमारे शाश्वत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक मान्यता है। गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना का पोषण किया है।

उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती रहती है।

### 1992 में शुरू हुआ था 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' रजिस्टर

यूनेस्को का 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' रजिस्टर एक अंतरराष्ट्रीय पहल है, जिसे यूनेस्को ने 1992 में शुरू किया था। इसका उद्देश्य विश्व के महत्वपूर्ण दस्तावेजी विरासतों को पहचान देना, उसे संरक्षित करना और लोगों की पहुंच में लाना है। यह एक अंतरराष्ट्रीय रजिस्टर है जिसमें विश्वभर के ऐतिहासिक दस्तावेज, पांडुलिपियां, दुर्लभ पुस्तकें, चित्र, फिल्में, ऑडियो रिकॉर्डिंग, आदि को शामिल किया जाता है, जिनका ऐतिहासिक, सांस्कृतिक या सामाजिक महत्व होता है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इलॉन मस्क से फोन पर की बातचीत

बोले, हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में पार्टनरशिप को लेकर चर्चा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को टेस्ला के सीइओ इलॉन मस्क से फोन पर बात की है। दोनों के बीच टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन के क्षेत्रों यानी एरियाज में कॉलेबोरेशन की अपार संभावनाओं पर चर्चा हुई। इस बात को प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर साझा किया। मोदी 12 और 13 फरवरी को अमेरिका दौरे पर गये थे। इस दौरान उन्होंने इलॉन मस्क से मुलाकात भी की थी।

**अमेरिका के साथ साझेदारी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध:** मोदी ने पोस्ट शेयर कर लिखा कि इलॉन मस्क से बात की है और कई मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें इस साल की शुरुआत में वॉशिंगटन डीसी में हमारी मीटिंग के दौरान शामिल किये गये विषय भी शामिल थे। हमने टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।



### टेस्ला के अधिकारी इसी माह भारत आयेंगे

प्राप्त जानकारी के मुताबिक अमेरिकी इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी टेस्ला के भारत में एंट्री की संभावनाओं के बीच कंपनी के अधिकारी अप्रैल में भारत आ रहें है। यहां वे कंपनी के संचालन से जुड़े मुद्दों पर प्रधानमंत्री कार्यालय, भारी उद्योग मंत्रालय, सड़क परिवहन मंत्रालय और वाणिज्य कर मंत्रालय के अधिकारियों से मिलेंगे। टेस्ला महाराष्ट्र के चाकन, संभाजी नगर और गुजरात को अपने मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने के लिए सबसे पसंदीदा जगह के रूप में चुना है। प्रोडक्शन फैसिलिटी बनाने के लिए कंपनी यहां शुरुआती दौर में 3 से 5 बिलियन डॉलर (करीब- 2.7 से 4.3 लाख करोड़ रुपये) निवेश करेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# बिहार चुनाव पर बंगाल हिंसा का असर पड़ना तय

## ■ जाति आधारित राजनीति के लिए प्रचलित बिहार में होगा धार्मिक ध्रुवीकरण

## ■ भाजपा को मिल सकता है लाभ, लेकिन बंगाल हिंसा पर चुप्पी चोलबे ना

## ■ विपक्ष का खेमा सतर्क, कर रहा मंथन, भाजपा फ्री हिट की तैयारी में

## ■ राजद, कांग्रेस के अरमानों को ममता की राजनीति ले डूबेगी

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार में इस साल के अंत तक विधानसभा का चुनाव होना है और इसके लिए तैयारियां शुरू हो गयी हैं। सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी इंडी अलायंस की रणनीति तैयार हो रही है, मुद्दों को धार दी जा रही है और इन मुद्दों के जाल में एक-दूसरे को उलझाने की भरपूर कोशिश चल रही है। ऐसे में एक मुद्दा बेहद चर्चा में है और वह है वक्फ संशोधन कानून और उसके बाद पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा, जिसमें हिंदुओं पर अत्याचार हुए, उन्हें पलायन तक करना पड़ा। उनकी जान भी गयी। महिलाओं को धमकाया तक गया कि तुम हमें इज्जत दो, हम तुम्हारे परिवार को छोड़ देंगे। पश्चिम बंगाल की इन घटनाओं के बाद अब यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या इन घटनाओं का असर बिहार के चुनाव पर पड़ सकता है और यदि पड़ेगा, तो किसको इसका लाभ मिलेगा। इस सवाल का जवाब बहुत आसान नहीं है, क्योंकि बात बिहार की हो रही है। बिहार की सियासत में आम तौर पर धार्मिक या सांप्रदायिक आधार पर ध्रुवीकरण का उदाहरण नहीं के बराबर ही देखने को मिलता है, लेकिन हाल के दिनों में यह प्रवृत्ति यहां भी सामने आयी है। बिहार अपनी जातीय राजनीति को लेकर पूरे देश में चर्चित है, लेकिन हाल के दिनों में यहां सांप्रदायिक आधार पर भी लोगों ने वोट डाले हैं। इसलिए उम्मीद की जा रही है कि पश्चिम बंगाल में जिस तरह हिंदुओं के खिलाफ हिंसा हुई, उसका असर बिहार में भी देखने को मिल सकता है। यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि यदि यह स्थिति बरकरार रही, तो भाजपा को इस ध्रुवीकरण का भरपूर लाभ मिल सकता है। इसका मतलब यह होगा कि नीतीश कुमार जहां अपनी जातीय समीकरण की राजनीति पर फोकस करेंगे, वहीं भाजपा के पास हिंदुत्व की राजनीति का मारक हथियार होगा। जाहिर है कि इस तैयारी को लेकर विपक्षी खेमे में अभी से ही खलबली मची है। लेकिन यहां भाजपा यह मान कर नहीं चले कि उसकी झोली में जो फ्री हिट बॉल आयी है तो वह इसका भरपूर फायदा उठायेगी। अगर भाजपा ने बंगाल के संदर्भ में कुछ भी एक्शन नहीं लिया, तो वह दिन दूर नहीं जब हिंदुओं का भरोसा भाजपा से उठेगा। फिलहाल क्या है बिहार की सियासत का मौजूदा रंग और बंगाल हिंसा का इस पर असर पड़ने की क्या है संभावना, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सियासी हलचल तेज हो चुकी है। चुनाव आयोग ने बिहार में तैयारी शुरू कर दी है। राज्य विधानसभा की सभी 243 विधानसभा सीटों के लिए अक्टूबर या नवंबर में चुनाव होने हैं। यह चुनाव मुख्य रूप से सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी इंडी अलायंस के बीच होनेवाला है। दोनों ओर से चुनाव की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। बैठकों और समीकरणों को साधने की रणनीति तैयार होने लगी है। चुनावी हथियार के रूप में मुद्दों की तलाश की जा रही है और उन मुद्दों में एक-दूसरे को उलझाने की कोशिशें भी चल रही हैं। इस साल के सियासी घटनाक्रमों में बिहार चुनाव सबसे अहम है। इस दौरान सत्ता पर काबिज नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार की वापसी की उम्मीद है, वहीं विपक्ष भी अपना दम दिखाने की कोशिश करेगा।

इन कोशिशों के बीच बिहार के सियासी फलक पर एक सवाल बड़े जोर से उठ रहा है कि क्या इस बार बिहार में धार्मिक और सांप्रदायिक आधार पर ध्रुवीकरण हो सकता है। यह सवाल इसलिए उठा है, क्योंकि हाल ही में वक्फ संशोधन कानून को लागू किया गया है और इसके खिलाफ पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई है। यह हिंसा हिंदुओं के खिलाफ हुई, कई हिंदू मारे गये और कई हिंदू परिवारों को दूसरे राज्यों तक में जाकर शरण लेनी पड़ी है।

बंगाल की इस सांप्रदायिक हिंसा के बारे में बिहार में चर्चा तो हो रही है, लेकिन अब तक इसके सियासी रंग पकड़ने के संकेत नहीं मिले हैं। लेकिन भाजपा की पूरी कोशिश है कि बिहार चुनाव में बंगाल की हिंसा को मुद्दा बनाया जाये, ताकि विपक्ष की जातीय गोलबंदी को धार्मिक ध्रुवीकरण से पराजित किया जा सके। भाजपा की कोशिश कहां तक कामयाब हो पाती है, यह तो कुछ दिन बाद पता चलेगा, लेकिन पहले यह जानना जरूरी है कि बिहार में धार्मिक आधार पर आबादी का बंटवारा कैसा है।



### बिहार में कुल कितने मुस्लिम

भारत विविधताओं से भरा देश है, जहां सभी धर्म, संस्कृति और विविधताओं के लोग रहते हैं। यहां पर मुसलमानों की जनसंख्या कुल जनसंख्या का 14.2% है। हिंदू धर्म के बाद यह सबसे बड़ा धर्म माना जाता है। 2011 की जनगणना की मानें तो देश में हिंदू जनसंख्या 79.8% है, जबकि मुस्लिमों की जनसंख्या में 24.6% की बढ़ोतरी देखने को मिली है। बिहार में मुस्लिमों की बात करें, तो यहां पर मुस्लिम समुदाय की उपस्थिति महत्वपूर्ण है। बिहार की कुल जनसंख्या करीब 10.4 करोड़ है, जिसमें से करीब 1.76 करोड़, यानि 16.9% मुस्लिम समुदाय से हैं। दरअसल ब्रिटिश काल में बड़ी संख्या में मुस्लिम बिहार में आकर बसे हैं।

### बिहार में कहां कितने मुस्लिम

बिहार के अररिया, पूर्णिया, किशनगंज, पटना और भागलपुर में मुस्लिमों की जनसंख्या ज्यादा है। खासतौर से सीमांचल क्षेत्र, यानी अररिया और किशनगंज में मुस्लिम समुदाय ज्यादा हैं। बिहार में मुस्लिमों की अधिकता के पीछे कई कारण हैं, जैसे कि ऐतिहासिक, सामाजिक, आर्थिक और कृषि कारक भी शामिल हैं। 2023 में जब बिहार की सरकार ने जातीय जनगणना करायी थी, उसके अनुसार वहां पर कुल जनसंख्या 13 करोड़ थी। इसमें मुस्लिमों का कुल प्रतिशत 17.70 है। वहीं हिदू 81.99% हैं। इसके बाद अन्य धर्मों की बारी आती है।

### किस वर्ग का वोट बैंक सबसे ज्यादा

बिहार में जाति वर्ग के आधार पर देखा जाये, तो सबसे बड़ा वोट बैंक अत्यंत पिछड़ा वर्ग है। बिहार में ओबीसी 36%, पिछड़ा वर्ग 27.12%, अनुसूचित जाति 19%, अनुसूचित जनजाति 2% और अनारक्षित 15.5% हैं। ऐसे में बिहार विधानसभा चुनाव में ओबीसी वोट बैंक पर सभी पार्टियों की नजर रहने वाली है। वहीं मुस्लिम भी बिहार में बड़ी संख्या में हैं। ऐसे में पार्टियां मुस्लिमों को भी अपनी ओर लुभाने की कोशिश करेंगी। मुस्लिम वोट आम तौर पर राजद, कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों को ही मिलता है।

### कैसा है बिहार का सियासी समीकरण

बिहार की राजनीति की सबसे खास बात यह है कि यहां जातीय आधार पर लोगों की खूब गोलबंदी देखने को मिलती है, लेकिन सियासी उद्देश्य के लिए धार्मिक या सांप्रदायिक आधार पर लोग शायद ही कभी गोलबंद होते हैं। यानी किसी खास संप्रदाय के प्रत्याशी को वोट देने के लिए उस संप्रदाय के साथ दूसरे लोग भी सामने आते हैं। इसलिए राज्य की कई सीटों पर ऐसे प्रत्याशी भी जीतते हैं, जिनकी जाति का वोट बहुत कम होता है। बिहार में जातीय आधार पर वोटरों की गोलबंदी तो पूरे देश में चर्चित है, लेकिन जानकार बताते हैं कि यहां सांप्रदायिक आधार पर लोग वोट नहीं करते हैं। यही कारण है कि राज्य में आज तक भाजपा कभी बहुमत हासिल नहीं कर सकी है।

### बदल गया है परिदृश्य

लेकिन इस बार यह परिदृश्य बदला-बदला सा नजर आ रहा है। भाजपा ने विपक्ष के मुस्लिम वोट बैंक के हथियार को अपने सामाजिक ध्रुवीकरण के हथियार से पराजित करने की रणनीति बनायी है। इसलिए वह बंगाल की हिंसा को बिहार के चुनाव में प्रमुख मुद्दा बनाने का फैसला कर चुकी है। हाल के दिनों में बिहार के लोगों की सियासी सोच में बदलाव को देख कर ही भाजपा अब इस मुद्दे को हवा देने की कोशिश कर रही है। पार्टी के राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेता इन दिनों बिहार में बंगाल हिंसा की खूब बात कर रहे हैं, ताकि चुनाव तक यह एक प्रमुख मुद्दा बन जाये।

यदि भाजपा की यह रणनीति सफल हो जाती है, तो बिहार चुनाव में उसे अप्रत्याशित सफलता मिल सकती है, लेकिन इसके लिए अभी बहुत लंबा सफर तय करना होगा।

---

# वक्फ कानून को लेकर पश्चिम बंगाल में हिंसा के बाद पाकुड़ में निषेधाज्ञा लागू

## 18 अप्रैल से 15 मई 2025 तक पूरे अनुमंडल क्षेत्र में धारा 144 लागू

**बिना अनुमति के जुलूस निकालना, सभा करना या किसी भी प्रकार का धरना-प्रदर्शन करना पूरी तरह निषिद्ध रहेगा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पाकुड़।** केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम-2025 के विरोध में पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में हुई हिंसक घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए पाकुड़ अनुमंडल में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अनुमंडल दंडाधिकारी, पाकुड़ द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 18 अप्रैल से 15 मई 2025 तक पूरे अनुमंडल क्षेत्र में भारतीय दंड संहिता की धारा 144 के अंतर्गत विशेष प्रतिबंध लागू रहेंगे। इस अवधि में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के समूह के साथ किसी सार्वजनिक स्थल पर एकत्रित होना, बिना अनुमति के जुलूस निकालना, सभा करना या किसी भी प्रकार का धरना-प्रदर्शन करना पूरी तरह निषिद्ध रहेगा।

इसके अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति द्वारा पारंपरिक हथियार जैसे लाठी, डंडा, भाला, तीर-धनुष या किसी भी प्रकार के घातक हथियार लेकर चलना, प्रदर्शन करना या उकसावापूर्ण व्यवहार करना भी वर्जित है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश शादी समारोह, धार्मिक अनुष्ठान, शव यात्रा, परीक्षा आदि जैसी आवश्यक विधि-व्यवस्थाओं पर लागू नहीं होगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं अन्य धाराओं के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जायेगी। यह आदेश अनुमंडल दंडाधिकारी, पाकुड़ द्वारा न्यायालय के हस्ताक्षर एवं स्वीकृति के साथ 18 अप्रैल को जारी किया गया है।

---

# केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने बासुकीनाथ मंदिर में की पूजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** केंद्रीय पंचायती राज एवं मत्स्य मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह अपने सहयोगियों के साथ दुमका स्थित बाबा बासुकीनाथ धाम मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा की। बासुकीनाथ धाम में मंदिर के पंडा-पुरोहितों ने विधि विधान से पूजा करायी। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय मंत्री ने बाबा भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया और लोगों के कल्याण की कामना की। केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह शुक्रवार को दुमका स्थित बासुकीनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ विधि-विधान से फौजदारी दरबार बाबा बासुकीनाथ में पूजा अर्चना की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री को पंडा पुरोहितों ने षोडशोपचार विधि से कामना ज्योतिर्लिंग एवं मैया पार्वती के गर्भ गृह में दर्शन पूजन कराया। इसके साथ ही झारखंड सहित समस्त देशवासियों के जनकल्याण के लिए भोलेनाथ की आरती भी की। केंद्रीय मंत्री के बासुकीनाथ मंदिर पहुंचने पर प्रशासन की ओर से मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त कर दी गयी। बासुकीनाथ मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर पूजा के समय मंदिर को पूरी तरह श्रद्धालुओं से खाली कर दिया गया था। साथ ही सुरक्षा का विशेष प्रबंध किये गये।



बता दें कि इसी वर्ष के अंत तक बिहार विधानसभा चुनाव होने के आसार हैं। इसको लेकर बिहार के नेता अक्सर झारखंड के तीर्थस्थलों का दौरा कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पहुंच रहे हैं।

---

# गोड्डा में तेज बारिश से सरकारी शेड गिरने से एक बच्चे की मौत, दो की हालत गंभीर

**पुराने सरकारी शेड के नीचे खेल रहे थे बच्चे, तभी तेज हवा और बारिश से शेड ढह गया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोड्डा।** जिले के रमला में एक शेड गिरने से एक बच्चे की मौत हो गयी है। साथ ही छह बच्चे भी घायल हो गये हैं, जिसमें दो की हालत गंभीर है। घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर किया गया है। मामला गोड्डा जिला के मोतिया ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत रमला गांव के संथाली टोला का है।

मंत्री संजय प्रसाद यादव के बेटे रजनीश यादव ने कहा कि इलाके में सुबह से बारिश हो रही थी। बारिश के कारण सभी बच्चे एक पुराने सरकारी शेड के नीचे खेल रहे थे। तभी अचानक तेज बारिश से शेड ढह गया। छत गिरने से लगभग 6 से 7 लोग दब गये थे। जिसमें से 14 वर्षीय अमीन सोरेन की इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गयी। वहीं दो किशोर की हालत गंभीर है। सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायलों में हांसदा और मार्शल सोरेन शामिल हैं। घटना में मृतक आमीन सोरेन के माता-पिता नहीं हैं।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही मंत्री संजय यादव के पुत्र रजनीश यादव सदर अस्पताल पहुंचे। जहां पर गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर करने की पहल की। वहीं पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य पंकज यादव ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें सहयोग करने की बात कही है।

### बाबूलाल मरांडी ने सीएम के विदेश दौरे पर उठाये सवाल, कहा-

# निवेश लाना है, तो उद्योग मंत्री को साथ क्यों नहीं ले जा रहे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन के विदेश दौरे पर सवाल खड़ा किया है। कहा है कि आज प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, दिनदहाड़े हत्याएं हो रही हैं, बिजली संकट गहराया हुआ है। इन सबके बीच मुख्यमंत्री एक बड़े सरकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ स्वीडन और स्पेन की यात्रा पर हैं।

यदि इस यात्रा का उद्देश्य विदेशी निवेश लाना है, तो सबसे बड़ा सवाल है कि उद्योग मंत्री को क्यों नहीं साथ ले जाया जा रहा है। उद्योग विभाग के सचिव और निदेशक तो इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं, लेकिन उद्योग मंत्री का नाम सूची से नदारद है। क्या निवेश की बातचीत में मंत्री की कोई भूमिका नहीं?

बाबूलाल ने सोशल मीडिया पर आगे लिखा है कि ऐसा पहली बार नहीं हो रहा। यदि यह निजी यात्रा है, तो फिर सरकारी खजाने से खर्च कर अधिकारियों की फौज क्यों भेजी जा रही है।

चौंकाने वाली बात यह भी है कि प्रतिनिधिमंडल में एक ऐसे सेवानिवृत्त आइएफएस अधिकारी को शामिल किया गया है, जिनकी ख्याति से पूरा प्रदेश परिचित है।

# नकारात्मक और निराशाजनक समूह है भाजपा : विनोद पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की किसी भी सकारात्मक पहल के प्रति भाजपा नेताओं में ईर्ष्या और असुरक्षा सर्वव्यापी है। भाजपा की प्रतिक्रिया में कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। एक आदिवासी युवा मुख्यमंत्री का विदेश दौरा भाजपा के नेताओं को भला कैसे पच सकता है, ये तो उनके डीएनए में ही नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड जल्द ही कई अन्य देशों में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेगा। हेमंत सोरेन का नेतृत्व क्षमता बेमिसाल है। उनके विराट व्यक्तित्व के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत होता जा रहा है। दूसरी ओर विपक्ष के नाम पर भाजपा नकारात्मक और निराशाजनक समूह बनता जा रहा है। भाजपा का एक ही काम है सांप्रदायिक सद्भावना को बिगाड़ने की साजिश रचना। चुनावों में जनता से नकारे जाने के बाद प्रदेश में भाजपा नेताओं के पास कोई काम नहीं है। इसलिए सरकार के सकारात्मक कार्य या पहल का परिणाम आने से पहले ही भाजपा के नेता अपने मुताबिक काल्पनिक परिणाम गढ़ कर राजनीति में जिंदा रहने की कोशिश कर रहे हैं। विनोद पांडेय ने कहा कि जहां तक प्रश्न है स्पेन और स्वीडन की आर्थिकी का, तो पिछले एक दशक में स्पेन और भारत ने अपने आर्थिक संबंधों को लगातार बढ़ाया है। भारत में 280 से अधिक स्पेनिश कंपनियां काम करती हैं और द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 8.78 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो साल-दर-साल 6.3 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है।

### चहुंओर घिरने के बाद हफीजुल हसन का यू टर्न

# अब कहा-संविधान मेरे लिए सर्वोपरि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन ने संविधान पर अपने विवादास्पद बयान के बाद चहुंओर घिरने पर अब यू टर्न ले लिया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें संविधान पर पूरा विश्वास है। हफीजुल के बयान के बाद से बीजेपी ने हेमंत सरकार पर लगातार हमले तेज कर दिये हैं, और अब हफीजुल का इस्तीफा भी मांगा जा रहा है। उन्होंने सफाई में लिखा है - 'मैं बाबा साहब आंबेडकर के प्रति गहरी श्रद्धा रखता हूं, जिनकी प्रेरणा से मैंने अपने सार्वजनिक जीवन में समावेशिता और सामाजिक न्याय के लिए कार्य किया है। धर्म, जाति, वर्ग, क्षेत्र से ऊपर उठ कर मेरे द्वारा किये गये कार्य मेरी संवैधानिक निष्ठा की गवाही देते हैं।

मैं दोहराना चाहता हूं कि संविधान मेरे लिए सर्वोपरि है, और मेरा कोई भी कथन या कार्य कभी इसके मूल्यों के खिलाफ नहीं रहा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यकों के अधिकार की रक्षा की गारंटी है हमारा संविधान। जहां संविधान देश के हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है वहीं वह सरकारों को ऐसा वातावरण बनाये रखने का निर्देश देता है जिसमें देश के सभी नागरिक अपने भाषाई एवं धार्मिक पहचान को अक्षुण्ण रख सकें। देश ने केंद्रीय मंत्रियों को अल्पसंख्यक समुदाय के प्रति निंदनीय - नफरती शब्दों का प्रयोग करते हुए देखा है। किसी ने अल्पसंख्यकों को खुले आम देश छोड़ने को कहा तो किसी ने हमें मंच से गोली मारने का नारा लगवाया। मैं मानता हूं एवं दोहराता हूं कि हर किसी को अपने धर्म से असीमित प्रेम करने का अधिकार है लेकिन वह प्रेम दूसरे धर्म के प्रति नफरत का रूप नहीं लेना चाहिए। उन्होंने आगे लिखा कि मैं भरोसा दिलाता हूं कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप करता रहूंगा और सभी समुदायों के लिए न्याय, समानता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।

## भाजपा और झामुमो में जुबानी जंग

# आखिर माजरा क्या है : शिवपूजन पाठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के विदेश दौरे को लेकर उठा विवाद अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से निकलकर जुबानी जंग का रूप ले चुका है। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक का कहना है कि जिस कार्य के लिए सीएम विदेश जा रहे हैं, उस चर्चा में उद्योग विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव ही नहीं रहेंगे। यह किस तरह की तानाशाही है। सीएम ने खुद उनको उद्योग मंत्री बनाया है। कौन सी ऐसा मीटिंग होने वाली है कि उद्योग मंत्री जान जायेंगे तो आफत आ जायेगी। आखिर क्या माजरा है।

# रघुवर दास भी विदेश गये थे : मनोज पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडेय का कहना है कि मुख्यमंत्री में सभी मंत्रियों की शक्ति निहित होती है। वे निर्णय लेने में सक्षम हैं। भाजपा द्वारा इस दौरे को सैर सपाटा कहने पर मनोज पांडेय ने कहा कि रघुवर दास भी विदेश गये थे।

तब निवेश की बात कही गयी। सीएम हेमंत भी झारखंड को विकास की राह पर आगे ले जाना चाहते हैं। यह दौरा विकास के लिए है। उन्होंने कहा कि पीएम भी अपने निजी उद्योगपतियों को लेकर विदेश दौरे पर जाते हैं।

# पश्चिम बंगाल के दंगा पीड़ितों को झारखंड सरकार सुरक्षा और पुनर्वास दे : दीपक प्रकाश

**सांसद दीपक प्रकाश ने मुर्शिदाबाद दंगों के पीड़ितों की सुरक्षा के लिए सीएम हेमंत को लिखा पत्र**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद दंगा से पीड़ित ऐसे लोग जो झारखंड में आकर शरण ले रहे हैं, उनको सुरक्षा, अस्थायी आवास, भोजन, चिकित्सा और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। श्री प्रकाश ने अपने पत्र में झारखंड की मानवता वाली छवि का जिक्र करते हुए लिखा है कि झारखंड हमेशा से विविधता और मानवता का पोषक रहा है। ऐसी स्थिति में इन पीड़ित परिवारों को सुरक्षा और सहारा देना न केवल एक संवैधानिक दायित्व है, बल्कि मानवीय कर्तव्य भी। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुए दंगों के चलते अनेक हिंदू परिवार जान बचाकर झारखंड की सीमाओं में शरण लेने को विवश हो रहे हैं। इन परिस्थितियों में वे अत्यंत भय, असुरक्षा और आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। मानवता और संविधान के मूल्यों को ध्यान में रखते हुए आग्रह है कि इन शरणार्थी परिवारों की पहचान कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाये। उन्हें अस्थायी आवास, भोजन, चिकित्सा और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। प्रशासनिक स्तर पर इनके पुनर्वास हेतु विशेष टीम गठित की जाये।

# हेमंत सोरेन झारखंड का झंडा बुलंद कर रहे और भाजपा को मिर्ची लग रही : आलोक कुमार दुबे

**हाथी उड़ाने वाले और नकली एमओयू करने वाली पार्टी अब झारखंड के विकास में बाधा डाल रही**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विदेश यात्रा पर सवाल उठाकर भाजपा ने एक बार फिर अपनी आदिवासी विरोधी सोच, विकास के प्रति उपेक्षा और राजनीतिक अवसरवादिता का चेहरा देश के सामने उजागर कर दिया है। भाजपा की टिप्पणी पर तीखा पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने कहा है कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब एक आदिवासी मुख्यमंत्री अपने राज्य के भविष्य के लिए, बेहतर निवेश अवसरों की तलाश में, तकनीकी और वैश्विक साझेदारी के उद्देश्य से विदेश जाता है, तो भाजपा उसे 'पर्यटन' कहने लगती है।

आलोक दुबे ने दो टूक शब्दों में कहा कि भाजपा के नेताओं को शायद आदिवासी नेतृत्व की ताकत, उसके विजन और झारखंड की तरक्की से डर लगता है, इसीलिए वे हर सकारात्मक पहल को नकारात्मक रंग देने में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि यह वही पार्टी है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर विदेशी यात्रा को रणनीतिक और ऐतिहासिक बताकर उसकी तारीफों के पुल बांधती है, लेकिन जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वैश्विक मंचों पर झारखंड की पहचान बनाने निकलते हैं तो वही भाजपा दोहरे मापदंड अपनाते हुए उसकी आलोचना करती है।

आलोक दुबे ने भाजपा से तीखे लहजे में सवाल किया कि क्या रघुवर दास की यूरोप की यात्राएं पर्यटन थीं या फिर विकास? और अगर वे यात्राएं निवेश के लिए थीं तो हेमंत सोरेन की यात्रा में क्या बुराई है? या भाजपा की नजर में केवल गैर-आदिवासी नेताओं को ही विदेश जाकर देश और राज्य की बात करने का हक है?

**विदेश यात्रा को पर्यटन कहने वालों को चाहिए इतिहास की जानकारी :** आलोक दुबे ने कहा स्वीडन और स्पेन जैसे देश विज्ञान, तकनीक, क्लीन एनर्जी, स्मार्ट इनफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल इनोवेशन में विश्व के अग्रणी देश हैं। इन देशों से सीखना, वहां से निवेश लाना और झारखंड को ग्लोबल इन्वेस्टमेंट मैप पर लाना अगर मुख्यमंत्री कर रहे हैं, तो इसमें भाजपा को क्या तकलीफ है? स्वीडन और भारत के संबंध 1948 से ही मजबूत रहे हैं।

### फ्री में आइसक्रीम नहीं देने पर दुकानदार को चाकू मारने वाला गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** फ्री में आइसक्रीम नहीं देने पर दुकानदार को चाकू मारकर घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए मो. एनुस को गिरफ्तार किया है। वह सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के पहाड़ी टोला का रहने वाला है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार की रात यह घटना सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में हुई थी। जहां ठेले पर आइसक्रीम बेचने वाले एक दिलखुश किर नाम के युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया था। युवक राजस्थान का रहने वाला है और रांची में आइसक्रीम बेचने का काम करता था।

# आदिवासी अधिकारों की मुखर आवाज रोज केरकेट्टा का जाना अपूरणीय क्षति: बंधु तिर्की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड की जानी-मानी साहित्यकार, लेखिका और आदिवासी समाज की सशक्त प्रतिनिधि रोज केरकेट्टा के निधन पर पूरे राज्य में शोक की लहर है। उनके निधन को झारखंड के सांस्कृतिक और बौद्धिक परिदृश्य के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया गया है। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि रोज केरकेट्टा ने न केवल साहित्य के क्षेत्र में अपना अहम स्थान बनाया, बल्कि आदिवासी समाज के अधिकारों की लड़ाई में भी एक मजबूत आवाज बनकर उभरीं।

अपने शोक-संदेश में बंधु तिर्की ने कहा, रोज केरकेट्टा ने झारखंड की संस्कृति, भाषा और परंपरा को बचाने और बढ़ाने में जो योगदान दिया है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने प्रेमचंद की कहानियों का खड़िया भाषा में अनुवाद कर यह दिखाया कि भाषाई समरसता और सांस्कृतिक समृद्धि उनके लिए कितनी महत्वपूर्ण थी। यह उनके साहित्यिक समर्पण का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने आगे कहा कि रोज केरकेट्टा का पूरा जीवन समाज के वंचित तबकों, विशेषकर आदिवासियों की आवाज को बुलंद करने में समर्पित रहा। उनकी लेखनी सिर्फ कागज पर नहीं, लोगों के दिलों पर असर करती थी। उनके विचार, उनकी प्रतिबद्धता और उनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। बंधु तिर्की ने दिवंगत लेखिका के परिजनों, सहयोगियों और प्रशंसकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि झारखंड ने एक ऐसी बेटी को खोया है, जिसकी जगह कोई नहीं ले सकता।

# महेश पोद्दार ने सीएम से की जमशेदपुर में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का सेंटर खुलवाने की अपील

**झारखंड सरकार पहल करेगी तो हजारों युवक-युवतियों को अपने घर में ही रोजगार मिल जायेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने सीएम हेमंत सोरेन से जमशेदपुर में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बड़ा सेंटर खुलवाने की अपील की है। साथ ही राज्य में ताज होटल्स द्वारा अपना एक प्रोजेक्ट लगाये जाने का स्वागत किया है। कहा कि लंबे समय से इसके लिए प्रयास चल रहे थे।

लेकिन झारखंड सरकार से आग्रह कि टाटा समूह की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का एक बड़ा सेंटर जमशेदपुर में खुलवाएं। इससे आइटी सेक्टर से जुड़े लोगों को दूसरे शहरों में पलायन नहीं करना पड़ेगा। सामाजिक, आर्थिक दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण है। ये ग्रुप पटना, वाराणसी में भी खोल सकता है तो जमशेदपुर में भी, जहां इस ग्रुप की अलग पहचान है।

झारखंड में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के सेंटर के बारे में उन्हें याद आ रहा कि रांची में कैंसर अस्पताल के शिलान्यास के अवसर पर रतन टाटाजी से तत्कालीन सीएम रघुवर दास ने टीसीएस सेंटर की मांग की थी, ताज होटल की भी मांग की थी और उन्होंने आश्वासन भी दिया था। पहले भी उन्होंने टीसीएस के एक सेंटर की जमशेदपुर में मांग की थी और बराबर सकारात्मक जवाब मिला है। लेकिन योजना धरातल पर नहीं आयी है। यदि झारखंड सरकार जोर देगी तो हजारों युवक-युवतियों को अपने घर में ही रोजगार मिल जायेगा।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.: 04-KUR-TRD-OT-2025-26 दिनांक: 10-04-2025

**कार्य का नाम:** खोरधा रोड (KUR) मंडल के भद्रक (BHC)—खोरधा रोड (KUR) खंड में न्यू गढ़मधुपुर (NGMP) स्टेशन पर एक अतिरिक्त लूप लाइन के प्रावधान के संबंध में ओएचई संशोधन कार्य विद्युतीकरण कार्य।

विज्ञापित मूल्य: ₹66,34,701.30
ईएमडी: ₹1,32,700/-, निविदा दस्तावेज मूल्य: ₹00/-
पूर्णता अवधि: 180 दिन, बोली आरंभ तिथि: 21.04.2025
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 05.05.2025 को 1300 बजे।

इस ई-निविदाओं के अधीन फॉर्म के लेटर हेड में जमा किये गये एवं समय पर प्राप्त डाक / कूरियर / फैक्स के माध्यम से भेजे गये या व्यक्तिगत रूप से जमा किये गये मैनुअल प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जाएगा और उन पर कोई विचार किये बिना उन्हें तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (TRD) खोरधा रोड

PR-42/Q/25-26

CCL
**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 19 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in
04

## पुलिस की टीम पर हमला करने के मामले में चार आरोपी को भेजा गया जेल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने जिले के ढाब थाना क्षेत्र के गोरियाडीह में गत दिन अवैध खनन को लेकर कार्रवाई करने गयी टीम पर हमला करने के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दीपक साव 33 वर्ष पिता इंदर साव उर्फ इंदरदेव साव, किशुन सिंह 70 वर्ष पिता स्व भातु सिंह, कपील तुरी 59 वर्ष पिता स्व लालधारी तुरी, सुरज कुमार, 20 वर्ष पिता शरीफ तुरी, सभी ग्राम गोरियाडीह ढाब शामिल हैं। इनके पास से बोलेरो वाहन सं जेएच17डी4808 एवं उसपर तीन सीमेंट की बोरी में अवैध ग्रीन पत्थर भरा करीब 150 किलो बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार 29 मार्च की रात्रि में ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरियाडीह जंगल में ग्रीन पत्थर का उत्खनन कर मालवाहक गाड़ियों में लोड कर तस्करी करने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस के वाहन पर अपराधियों ने पथराव किया था। इस संबंध में ढाब थाना कांड संख्या 2/25 दर्ज कर छानबीन शुरू की गयी। एसपी के निदेशानुसार ढाब थाना प्रभारी रवि प्रकाश के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड में फरार चल रहे अभियुक्तों में से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जिसे जेल भेज दिया गया।

## नगर निगम के वार्ड नंबर 31 में लगा कूड़े का ढेर, महीनों से नहीं हुई सफाई



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग नगर निगम के वार्ड नंबर 31 में महीनों से नहीं हो रहा है कूड़ों का उठाव हजारीबाग के खिरगांव पांडेय टोला की गलियों में नगर निगम के सफाई मित्र नहीं करते हैं कूड़ो के ढेर के साथ-साथ भरी हुई नालियां को देखकर सहसा यहां के नागरिकों की नारकीय स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। स्थानीय नागरिकों से पुछे जाने पर बताया कि जमादार को सूचना देते देते थक गये हैं नालियों की भी सफाई महीनों से नहीं हुई है साथ ही स्ट्रीट लाइट बंद रहता है लाईट के अभाव में बहु-बेटियों को निकलना दुश्वार हो चुका है, स्थानीय नागरिक सुनिल पांडेय ने बताया कि हजारीबाग में नगर निगम सिर्फ टैक्स देने के लिए है, नगर निगम कहलाने लायक एक भी सुविधा यहां उपलब्ध नहीं है आजादी के इतनें दिनों बाद भी यही हाल है जनप्रतिनिधियों का काम सिर्फ वोट लेना और फिता काटना भर रह गया है, वहीं एक महिला ने एक कुंआ दिखाते हुए बताया कि इसमें सुरक्षा की उचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण जानवर डुब कर मर जाते हैं जिससे दुर्गंध फैलती है लोग बिमार हो सकते हैं लेकिन नगर निगम का कोई ध्यान इस ओर नहीं है नेता सिर्फ वोट के वक्त नजर आते हैं।

## राम दरबार हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा शुरू



**कटकमदाग (आजाद सिपाही)।** श्री श्री 1008 रूद्र महायज्ञ सह शिव परिवार सह राम दरबार हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा हजारीबाग के कटकमदाग प्रखंड के ग्राम कुद में भूमि पूजन सह ध्वजारोहण किया गया। भूमि पूजन सह ध्वजारोहण कार्यक्रम के पूर्व बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा क्षेत्र भ्रमण किया गया। वहीं महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित अमित शास्त्री जी और कथा वाचक दिगंबर शास्त्री वाराणसी के द्वारा विभिन्न देवी देवताओं की विधिविधान पूर्वक पूजा अर्चना की गयी। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति भाव का माहौल रहा, वहीं लोगों ने कहा कि भूमि पूजन और ध्वजारोहण के साथ महायज्ञ की तैयारी प्रारंभ हो गयी है। वहीं 05 मई से भव्य शोभायात्रा कलशयात्रा पंचांग पूजन मंडप प्रवेश से कार्यक्रम का शुभारंभ वहीं 09मई को नित्या पूजन प्राण-प्रतिष्ठा सार्वजनिक हवन पूर्वहुति कन्या पूजन भंडारा के साथ विसर्जन किया जायेगा साथ ही रात्रि में जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निवेदक समस्त ग्रामीण समिति सदस्य अध्यक्ष और सचिव अवध किशोर साव, उमेश साव, विजय साव, सुदर्शन राणा, मुन्ना राणा, दिलीप साव, पिंकू साव, तिलक साव, प्रदीप साव, सिकन्दर साव इत्यादि शामिल थे।

## सोनाराम मांझी बने झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य, लोगों ने दी बधाई



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** विधानसभा क्षेत्र के पोटंगा पंचायत अंतर्गत उरीमारी न्यू बर टोला निवासी सोनाराम मांझी को झारखंड मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के द्वारा पुनः झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय समिति सदस्य नियुक्त किया गया है। जिसे लेकर श्री मांझी ने पार्टी के संस्थापक संरक्षक दिशुम गुरु शिबू सोरेन, नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडे विधानसभा क्षेत्र के विधायक कल्पना सोरेन सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी वरिष्ठ नेतागण का आभार व्यक्त किया है। रांची में आयोजित झारखंड मुक्ति मोर्चा का दो दिवसीय 13वां केंद्रीय महाधिवेशन में केंद्रीय समिति सदस्य नियुक्त होने के बाद सोनाराम मांझी ने कहा कि नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन की कुशल नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। पार्टी ने मुझे जो दायित्व देकर सम्मान दिया है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पूरा करूंगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा को मजबूत करना ही मेरा लक्ष्य होगा। वहीं सोनाराम मांझी को पुनः झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय समिति सदस्य नियुक्त किये जाने पर बधाई देने वालों में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया, प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, रैयत विस्थापित मोर्चा केअध्यक्ष सूरज बेसरा, संजय करमाली, गणेश गंझू, जीतन मुंडा, मोहन सोरेन, विनोद हेंब्रम, दिनेश टुडू, पंकज हेंब्रम, मिथुन सोरेन, अजय मरांडी, अजय करमाली, रविंद्र सोरेन, अजय बेसरा, रमेश, संजय सोरेन, विनोद सोरेन, सुखराम बेसरा और आनंद बेसरा सहित कई लोगों ने बधाई दी।

## गौतम उरांव बने बरकट्ठा थाना प्रभारी



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा थाना में गौतम उरांव ने नये थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता से पदभार ग्रहण किया। गौतम उरांव की बरकट्ठा थाना में ही पोस्टिंग थी। जानकारी हो कि राजेश कुमार भोगता को पुलिस अधीक्षक हजारीबाग ने लाइन हाजिर करते हुए गौतम उरांव को थाना प्रभारी बनाया। गौतम उरांव बरकट्ठा थाना में 47वां थाना प्रभारी बनें। इस अवसर पर गौतम उरांव ने कहा कि क्षेत्र में शांति बहाल करना मेरी प्राथमिकता होगी। कानून से खिलवाड़ करने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के संग की बैठक

# कोयला, बालू और पत्थर के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने का निर्देश

**नशाखोरी के पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह पर कार्रवाई करने को कहा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** एसपी ने हजारीबाग जिले के पुलिस पदाधिकारियों के संघ बैठक की। बैठक में एनडीपीएस से संबंधित जितने भी कांड लंबित है उन सभी कांडों को निष्पादन करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। महिला प्रताड़ना, हिंसा और अनुसूचित जाति और जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। पिछले माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधिक कांडों की समीक्षा की गयी और सभी कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए निर्देश दिया। वर्ष 2024 के पूर्व जितने भी कांड लंबित है उन सभी कांडों को प्राथमिकता के आधार पर अविलंब निष्पादन हेतु निर्देशित किया। सभी थानों में जितने भी जमानती और गैरजमानती वारंट, इश्तेहार और कुर्की- जब्ती हेतु लंबित है उसे एक विशेष अभियान चलाकर निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। सिविल कोर्ट के सुरक्षा की नियमित रूप समीक्षा करते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। नशाखोरी के पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। विभिन्न सोशल मिडिया की मोनिटरिंग करने के लिए सभी को निर्देशित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनन कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सीसीए और एनएसए के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सरकारी जमीन से संबंधित जितने भी मामले थाना में लंबित है उन्हें यथाशीघ्र संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसका निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया गया। अवैध कोयला, बालू और पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी एवम जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी थाना प्रभारी को साइबर से संबंधित जितने भी कांड लंबित है उसे प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने, आर्म्स एक्ट के पुराने कांडों में जितने भी अभियुक्त जेल से बाहर हुए हैं उन सभी अभियुक्त को सत्यापन कर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने, सभी थाना प्रभारी अपने अपने थानों में आम पब्लिक की समस्याओं को सुनने और उसकी समस्याओं को समय पर निष्पादित करने और सभी थाना प्रभारी को अपने अपने थाना क्षेत्र में निरंतर गस्ती जारी रखेंगे को कहा गया। बैठक में जिले के सभी डीएसपी, इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# गोली लगने से घायल युवक की स्थिति नाजुक

**विधायक अमित कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा पहुंच कर घायल का हाल-चाल लिया**

**पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शेषनाथ सिंह और विक्रांत पांडेय को गिरफ्तार किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम बंडासिंघा में गोली लगने से गंभीर अनूप यादव पिता बैजनाथ यादव की स्थिति नाजुक बनी हुई है। गुरुवार की रात हमलावरों के द्वारा चार गोली मारने के बाद गंभीर अनूप यादव का इलाज मेडिका रांची में चल रहा है। चार गोली में अनुप को तीन गोली लगी वहीं एक गोली हाथ के बांह को छुते हुए निकल गया। शुक्रवार को चिकित्सक ने अनूप यादव की पीठ और पेट में लगी दो गोली को निकाल दिया है। जबकि गर्दन में लगी एक गोली शनिवार को निकाला जायेगा। घटना की सूचना मिलने पर गुरुवार की रात विधायक अमित कुमार यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा पहुंच कर घायल का हाल-चाल लिया। मौके पर पहुंचे बरही डीएसपी अजीत कुमार विमल से विधायक ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वर्तमान सरकार में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। कानून व्यवस्था की स्थिति दिन प्रतिदिन गिरती जा रही है। घटना को लेकर अनूप यादव की पत्नी खुश्बू देवी के फर्द ब्यान पर गोरहर थाना में कांड संख्या 16/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिसमें ग्राम बेलकप्पी निवासी सचिन पांडेय पिता बिरेंद्र पांडेय, हरिओम सिंह पिता लक्ष्मी सिंह, धुरन पांडेय पिता दिवाकर पांडेय, शेषनाथ सिंह पिता लक्ष्मी सिंह, विक्रांत पांडेय पिता केदार पांडेय को आरोपी बनाया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शेषनाथ सिंह और विक्रांत पांडेय को हिरासत में लेकर हजारीबाग जेल भेजा गया।

# आनंद मेला सह मीना बाजार का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** ऐतिहासिक बड़ा अखाड़ा प्रांगण में आनंद मेला सह मीना बाजार का उद्घाटन हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल और सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के द्वारा फीता काट कर और दीप प्रवाजलित कर किया गया। इस मौके पर बीजेपी नेत्री शेफाली गुप्ता, स्थानीय वार्ड पार्षद सोनी क्षेत्री कृष्णा, बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर मेला के संचालक रणजीत साव एवं नीरज साव ने कहा कि झारखंड बिहार के अन्य जिलों में आनंद मेला सह मीना बाजार का आयोजन बहुत ही सफल तरह से किया जाता रहा है। जिसे हमलोग अब हजारीबाग में लेकर आये है, जिसका सफल संचालन किया जायेगा। सबसे खास बात इस मेले की यह है कि इस मेले में हर तरह स्टाल के साथ टोरा टोरा झूला, ब्रेक डांस, टावर झूला, नौका सम्राट झूला, ड्रैगन झूला बच्चों के लिए मिकी माउस, टॉय ट्रेन, वाटर वोट ओर कई तरह के झूले का आयोजन किया गया है। जिसमें आने वाले सभी आगंतुकों को पूरा आनंद मिलेगा। उद्घाटन के मौके पर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि ये पहली बार है कि शहर के बड़ा अखाड़ा के प्रांगण में इतने बड़े मेला का आयोजन किया गया है, जिसका आनंद यहां लोग लेंगे। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि शहर के प्राइम लोकेशन में इस तरह का आयोजन करना बहुत ही सफल होगा। जिसका भरपूर लाभ शहर से ग्रामीण क्षेत्र के लोग लेंगे। इस मौके पर राजकुमार यादव, अविनाश कुमार, ब्रजेश तिवारी, श्री झा, रंजन चौधरी, रियाज अंसारी, दीपू साव, संतोष कुमार रजक, प्रकाश साव, महेंद्र साव, पवन साव आदि उपस्थित थे।

### पोषण पखवाड़ा में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

# सही पोषण को लेकर जन जागरूकता की आवश्यकता : अन्नपूर्णा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** शुक्रवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज के ऑडिटोरियम में पोषण पखवाड़ा के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री सह सांसद कोडरमा अन्नपूर्णा देवी शामिल हुई। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथियों को बुके/पौधा देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात्त केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ नीरा यादव, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की ने स्वागत संबोधन किया। केंद्रीय मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पोषण पखवाड़ा 2025 के उद्देश्यों जैसे बच्चों के जीवन के प्रथम सुनहरे 1000 दिवस पर ध्यान, पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार प्रसार, समर कार्यक्रम से समुदाय स्तर पर कुपोषण प्रबंधन, बच्चों में मोटापे के समाधान के लिए स्वस्थ जीवन शैली आदि के प्रति जागरूक किया जायेगा। सही पोषण को लेकर जन जागरूकता की आवश्यकता है ताकि माताओं के साथ बच्चे भी स्वस्थ रहें। मंत्री ने सभी से अपील की कि पोषण पखवाड़ा में अधिक से अधिक शामिल हों और सही पोषण के लिए जन जागरूकता के लिए कार्य करें। आमजन के बीच पोष्टिक आहार की जानकारी दें। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि अच्छे खान से सही पोषण मिलता है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि स्वास्थ्य रहने के लिए माता और बच्चे को सही पोषण बहुत जरूरी है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ नीरा यादव एवं उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा 3 बच्चों का अन्नप्रासन और 3 महिलाओं का गोदभराई कराया। वहीं ऑंगनबाडी बच्चों को पुरस्कार और सहायिकाओं द्वारा तैयार किये गये व्यंजनों हेतु प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। साथ ही अतिथियों द्वारा सेल्फी और हस्ताक्षर कर पोषण पखवाड़ा 2025 के उद्देश्यों जैसे बच्चों के जीवन के प्रथम सुनहरे 1000 दिवस पर ध्यान, पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार प्रसार, समर कार्यक्रम से समुदाय स्तर पर कुपोषण प्रबंधन, बच्चों में मोटापे के समाधान के लिए स्वस्थ जीवन शैली आदि के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुणेर्दु, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की, जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुजुर, सभी बाल विकास परियोजना परियोजना समेत सेविका, सहायिका और अन्य मौजूद रहे।

## शोभा की वस्तु बन गयी है डीवीसी चौक पर लगी वॉच टॉवर की घड़ी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** नगर निगम ने हजारीबाग शहर में कई ऐसे कार्य भी किये है जिसमें लाखों तो खर्च हुए मगर रिजल्ट जीरो आ रहा। उन्हीं कार्यों में एक काम डीवीसी चौक पर नगर निगम द्वारा लगभग तीन वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से एक सुंदर वॉच टॉवर का निर्माण किया गया था। इसे शहर की पहचान और सौंदर्य को बढ़ाने के उद्देश्य से लगाया गया था। साथ ही इससे राहगीरों और यात्रियों को समय की सटीक जानकारी मिलने की भी सुविधा होती थी। परंतु दुर्भाग्यवश यह वॉच टॉवर अपनी स्थापना के समय से ही नियमित रूप से तकनीकी समस्याओं से जूझता आ रहा है। स्थानीय नागरिकों की शिकायत है कि वॉच टॉवर की घड़ी हर छह महीने में खराब हो जाती है और मरम्मत के बावजूद कुछ ही समय में पुनः बंद हो जाती है। वर्तमान में स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि घड़ी की सुइयां तक टूट चुकी हैं। इससे यह टॉवर न केवल अपनी मूल उपयोगिता खो चुका है, बल्कि शहर के सौंदर्य और पहचान को भी ठेस पहुंचा रहा है। इस वॉच टॉवर को शहर के प्रमुख चौराहों में से एक डीवीसी चौक पर लगाया गया था, जहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है वहीं बाहरी आगंतुकों को जब समय की गलत जानकारी मिलती है, तो वह नगर निगम की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। स्थानीय समाजसेवियों ने भी इस विषय पर चिंता जतायी है और नगर निगम से आग्रह किया है कि इस बार केवल नाममात्र की मरम्मत कर खानापूर्ति न की जाये, बल्कि एक स्थायी और मजबूत समाधान लाया जाये जिससे यह संरचना वर्षों तक सही कार्य करती रहे। इस संदर्भ में जब नगर आयुक्त से बात की गयी, तो उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा की वॉच टॉवर की मरम्मत का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जायेगा और इस बार ऐसी तकनीकी व्यवस्था की जायेगी कि भविष्य में इसकी हालत फिर से खराब न हो। नगर निगम इस विषय को गंभीरता से ले रहा है। नगर आयुक्त के इस बयान के बाद नागरिकों में थोड़ी राहत की भावना है, लेकिन साथ ही लोगों ने यह भी कहा है कि अब बातों से नहीं, कार्यों से विश्वास बहाल होगा।

## सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** केरेडारी- टंडवा मुख्य सड़क पर डमहाबागी स्थित कर्बला मोड़ के समीप एक दूसरे के विपरीत दिशा से आ रही दो बाइक में जोरदार टक्कर हुई इस घटना में दोनों बाइक में सवार लोग बुरी तरह से घायल हो गये। यह घटना सुबह करीब साढ़े छह बजे की बतायी जा रही है एक बाइक सवार की पहचान केरेडारी निवासी रितेश कुमार और दूसरे बाइक पर सवार व्यक्तियों की पहचान टाटीझरिया के झरपो निवासी प्रदीप कुमार पांडेय व उनकी पत्नी सोनम देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद आस पास के ग्रामीणों ने 108 पर सुचना देकर एम्बुलेंस से आनन फानन में इन सभी घायलों के केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए इन्हें हजारीबाग स्थित सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक घायलों की स्थिति स्थिर बनी हुई है।

## डीएवी कोडरमा में विश्व धरोहर दिवस पर बच्चों को किया गया जागरूक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर बच्चों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विद्यालय की प्रातः कालीन सभा में प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को यथावत बनाये रखने और उसकी सुरक्षा करने के लिए प्रतिज्ञा ली। दसवीं कक्षा की छात्रा आयुषी ने सभी को अपनी सांस्कृतिक विरासत के महत्व को समझने और भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित करने के लिए प्रतिज्ञा दिलाई। नवीं कक्षा की आभ्या श्री ने अंग्रेजी में वक्तव्य देते हुए सभी बच्चों को अपनी धरोहरों के प्रति संवेदनशील और जागरूक रहने के लिए अभिप्रेरित किया। इशिका ने सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी द्वारा सभी बच्चों को अपनी प्राचीन संस्कृति और सभ्यता और ऐतिहासिक परिदृश्यों से संबंधित प्रश्न पूछा। इस अवसर पर बच्चों ने स्लोगन और पोस्टर बनाकर बच्चों में अपनी जागरूकता दिखायी। प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने वर्ल्ड हेरिटेज दिवस पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इसे प्रतिवर्ष 18 अप्रैल को दुनिया भर में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक, प्राकृतिक और सांस्कृतिक स्थलों के महत्व के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों में जयदेव आचार्या, दिनेश कुमार दुबे, बलराम मिश्रा, सुजीत कुमार राणा की भूमिका सराहनीय रही।

## स्थानीय सी एच स्कूल मैदान में कबड्डी कोर्ट बनाने को लेकर तैयारी शुरू



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्रो-कबड्डी लीग को लेकर झुमरीतिलैया के सी एच स्कूल मैदान में कबड्डी कॉर्ट व अन्य सुविधाओं को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। कोडरमा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष संदीप सिन्हा बंटी व सचिव धर्मेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि आगामी प्रथम कोडरमा प्रो कबड्डी लीग का आयोजन 22 से 24 अप्रैल के बीच स्थानीय सी एच स्कूल मैदान में दूधिया रोशनी में होना है, जिसको लेकर कबड्डी कोर्ट व खेल से जुड़े अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गयी है। साथ ही मैदान में कोडरमा जिले के साथ-साथ पूरे राज्य व देश के अलग-अलग जगहों से आने वाले अतिथियों के लिए करीब एक हजार लोगों की क्षमता वाले भव्य मंच, वीआइपी बॉक्स, प्रायोजकों के लिए टीम के साथ बैठने के लिए अलग व्यवस्था व खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम एवम प्रतियोगिता के दौरान होने वाले अन्य आयोजनों के लिए अलग मंच आदि बनाया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता में बतौर मुख्यअतिथि अन्तराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी व सागर कुमार के साथ - साथ भारतीय कबड्डी टीम के कोच व द्रोणाचार्य पदक से सम्मानित बलवंत सिंह व प्रथम भारतीय महिला कबड्डी विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता टीम की सदस्य विंध्यवासिनी कुमारी सिन्हा उपस्थित रहेंगी।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 19 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


## झारखंड आंदोलनकारी अशोक का निधन



**गोला (आजाद सिपाही)।** मेन रोड गोला के प्रसिद्ध व्यवसायी स्व ब्रज मोहन हलुवाई उर्फ बिरजू साव के प्रथम सुपुत्र अशोक गुप्ता का गुरुवार की रात्रि हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया। वे 57 वर्ष के थे। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार गोमती नदी के मुक्तिधाम में किया गया। भतीजा अभिजीत गुप्ता ने मुखाग्नि दी। दिवंगत अशोक गुप्ता क्षेत्र के व्यवसायी रहते हुए झामुमो से जुड़कर झारखंड अलग राज्य के आंदोलन से भी जुड़े रहे। दिवंगत अशोक गुप्ता अपने पीछे चार पुत्री, छोटे भाई शंकर गुप्ता का भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उनके असमय निधन पर क्षेत्र के विभिन्न राजनीति दल, बुद्धिजीवी वर्ग, सामाजिक लोगों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। साथ ही अंतिम संस्कार में शामिल होकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। विधायक ममता देवी, पूर्व विधायक अर्जुन राम महतो, कांग्रेस नेता बजरंग महतो, झारखंड आंदोलन कारी नेता जनार्दन पाठक, कार्तिक महथा, जगत महतो, पूर्व मुखिया बजरंग कुमार महथा, सुनील राज चक्रवर्ती, समाजसेवी कुंवर कुमार बक्सी, प्रमोद अग्रवाल, सुशील बुधिया उर्फ मुन्ना सेठ, रमेश प्रसाद, सुरेश प्रसाद, प्रदीप चंद्र लाला, मनोज मिश्र, शिवप्रकाश, निहार रंजन, अन्नु प्रसाद, विजय प्रसाद, संजय गुप्ता, अजय गुप्ता, अप्पू प्रसाद, पवन अग्रवाल, मेराज, जयंत पोद्दार सहित क्षेत्र के विभिन्न राजनीति दल, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया है।

## बिंग्लात गांव में 400 मच्छरदानियों का वितरण



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र, सीसीएल अर्पिता महिला मंडल आम्रपाली चंदार्गुप्त क्षेत्र सीसीएल की अध्यक्षा प्रियंका सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को आम्रपाली परियोजना के विस्थापित गांव बिंग्लात में 400 मच्छरदानियों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को मच्छरों से उत्पन्न होने वाली खतरनाक बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, और फाइलेरिया से बचाव प्रदान करना और उन्हें रात में सुरक्षित और चैन की नींद सुनिश्चित करना है। मच्छरदानी एक सुरक्षित, रासायन-मुक्त और किफायती उपाय है, जो बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। महिला मंडल की अध्यक्षा प्रियंका सिंह ने बताया कि मच्छरदानी उपयोग करने से मच्छर जनित बीमारियों का प्रभावी रोकथाम होता है और यह ग्रामीण स्वास्थ्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह कार्यक्रम अर्पिता महिला मंडल सीसीएल की अध्यक्षा प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर हस्बुन निशा, सुधा पंडित, प्रमिला सिन्हा, प्रीती करारिया, वंदना सिन्हा के साथ महेश वर्मा, रमेश वर्मा और अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अर्पिता महिला मंडल द्वारा भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी और स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## श्री राम यज्ञ हनुमत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के जयनगर गांव में 17 अप्रैल से शुरू हुए श्रीराम यज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को दूसरे दिन श्री हनुमान जी का जलाधिवास, दुग्ध अधिवास और धान्य अधिवास कराया गया। इसके पूर्व सभी आवाहित देवी देवताओं की पूजा अर्चना और बेदी पूजन, स्तंभ पूजन आदि संपन्न होने के बाद अरणी मंथन कर अग्नि प्रवेश कराया गया। अधिवेश के पूर्व सभी प्रतिमाओं को पतरातू स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से गाजे बाजे के साथ जयनगर यज्ञ मंडप तक लाया गया। सभी कार्यक्रम यज्ञाचार्य सत्येंद्र पाठक के अगुआई में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की सफलता के लिए कमेटी के सदस्य सहित महिला पुरुष आदि दिन रात परिश्रम कर रहे है।

## पत्रकार पर लगातार हो रहे प्रहार को रोके शासन -प्रशासन, अन्यथा होगा आंदोलन: बीरू कुमार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** धनबाद में खबर संकलन के दौरान पत्रकार के साथ हुए मारपीट के मामले में प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार बीरू ने प्रेस रिलीज जारी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा है कि पत्रकार पर लगातार प्रहार किया जा रहा है। जो किसी भी स्तर से सही नहीं है। उन्होंने कहा हा कि शासन प्रशासन की जवाबदेही है कि कानून व्यवस्था कड़ाई से पालन कराये। ताकि पत्रकारों पर हो रहे अत्याचार को रोका जा सके। श्री कुमार ने स्पष्ट कहा कि अगर ऐसे ही पत्रकारों पर हमले होते रहे तो पत्रकार संगठन आंदोलन को बाधित होगा। बताया जाता है कि धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा धनबाद में कांग्रेस के ही बुलाए जाने पर उनके आंदोलन को कवर करने पहुंचे मीडिया कर्मियों पर हमला किया गया। जो बेहद ही निंदनीय है। यह हमला मीडिया कर्मियों पर नहीं बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर किया गया है। इस तरह की घटना को लेकर प्रेस क्लब रामगढ़ कठोर निंदा करती है। साथ ही चौथे स्तंभ पर हमले को लेकर झारखंड सरकार से आग्रह है कि कार्यकर्ता किसी के भी पार्टी के हो लेकिन किसी गली के गुंडों की तरह मीडिया कर्मी पर हमला करना कहीं से भी जायज नहीं हो सकता है। बताया जाता है कि कांग्रेस के दो गुट आपस में ही लड़ने लगे। इसी दौरान इन लोगों ने हमारे मीडिया कर्मी के साथ भी मारपीट की। श्री कुमार ने कहा कि प्रेस क्लब रामगढ़ अपने सभी पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए सक्षम है। अगर हमें आवश्यकता पड़ी तो हम इस घटना का विरोध करेंगे। क्योंकि पत्रकार किसी भी जिला का हो। है तो मेरे ही साथी। इसलिए कोई भी बाहरी ताकत मेरे समाज पर हमला करेगा और हम चुप बैठेंगे। ये नहीं हो सकता है।

## सोनाराम मांझी को झामुमो की केंद्रीय समिति का सदस्य बनने पर दी बधाई

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पोटंगा पंचायत के न्यू बरटोला निवासी विस्थापित नेता सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के पुर्व केंद्रीय समिति सदस्य सोनाराम मांझी को पुन: झारखंड मुक्ति मोर्चा का विगत दिनों रांची के खेलगांव में दो दिवसीय 13वां केंद्रीय महाधिवेशन में केंद्रीय समिति सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। श्री मांझी को पुन: झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय समिति सदस्य नियुक्त किये जाने के बाद शुक्रवार को विस्थापित कार्यालय न्यू बिरसा पोटंगा स्थित झामुमो पोटंगा पंचायत कमेटी अध्यक्ष रविंद्र सोरेन, सचिव विनोद हेंब्रोम, हजारीबाग जिला पुर्व उपाध्यक्ष संजय करमाली, विस्थापित नेता गणेश गंझू के द्वारा संयुक्त रूप से बुके भेंट कर सम्मानित किया गया और बधाई दी गयी।

# जयप्रकाश डैम में डूबने से दो स्कूली बच्चों की मौत

**घंटों मशक्कत के बाद निकाला गया शव**

**नहाने गये थे चार बच्चे, एक दूसरे को बचाने में दो की गयी जान**



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के जयप्रकाश डैम में डुबने से दो स्कूली बच्चों की मौत हो गयी। मृतक बच्चे बलवादोंहर गांव निवासी जितेन्द्र राय के 13 वर्षिय पुत्र शिवकुमार और बभने गांव निवासी दीपनारायाण पासवान के 11 वर्षीय पुत्र पृथ्वी कुमार है। मृतक के पिता जितेंद्र रॉय और दीपनारायण पासवान वर्तमान में बलवादोहर गांव में घर बनाकर रह रहे थे। दोनों बच्चों का शव काफी मशक्कत के बाद स्थानीय तैराकों द्वारा बाहर निकाल लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रतापपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचते हुए दोनों मृत बच्चों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार बलवादोहर गांव से चार स्कूली बच्चे सुबह 11 बजे बिना परिजनों को बताये जयप्रकाश डैम में नहाने गये थे। नहाने के दौरान बच्चे गहरे पानी मे चले गये। जिसके बाद एक दूसरे को बचाने के दौरान शिवकुमार और पृथ्वी कुमार गहरायी में समा गये। जिसके बाद साथ नहा रहे दो अन्य बच्चे किसी तरह पानी से बाहर निकलने में सफल हो गये। उन्हीं बच्चों ने गांव में जाकर परिजनों को इस घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन ग्रामीणों के साथ डैम पहुंचे और स्थानीय तैराकों की मदद से दोनों बच्चों के शव को डैम से बाहर निकाला। बच्चों के शव को देखते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। इस घटना से गांव में मातम छा गया है। मृतक शिवकुमार इस वर्ष आठवीं बोर्ड का परीक्षा दिया था।

### टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिविजन के दमकल कर्मियों का साहसिक अभियान

# सीसीएल ने दमकल कर्मियों के सहयोग के लिए जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** तेज धूप हो या भीषण आग की लपटें-टाटा स्टील के वेस्ट बोकारो डिवीजन की दमकल टीम हर मोर्चे पर डटी रहती है। सिर पर हेलमेट, चेहरे पर संकल्प और दिल में सेवा का जज्बा लिए ये जांबाज अग्निशामक हर खतरे से बेखौफ होकर लोगों की जान और संपत्ति की सुरक्षा में जुटे हैं। 27 समर्पित सदस्यों की टीम, ये दमकल कर्मी असली रक्षक हैं, जो हमेशा अपनी जान की परवाह किये बिना दूसरों की सुरक्षा और महत्वपूर्ण संपत्तियों की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। हर आपातकाल में इनका साहस और संकल्प साफ तौर पर झलकता है, जो उनकी सामुदायिक सुरक्षा के प्रति अडिग प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। पिछले वित्तीय वर्ष में इस उल्लेखनीय टीम ने कुल 112 आग से जुड़ी घटनाओं पर प्रभावी प्रतिक्रिया दी, जिनमें जंगलों में लगी आग, सामुदायिक क्षेत्रों की घटनाएं, और खदानों और संयंत्रों में हुए अग्निकांड शामिल थे। इनकी सेवाएं केवल वेस्ट बोकारो डिवीजन तक सीमित नहीं रहीं-बल्कि रामगढ़, चारही और केंद्रीय कोलफील्ड लिमिटेड (सीसीएल) के बासंतपुर, केदला और पारेज जैसे आसपास के इलाकों में भी इन्होंने समय रहते हस्तक्षेप कर कई बड़े हादसों को टालने में अहम भूमिका निभायी। रामगढ़ के जेबीवीएनएल बिजली कार्यालय में घटी एक महत्वपूर्ण घटना में उस समय हड़कंप मच गया, जब ट्रांसफॉर्मर ऑयल स्टॉकयार्ड में भीषण आग लग गयी। हालात की गंभीरता को देखते हुए दमकल टीम ने बेहद तेजी से मोर्चा संभाला और 100 लीटर फोम व पानी का इस्तेमाल कर आग पर काबू पा लिया। इसी तरह बसंतपुर के सिमरा टोला में भूसे के ढेर में लगी आग को भी टीम ने सूझबूझ के साथ बुझाया। वहीं, केदला 14 नंबर अस्पताल कॉलोनी में शॉर्ट सर्किट से फैली आग पर भी टीम ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और समय रहते हालात को संभालते हुए न केवल जान-माल की रक्षा की, बल्कि बड़े नुकसान को टालने में सफलता हासिल की। हाल ही में टीम को वेस्ट बोकारो स्थित पारेज में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सेंट्रल स्टोर में एक जटिल अग्निकांड का सामना करना पड़ा। हालात की गंभीरता के बावजूद, दमकल टीम ने तत्परता और समर्पण के साथ कार्रवाई करते हुए आग पर प्रभावी तरीके से काबू पाया। इस सराहनीय सहयोग के लिए सीसीएल ने टाटा स्टील के वेस्ट बोकारो डिवीजन के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की और भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा जतायी। अपने अटूट साहस और समर्पण के साथ, टाटा स्टील के वेस्ट बोकारो डिवीजन के दमकल कर्मी समुदाय के लिए आशा और सुरक्षा की मिसाल बने हुए हैं। हर चुनौती के साथ उनका हौसला और मजबूत होता है, और जिस समुदाय की वे सेवा करते हैं, उसमें एक नई एकजुटता और विश्वास की भावना पनपती है। इनकी सेवा और वीरता की विरासत लोगों के दिलों में भरोसा जगाती है-यह यकीन दिलाते हुए कि संकट की घड़ी में वे कभी अकेले नहीं हैं।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत चलाया जा रहा जागरूकता अभियान




**चतरा (आजाद सिपाही)।** पूरे जिले में अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज राइस मिल और आरबी हॉस्पिटल में जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान 14 से 20 अप्रैल तक चलेगा। इस संदर्भ में अग्निशमन के राहुल कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान हंटरगंज, इटखोरी, टंडवा आदि प्रखंडों में किया गया है। शेष दो दिन बचे समय में शहर के विभिन्न स्थानों बैक, अस्पताल, पेट्रॉल पंप आदि सार्वजनिक स्थानों पर यह अभियान चलाया जायेगा। अभियान के दौरान लोगों को आग पर काबू पाने के तरीके बताये जाते हैं। इस दौरान अग्निशमन सलेंडर से आग कैसे बुझाया जाय, यह लोगों को बताया जाता है। आज राइस मिल में मजदूरों को इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर अग्निशमन के चतरा प्रभारी बुद्धनाथ उरांव, राइस मिल के मालिक उदय वर्मा, भास्कर मिश्रा सहित अनेक लोग शामिल थे।

## उज्ज्वला फाउंडेशन ने सदस्य की पुत्री की शादी में किया वस्त्र सहयोग



**कुजू (आजाद सिपाही)।** उज्ज्वला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने शुक्रवार को रतवे पंचायत अंतर्गत नावाटांड़ की गरीब विधवा सह फाउंडेशन सदस्य की पुत्री की शादी में सहयोग के तौर पर वस्त्र भेंटकर एक मिसाल पेश की है। फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति द्वारा नावाटांड़ निवासी प्रियंका देवी पति स्व सुरेश महतो की पुत्री की शादी के मौके पर सहयोग के तौर पर लहंगा और अंगवस्त्र भेंट स्वरूप दिया गया। मौके फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन सदस्यों के उत्थान के लिए ही नहीं बल्कि गरीब व जरूरतमंद महिलाओं को हर संभव सहयोग भी पहुंचाने के लिए फाउंडेशन प्रयासरत है। इधर, प्रियंका देवी ने फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति द्वारा मिले सहयोग हेतु आभार प्रकट किया है। कहा है कि ऐसे ही हम जैसे लोगों को सहयोग मिलता रहेगा, तो निश्चित ही फाउंडेशन का नाम रौशन होगा। मौके पर प्रकाश केशरी, छोटन प्रजापति, डिम्पल प्रजापति मौजूद रहे।

### संत टेरेसा गिरजाघर में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

# मानवता, प्रेम, आदर और क्षमा का संदेश देता है गुड फ्राइडे

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** संत टेरेसा गिरजाघर परिसर में गुडफ्राइडे के अवसर पर शुक्रवार को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। फादर नोबोर कुजूर ने इसाई धर्मावलंबियों को मानवता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि जन कल्याण के लिए प्रभु यीशु ने जन्म लिया था। दुनिया के लोगों को पाप से छुटकारा के लिए प्रभु यीशु ने अपना बलिदान क्रुश पर चढ़कर दिया। उनका एक मात्र उद्देश्य संसार में पाप कम करना था। गुड फ्राइडे मानवता, प्रेम, आदर और क्षमा का संदेश देता है। इसके बाद प्रभु यीशु को क्रूस पर लटकाने से पूर्व उनके साथ घटित घटनाओं पर आधारित झांकी प्रस्तुत की गयी। फादर नोबोर कुजूर ने बताया कि मानव के कल्याण के लिए प्रभु यीशु का जन्म हुआ था। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु को फ्राइडे के दिन ही कलवारी पहाड़ी पर क्रूस से लटकाया गया था। क्रूस पर लटकाए जाने से पूर्व उनके शरीर पर चौदह स्थानों पर विभिन्न प्रकार की यातनाएं दी गयी थी। जिसमें प्रमुख और अमानवीय यातनाएं दसवें और ग्यारहवें स्थान पर उनका कपड़ा उतारा जाता है। 12वें स्थान पर उन्हें क्रूस पर चढ़ा दिया जाता है। 13वें स्थान पर प्रभु यीशु को क्रूस से उतारा जाता है और 14वें स्थान पर उन्हें कब्र पर रखा जाता है। फादर ने बताया कि मृत्यु के तीन दिन बाद यानी प्रभु यीशु पुनः जीवित हो गये थे। जिसकी खुशी में ईस्टर पर्व मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु ने अपनी जान देकर भी मानव जाति की रक्षा की थी। तभी मानव जाति स्वतंत्र, आजाद व जीवित है। इसी खुशी में हम गुड फ्राइडे मनाते है। इसके बाद प्रभु यीशु के अनुयायियों ने मिस्सा पूजा का आयोजन किया।

## वित्त मंत्री से मिला अखिल भारतीय अनुसूचित जाति उत्थान परिषद का प्रतिनिधिमंडल



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति उत्थान परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मुलाकात किया। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति उत्थान परिषद तत्वावधान में 27 अप्रैल को होने वाले भव्य शोभा यात्रा सह नगर भ्रमण में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का निमंत्रण दिया। यह भव्य शोभा यात्रा जिला मैदान सिदो-कानू से पैदल भ्रमण करते हुए चट्टी बाजार, झंडा चौक होते हुए थाना चौक स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचकर समापन होगा। अंबेडकर पार्क में झारखंडी कलाकरों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। जिसमें अनुसूचित जाति समाज और विभिन्न समाज के हजारों लोग शामिल होंगे। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से अखिल भारतीय अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के जिलाध्यक्ष मनोज राम, संरक्षक मनोज प्रसाद, मुकेश नायक, रोहित रंजन पासवान, अजय पासवान, जिला महासचिव संतोष नायक, जिला सचिव उत्तम पासवान, नगर अध्यक्ष अविनाश राम, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप रविदास, मधु राम, सुनील नायक, सागर पासवान आदि शामिल थे।

## अखिल झारखंड श्रमिक संघ और पुंदाग टोल प्लाजा के बीच हुई सफल वार्ता



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** पुंदाग टोल प्लाजा के कार्यालय में शुक्रवार को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के उपस्थिति में टोल प्लाजा परियोजना प्रबंधक और अखिल झारखंड श्रमिक संघ के बीच विभिन्न मांगों को लेकर बैठक हुई। इस दौरान बैठक में सहमती बनी। जिसमें मुख्य मांगे शामिल है। वार्षिक वेतन वृद्धी 8 से बढ़कर 10 प्रतिशत की, अधिलाभांश बोनस 8 .33 से बढ़ा कर 10 प्रतिशत, वार्षिक उत्सव अवकाश प्रदान, जिसमें 5 राष्टीय अवकाश व 2 राजकीय अवकाश की, नियुक्ति में एक कर्मचारी को बर्खास्त किया गया था तो उन्हें पुन: नियुक्त किया गया। बैठक के उपरांत झारखंड श्रमिक संघ ने सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को धन्यावाद दिया।

## विहिप का धरना आज



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं के उपर हो रहे लगातार हमले के विरुद्ध में विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ जिला के तत्वावधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ जिला मंत्री छोटू वर्मा ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की सुरक्षा, ममता सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को लेकर 19 अप्रैल को विश्व हिंदू परिषद द्वारा झारखंड के सभी जिला केन्द्रों में धरना- प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इसी निमित्त रामगढ़ में भी शनिवार को एक दिवसीय धरना- प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। शहर के सुभाष चौक स्थित विंदेश्वरी मंदिर के निकट में विहिप के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जायेगा। धरना प्रदर्शन सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा, धरना प्रदर्शन के दौरान विहिप के पदाधिकारियों के द्वारा बंगाल में हिन्दुओं की रक्षा की मांग, हिन्दूओं पर हमला करने वाले जिहादियों को चिन्हित कर कारवाई की मांग और बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार को बर्खास्त कर त्वरित राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम रामगढ़ उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जायेगा। उन्होंने धरना प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद के सभी आयामों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता, साधु संत, सामाजिक कार्यकर्ता, सभी सनातनी हिन्दुओं को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

## लिटिल किड्स प्ले स्कूल का हुआ उद्घाटन

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़-गोमिया मार्ग पर स्थित न्यू मा काली मंदिर समीप शुक्रवार को लिटिल किड्स प्लेय स्कूल का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के पश्चात मुख्य अतिथि बिरेन्द्र कुमार उपाध्याय के द्वारा विधिवत तरीके से पूजा-अर्चना कर किया गया। इस मौके पर प्रखंड में शिक्षा का अलख जगाने वाले बिरेन्द्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि आज से तीस साल पहले प्रखंड में बच्चों के शिक्षा के लिए विद्या मंदिर कम हुआ करते थे, जिसके अभाव में लोग शिक्षित ना के बराबर हो पाते थे, अब प्रखंड में लगभग जगहों पर विद्या मंदिर मिलेंगे, साथ ही अच्छे आधुनिक सुविधाएं आज उपलब्ध है।

**AFFIDAVIT**



As per Affidavit No. 188 dated: 17/04/2025 I, **PARAS KUMAR HAZAM**, S/o- Dhaneshwar Thakur, Resident of Near B.S.N.L Tower, H.No.-36, P.O.- Bukru, Ranchi, Jharkhand-834006. do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am a permanent resident of the above address and I am an Indian citizen.
2. That **'PRIYANSHU SHARMA'** is my son.
3. That My Son's Name **PRIYANSHU SHARMA** is true and correct which is printed in his Birth Certificate. (Registration No.- **JHBC/2019/36502**)
4.So, for Some Reason my Son's Name Becomes **PINTU SHARMA** in his Aadhar Card. (Aadhar Card No: **5395 4108 4261**)
5. Both **PRIYANSHU SHARMA** and **PINTU SHARMA** are the same person.
6.All the above things are true and correct to my knowledge, if found to be wrong, I will be solely responsible for it.
Sworn and signed this affidavit on 17.04.2025.

**AFFIDAVIT**



As per Affidavit no. 187 dated: 17/04/2025 I, **PARAS KUMAR HAZAM**, S/o- Dhaneshwar Thakur, Resident of Near B.S.N.L Tower, H.No.- 36, P.O.- Bukru, Ranchi, Jharkhand-834006. do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am a permanent resident of the above address and I am an Indian citizen.
2.That **'PIHU SHARMA'** is my Daughter.
3.That My Daughter's Name PIHU SHARMA is true and correct which is printed in his Birth Certificate. (Registration No.- **JHBC/2019/36494**)
4. So, for Some Reason my Daughter's Name Becomes **PIYASU SHARMA** in her Aadhar Card. (Aadhar Card No.: **8894 9537 3081**)
5.Both **PIHU SHARMA** and **PIYASU SHARMA** are the same person.
6. All the above things are true and correct to my knowledge, if found to be wrong, I will be solely responsible for it.
sworn and signed this affidavit on 17.04.2025.

# अपनी है उर्दू

सुप्रीम कोर्ट का उर्दू से जुड़े मामले में दिया गया फैसला बताता है कि भारत जैसे देश के लिए भाषाई विविधता कितनी जरूरी है। भाषा को किसी धर्म, संप्रदाय से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। यह तो पुल की तरह है, जो लोगों को जोड़ने का काम करती है। उम्मीद है कि टिप्पणियों के रूप में आयी शीर्ष अदालत की नसीहत भाषाई विवाद खड़ा करने वालों को कुछ सीख देगी।

**प्रभावी संवाद :** यह मामला महाराष्ट्र से जुड़ा हुआ था। वहां बॉम्बे हाइकोर्ट ने अकोला के पाटूर नगर परिषद की नयी इमारत के साइनबोर्ड पर मराठी के साथ उर्दू के इस्तेमाल की अनुमति दी थी। सुप्रीम कोर्ट इसी फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। अदालत ने माना कि उर्दू के प्रयोग का उद्देश्य केवल प्रभावी संवाद है।

**बोलचाल की भाषा :** भारत में आबादी की तरह भाषाएं भी मिली-जुली हैं। एक भाषा के शब्द दूसरी भाषा में कब चले जाते हैं, बोलने वाले को भी पता नहीं चलता। और उर्दू तो खासतौर पर बहन कही जाती है हिंदी की। इसके बिना रोजमर्रा की बोलचाल भी नहीं हो सकती। यूपी, बिहार जैसे हिंदीभाषी राज्यों को छोड़ दिया जाये, तो कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना जैसे दक्षिण के राज्यों में भी उर्दू बोलने वालों की अच्छी-खासी तादाद है। जिस महाराष्ट्र में यह विवाद हुआ, वहां स्थापित फिल्म इंडस्ट्री उर्दू के लफ्जों के बिना एक कदम भी नहीं चल पायेगी।

**भारत में आबादी की तरह भाषाएं भी मिली-जुली हैं। एक भाषा के शब्द दूसरी भाषा में कब चले जाते हैं, बोलने वाले को भी पता नहीं चलता। और उर्दू तो खासतौर पर बहन कही जाती है हिंदी की। इसके बिना रोजमर्रा की बोलचाल भी नहीं हो सकती।**

**भारत की जुबान :** उर्दू से जुड़ा विवाद उस मानसिकता की देन है, जिसके हिसाब से यह भाषा भारत की नहीं है। यह धारणा बना ली गयी है कि जिस तरह धर्म के आधार पर देश का बंटवारा हुआ और उसके परिणाम में मानव इतिहास का सबसे बड़ा विस्थापन देखना पड़ा, उसी तरह उर्दू को भी भारत से विस्थापित हो जाना चाहिए। हालांकि भाषाएं अपना देश नहीं छोड़ा करतीं और उर्दू तो भारत की ही है, जैसे संस्कृत, हिंदी या फिर बांग्ला। इन भाषाओं ने अपने शब्दों, साहित्य से दूसरी भारतीय भाषाओं को और समृद्ध ही किया है। उर्दू का अदब और रेशमी सलीका भारतीय संस्कृति का हिस्सा है, जिसे कोई नकार नहीं सकता।


**भाषा पर राजनीति :** बहुभाषी देश में भाषाओं को लेकर विवाद कोई नयी बात नहीं है। दक्षिण भारत में हिंदी को लेकर प्रतिरोध बहुत पुराना है। हाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की वजह से यह मामला फिर उछला था। तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार उन पर हिंदी थोपने की कोशिश कर रही है। इस तरह के विवादों में आम लोगों की संवेदनाएं, पुरानी धारणाएं और राजनीति प्रमुख भूमिका निभाती हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के अनुसार यह समझने की जरूरत है कि भाषा धर्म नहीं है... यह एक समुदाय, क्षेत्र और लोगों की होती है, धर्म की नहीं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**जहां तक हमारे देश का संबंध है, इस बात पर ङ्कूषचतन और मनन करना जरूरी हो जाता है कि जो देश हमसे 2 वर्ष बाद सन 1949 में स्वतंत्र हुआ, वह आज हमसे बहुत आगे निकल गया तो कुछ तो इसके कारण होंगे। वर्तमान समय में यह तुलना आवश्यक ही नहीं आर्थिक विकास की नीतियों पर दोबारा सोचने के लिए भी महत्वपूर्ण है। चीन में भी राजशाही थी और भारत में भी राजे रजवाड़े, नवाब और शहंशाह हुकूमत करते थे। हमारी नीतियां कम्युनिस्ट चीन से कोई मेल नहीं खातीं, जिसने अपने आपको एक ऐसे पर्दे में कैद कर लिया था, जिसे भेदना आसान नहीं था, जबकि हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते रहे हैं।**

# व्यापार युद्ध : भारत के लिए अवसर और चुनौतियां

**पूरन चंद सरीन**




व्यापार युद्ध क्या है, इसका उदाहरण अमेरिका द्वारा दुनिया के उन देशों पर जिनके साथ उसके व्यापारिक संबंध हैं, अपने बनाये टैरिफ को लागू करना है। यह कदम उन देशों, विशेष कर चीन जो एक महाशक्ति बन चुका है और वे जो उसे चुनौती दे सकते हैं, पर लगाम लगाने की कोशिश करना है। इसे ब्लैकमेल करना भी कह सकते हैं। जो उस पर निर्भर हैं वह सोच सकते हैं कि अमरीका उनकी बनायी चीजों का सबसे बड़ा खरीदार है, इसलिए उसकी बात नहीं मानना खतरे को न्योता देना है।

यह उसकी दरियादिली नहीं कि 3 सप्ताह तक चीन के अतिरिक्त बाकी देशों में टैरिफ लागू नहीं होंगे, बल्कि इस बात का संकेत है कि यह व्यक्ति योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहा है। भारत को केवल अमेरिका के संदर्भ से हट कर चीन के नजरिए से भी सोचना होगा, क्योंकि वह महाशक्ति बन चुका है।

**भारत के लिए चुनौती :** जहां तक हमारे देश का संबंध है, इस बात पर ङ्कूषचतन और मनन करना जरूरी हो जाता है कि जो देश हमसे 2 वर्ष बाद सन 1949 में स्वतंत्र हुआ, वह आज हमसे बहुत आगे निकल गया तो कुछ तो इसके कारण होंगे। वर्तमान समय में यह तुलना आवश्यक ही नहीं आर्थिक विकास की नीतियों पर दोबारा सोचने के लिए भी महत्वपूर्ण है। चीन में भी राजशाही थी और भारत में भी राजे रजवाड़े, नवाब और शहंशाह हुकूमत करते थे। हमारी नीतियां कम्युनिस्ट चीन से कोई मेल नहीं खातीं, जिसने अपने आपको एक ऐसे पर्दे में कैद कर लिया था, जिसे भेदना आसान नहीं था, जबकि हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते रहे हैं।

**चीन में स्त्री और पुरुष दोनों को काम करना पड़ता है और वह भी सरकार जिस तरह चाहे।**

**भारत और चीन :** चीन न अपने यहां किसी को बुलाता है और न ही वहां बसने के लिए प्रेरित करता है। आज भी नौकरी या व्यापार के लिए चीन बेशक जाना पड़ जाये, लेकिन जो लोग वहां गये हैं, वे चीन के विकास की ऊंचाइयों तक पहुंचने की बात तो करते हैं, लेकिन उनके यहां के नियमों और पाबंदियों का हर किसी के लिए पालन करना मुश्किल है, इसलिए वहां बसने की बात नहीं सोची जा सकती। चीन और भारत, आबादी तथा प्राकृतिक संसाधनों और खनिज संपदा में काफी मालामाल हैं। सन 1978 के बाद चीन की अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आया। उनके नेताओं की चीन प्रथम की सोच थी जैसे अब ट्रंप अमेरिका प्रथम और हम भारत प्रथम कहते हैं। इसके लिए यह सोच बदलनी होगी कि किसी भी तरह विदेश जाओ और वहां से पैसे कमा कर भारत भेजो और कभी घूमने या अपनी जन्मभूमि की सैर करने का मन करे तो आ जाओ।

अपने बच्चों को दिखाओ कि हम किस देश से आए हैं, जो उन्हें कभी अपना नहीं लगता और जल्दी से जल्दी यहां से चले जाना चाहते हैं। चीन के विकास की गति पकड़ने का कारण है कि सरकार के नियमों के अनुसार जहां जिसे रहने के लिए कहा जाये, कोई कारखाना लगाने या कारोबार करने के लिए कहा जाये, वह मना नहीं कर सकता। इसके लिए कैसी भी रुकावट पैदा करना देशद्रोह की तरह है। समय सीमा में कोई भी प्रोजेक्ट पूरा करना अनिवार्य है, बल्कि ऐसे उदाहरण हैं कि तय समय से पहले ही वे पूरे हो गये, यदि किसी बात का विरोध भी करना है तो उसका जवाब चक्का जाम नहीं, बल्कि अधिक उत्पादन कर के देना है। हमारे देश में समस्या है कि कोई प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद उसके पूरे होने के समय की कोई गारंटी नहीं कि कब पूरा होगा।

चीन में स्त्री और पुरुष दोनों को काम करना पड़ता है और वह भी सरकार जिस तरह चाहे। कोई निठल्ला नहीं बैठ सकता। मानव संसाधन का भरपूर उपयोग कर अधिक उत्पादन करना और वेतन भी वही जो निश्चित है। चीनियों ने मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में सभी की जरूरत का ध्यान रखते हुए अपने उत्पाद तैयार किए, जैसी जिसकी जरूरत वैसे उसके दाम की नीति अपना कर उसने निश्चित कर लिया कि ग्राहक कोई भी हो, उसके यहां से बिना खरीदे नहीं जायेगा। प्रत्येक उत्पाद में कोई न कोई चीनी पुर्जा लगता है। अमेरिका की दुविधा है कि उसके यहां जो सामान बनता है, उसमें एक न एक चीनी पुर्जे के इस्तेमाल की जरूरत होती है। चीन भी इसीलिए उससे डर नहीं रहा और वह जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

इस व्यापार युद्ध में इन दोनों देशों का जो होना होगा, वो तो होगा ही लेकिन इसका असर दूसरे देशों पर पड़ेगा, यह निश्चित है। भू-मंडलीकरण के दौर में कोई भी अलग रह कर व्यापार नहीं कर सकता, उसे किसी से कुछ खरीदना या किसी को कुछ बेचना ही है। चीन और अमेरिका के आपसी व्यापारिक संबंधों का असर दूसरे देशों पर भी पड़ता है। वे एक-दूसरे का सामान महंगा करते हैं, तो बाकी देश भी प्रभावित होते हैं। यह टैरिफ का मुद्दा नहीं विश्व व्यापार का है। जहां तक फ्री ट्रेड यानी मुक्त व्यापार का सवाल है, तो वही देश कर सकते हैं जो बराबरी कर सकें।

भारत के लिए यह एक चेतावनी है कि अगर हमने अपनी व्यापारिक नीतियों में सुधार नहीं किया, तो उसका असर अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। सरकार की नीति है कि हमारी बनायी वस्तु हमें महंगी मिले और उसका निर्यात हो तो वह विदेश में सस्ती मिले। इसे बदलकर नये सिरे से किसी भी वस्तु के मूल्य तय करने की नीति बनानी होगी ताकि व्यापार संतुलन बनाये रखा जा सके। आत्मनिर्भर भारत की कल्पना यही है कि सबसे पहले देशवासियों की आवश्यकताएं पूरी हों।

अधिकतम खुदरा कीमत के नाम पर बहुत ज्यादा बढ़ी हुई रकम का लेबल लगाया जाता है और मोलभाव करने पर कम दाम पर सौदा हो जाता है। यह गोरखधंधा है और देशवासी सिवाय यह कहने के कि बहुत महंगाई है, कुछ नहीं कर सकते।

## कोल्हान की खबरें

# पोटका विस क्षेत्र में 12.95 करोड़ की लागत से नौ सड़कों का होगा सुदृढ़ीकरण, ग्रामीणों ने जताया आभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** विधायक संजीव सरदार ने पोटका प्रखंड में बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। शुक्रवार को विधायक ने पोटका विधानसभा क्षेत्र में 12.95 करोड़ की लागत से बनने वाले 9 जर्जर सड़कों का सुदृढ़ीकरण के लिए भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक संजीव सरदार ने कहा पोटका विधानसभा क्षेत्र की जनता को बेहतर सड़क सुविधा देना पहली प्राथमिकता है।श्री सरदार ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस बाबत व्यक्तिगत रूप से अनुशंसा की थी। जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया और परियोजना के लिए स्वीकृति प्रदान की। विधायक श्री सरदार ने बताया अगले दो वर्षों में 12 चरणों में 250 सड़कों का कायाकल्प किया जायेगा। उन्होंने कहा कई सड़कें बीते 10 वर्षों से जर्जर थीं। जिनके पुनर्निर्माण की मांग लंबे समय से ग्रामीण कर रहे थे। ग्रामीणों की मांग पर दिगारसाई से आरडब्लूडी रोड, हेंसल आमदात टोला चौक बर्गीकोचा, देवली चौक से दिगारसाई, जामदा से कांटाशोला मेन रोड, कांटाशोला मेन रोड से नारायणपुर, मेजोगोड़ा से फूलझरी, हरिणा से भागाबेड़ा गांव, भालकी से हरिणा मेन रोड, उपरडीहा चांदनी चौक से जानमडीह चौक तक जर्जर सड़को जा निर्माण किया जायेगा। सभी सड़को के कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जायेगा। ताकि क्षेत्र की तस्वीर बदल सके। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि जनता ने जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। पोटका को विकास के पथ पर अग्रसर करना ही मेरा संकल्प है। भूमि पूजन के दौरान पूर्व पार्षद हीरामणी मुर्मू, रजनी षाडंगी, मुखिया सरस्वती मुर्मू, अर्धेंदु सरदार, कालीपद सरदार, असीम सरदार, पंसस रघुनाथ सरदार, पूर्व मुखिया प्रतिमा सरदार, ग्राम प्रधान मुचीराम मुर्मू, सुधीर सोरेन, हितेश भकत, बापीऋ्ओ भट्टमिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## अनुसूचित जाति/ जनजाति के अधिकारों की रक्षा में मिली बड़ी सफलता

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** दक्षिण पूर्व रेलवे के अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/ जनजाति रेलवे कर्मचारी संघ द्वारा की गयी पहल और लंबे समय से किये गये संघर्ष के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। शुक्रवार को यूनियन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर खुशी जाहिर की। यूनियन के अनुसार बिहार राज्य से आने वाले ताती/ तत्वा जाति के कर्मचारी पूर्व में बिहार सरकार की अत्यंत पिछड़ी जातियों की सूची में थे। उन्हें बिहार सरकार द्वारा संकल्प संख्या 9532 के तहत अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल किया गया था। इसके उपरांत इन कर्मचारियों ने अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनवाकर रेलवे सहित विभिन्न सरकारी सेवाओं में लाभ लेना प्रारंभ किया। इसी प्रकार बिहार राज्य की लोहार जाति जो मूलतः अन्य पिछड़ा वर्ग में आते, अस्थायी रूप से अनुसूचित जनजाति श्रेणी में लाभ मिला।

# देवनगर गांधी आश्रम में पानी का पाइप फटने से कई घर क्षतिग्रस्त

**विधायक पूर्णिमा साहू ने राहत और पुनर्वास की उठायी मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बाराद्वारी देव नगर स्थित गांधी आश्रम में शुक्रवार को टाटा स्टील यूआईएसएल की सप्लाई पाइप अचानक फट गयी। जिससे पानी रिहायशी इलाके में घुस गया। घटना में कई कच्चे मकानों की छतें टूट गयी। घरेलू सामान और राशन नष्ट हो गए। पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर टाटा स्टील यूआइएसएल प्रबंधन और जिला प्रशासन से संपर्क साधा गया। सूचना मिलने पर कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त पाइप की मरम्मत का कार्य तुरंत शुरू किया। सूचना मिलने पर विधायक पूर्णिमा साहू ने मामले को त्वरित संज्ञान लिया और भाजपा नेता पवन अग्रवाल, रंजीत सिंह एवं अन्य ने गांधी आश्रम का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। मौके पर मौजूद टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारियों से बातचीत कर प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने, घरों की मरम्मत कराने और उचित क्षतिपूर्ति देने की मांग की। विधायक पूर्णिमा साहू ने जिला प्रशासन और टाटा स्टील यूआइएसएल प्रबंधन से पूरे मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत सामग्री, मुआवजा और पुनर्वास सहायता प्रदान करने की अपील की।

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यकारिणी की बैठक में अध्यक्ष के चयन लेकर लिया गया निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यकारिणी की बैठक यूनियन सभागार में शुक्रवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। श्रम विभाग द्वारा कार्यकारिणी के रजिस्टर बी में नामांकन की औपचारिकता पूरी होने के बाद कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता आयोजित बैठक में यूनियन की सांगठनिक मजबूती पर नयी दिशा मिली। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये, जिनमें फाउंड्री डिवीजन में रिक्त कमेटी मेंबर की एक सीट पर चुनाव कराए जाने का निर्णय प्रमुख रहा। इसके लिए एक चुनाव समिति का गठन किया गया है जो संविधान सम्मत प्रक्रिया के तहत चुनाव करायेगी। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया निकट भविष्य में कार्यकारिणी से ही यूनियन अध्यक्ष का चयन किया जायेगा। सभी सदस्यों ने इस पर सहमति जतायी और पारदर्शिता के साथ निर्णय लेने की प्रतिबद्धता दोहरायी। यूनियन के महामंत्री आरके सिंह के नेतृत्व में कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने पूर्ण विश्वास और समर्थन जताया। यूनियन के सलाहकार प्रवीण सिंह ने रजिस्टर बी में नाम दर्ज होने की महत्ता और संगठन की एकता पर बल दिया। मौके पर संगठनात्मक एकजुटता, भविष्य की योजनाओं और कर्मचारी हितों को सर्वोपरि रखने के संकल्प पर चर्चा की गयी।

# महिला स्वावलंबन पर केंद्रित रही 'अस्तित्व' की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** वर्मामाइंस में सामाजिक संस्था 'अस्तित्व' का क्षेत्र स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। शुक्रवार को जिला अध्यक्ष अन्नू चौबे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और महिला स्वावलंबन पर विस्तार से चर्चा की गयी। मौके पर महिलाओं को लघु और कुटीर उद्योग के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल की गयी। ताकि महिलाएं परिवार और घरेलू जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए स्वरोजगार से जुड़ सके। साथ ही छोटे स्तर पर व्यापार शुरू कर घर की आमदनी में सहयोग कर सके। मौके पर उपस्थित महिलाओं को ग्रुप बनाकर सामूहिक प्रयास से छोटे-छोटे उद्योग स्थापित करने की जानकारी दी गयी। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे लिया जा सकता है इस पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। इस अवसर पर ब्लॉक स्तर के सरकारी अधिकारी दयाल बनर्जी ने उपस्थित महिलाओं को सरकारी लोन योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्था की संस्थापक सदस्य और सचिव मीरा तिवारी ने महिलाओं को स्वावलंबन के लिए प्रेरित करते हुए कहा एक महिला दिन भर घर के कामकाज के बाद भी समय निकाल सकती है।

## बहरागोड़ा के शिशु अनंतेश्वर धाम को मिलेगा पर्यटन स्थल का दर्जा, विधायक ने किया निरीक्षण



**बहरागोड़ा (आजाद सिपाही)।** ईचड़ाशौल गांव स्थित ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थल शिशु अनंतेश्वर धाम 'जिसे डुंगरीबाबा, पाहाड़ीबाबा, मारोगबुरु और बलिआ शिवबाबा के नाम से भी जाना जाता है' को अब पर्यटन के नक्शे पर लाने की दिशा में ठोस पहल शुरू हो गयी है। शुक्रवार को बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार महंती ने इस पावन धाम का निरीक्षण किया और इसे एक आध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की संभावनाओं का गहन मूल्यांकन किया। इस पावन स्थल की नींव पद्मश्री सम्मानित बाबा बलिआ जी महाराज की प्रेरणा से रखी गयी थी। वे इस क्षेत्र के आध्यात्मिक जागरण के एक प्रमुख स्तंभ रहे हैं। बाबा बलिआ जी की देखरेख में इस धाम ने न केवल धार्मिक महत्व हासिल किया है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का भी प्रतीक बना है। धाम की स्थापना के पीछे बिनायक बेरा का विशेष योगदान रहा है, जिन्होंने एक जनआंदोलन के रूप में इस स्थल के पुनरुद्धार का कार्य प्रारंभ किया।

## एसडीओ ने बालू उत्खनन की दृष्टि से संवेदनशील इलाकों का किया औचक दौरा

डंडई (आजाद सिपाही)। अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने मीडिया में आयी रिपोर्ट पर संज्ञान लेकर डंडई तथा मेराल क्षेत्र के बालू उत्खनन संबंधी संवेदनशील इलाकों का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने बालू घाटों के अलावा अवैध रूप से उत्खनन वाले संभावित इलाकों का दौरा कर न केवल महत्वपूर्ण स्थानीय जानकारियां जुटायीं बल्कि इन जानकारियों के आलोक में संबंधित अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने भ्रमण के क्रम में कई जगह बड़ी मात्रा में डंपिंग की हुई बालू के ढेर देखे, इस संबंध में जिला खाना पदाधिकारी को सूचित करते हुए निर्देश दिया गया कि वे ऐसे अवैध डंपिंग स्थलों की बालू की जांच कर सीओ और थाना प्रभारी से समन्वय बनाकर जब्त करें। उन्होंने कहा कि उपायुक्त शेखर जमुआर के नेतृत्व में जिला खनन टास्क फोर्स नियमित रूप से अवैध खनन के मामलों पर निगरानी रखे हुए है, इसलिए अवैध खनन की शिकायतें प्राप्त होने पर लगातार त्वरित कार्रवाइयां की जा रही हैं। उसी क्रम में शिकायतें मिलने पर शुक्रवार को उन्होंने सरस्वतिया, दानरो व यूरिया नदी के तटीय क्षेत्रों का दौरा किया।

# एसडीएम की औचक जांच में डीलर के कम राशन देने की पुष्टि, होगी कार्रवाई

**मुद्रित दर से अधिक कीमत पर शराब बेचते पाये गये सेल्स कर्मी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी ने मेराल प्रखंड के चरका पत्थर पूर्वी के राशन डीलर संजय प्रसाद गुप्ता की राशन दुकान की औचक जांच की। जांच के दौरान राशन वितरण का कार्य किया जा रहा था। जब राशन ले चुके लोगों के थैलों व बोरियों को तौलवाया गया तो 35 की जगह 33 किलो वजन पाया गया। लाभुकों ने बताया कि उन्हें हर बार 35 के स्थान पर 33 किलो ही दिया जाता है, किंतु डर के चलते वे कहीं नहीं बोलते हैं। जब इस पर राशन डीलर संजय प्रसाद गुप्ता से पूछा गया, तो उन्होंने भी स्वीकार किया कि हां वे एक दो किलो इसलिए कम देते हैं क्योंकि उनको गोदाम से ही कम वजन का बोरा मिलता है, किंतु राशन डीलर की उक्त बात मौके पर ही झूठी साबित हो गयी, जब गोदाम से मिले बोरों को वहीं तौलवाया गया तो 50 किलो के बोरे का वजन लगभग 50.5 किलो (बोरा सहित) पाया गया। इस घटतोली के मामले को एसडीएम ने गंभीरता से लेते हुए राशन डीलर को फटकार लगायी कि गरीबों के निवाला में सेंध लगाने का मामला क्षमा की परिधि से बाहर है, यह न केवल अनैतिक है बल्कि आपराधिक मामला है। संजय कुमार ने बताया कि डीलर के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु अनुशंसा की जा रही है।

**सरकारी शराब दुकान में मुद्रित दर से अधिक कीमत पर भड़के एसडीओ :** लगातार मिल रही शिकायतों के आलोक में शुक्रवार को संजय कुमार ने मेराल स्थित एक सरकारी शराब दुकान का गोपनीय तरीके से निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान देखा कि दुकान के कर्मी ग्राहकों से बोतल पर मुद्रित दर से 10-20 रुपये अधिक ले रहे हैं, उन्होंने खड़े होकर कर्मियों और ग्राहकों के बीच इस अतिरिक्त शुल्क को लेकर नोक-झोंक और गहमा-गहमी भी सुनी। तत्पश्चात उन्होंने दुकान कर्मियों को अपना परिचय देते हुए उनसे पूछा कि वे अतिरिक्त चार्ज क्यों ले रहे हैं और यह अतिरिक्त राशि कहां जाती है। शराब दुकान पर मौजूद कर्मी पवन कुमार, कृष्ण मुरारी दुबे और छोटू गुप्ता ने बताया कि वे केएस प्लेसमेंट कंपनी की ओर से कार्यरत हैं तथा उक्त राशि वे अपना खर्च निकालने के लिए वसूलते हैं, इस पर उन्हें सख्त हिदायत दी गयी कि उनकी इस करतूत से सरकार का नाम खराब होता है, क्योंकि यह दुकान सरकारी दुकान है। इसलिए भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति नहीं करेंगे। साथ ही संजय कुमार ने कहा कि वे इस औचक जांच का लिखित प्रतिवेदन दोषियों पर कार्रवाई की अनुशंसा के साथ उपायक्त और अन्य विभागीय पदाधिकारियों को भी दे रहे हैं।

एसडीओ ने बताया कि उक्त सरकारी शराब दुकान के बाहर शराब दुकान से संबंधित न कोई बैनर या बोर्ड दिखा और न ही कोई मूल्य तालिका मिली।

# बीडीएसयू को विधि पाठ्यक्रम की पढ़ाई की मान्यता प्रदान की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय को भारतीय विधिज्ञ परिषद्, नयी दिल्ली (बार काउंसिल आफ इंडिया) द्वारा सत्र 25- 26 से विधिक (लॉ) पाठ्यक्रम की पढ़ाई हेतु मान्यता प्रदान की गयी।

गढ़वा जिले के लिए हर्ष की बात है कि भारतीय विधिज्ञ परिषद्, नयी दिल्ली (बार काउंसिल आफ इंडिया) द्वारा सत्र 2025-26 से तीन वर्षीय एलएलबी डिग्री कोर्स, पंचवर्षीय बीए, एलएलबी (ऑनर्स) इंटीग्रेटेड तथा पंचवर्षीय बीबीए, एलएलबी (ऑनर्स) इंटीग्रेटेड पाठयकर्मो को प्रारंभ करने की मान्यता प्रदान की गयी है। भारतीय विधिज्ञ परिषद्, नयी दिल्ली ने 3 वर्षीय एलएलबी डिग्री कोर्स हेतु 120 सीटों का आवंटन किया। वहीं पंचवर्षीय बीए, एलएलबी (ऑनर्स) इंटीग्रेटेड तथा पंचवर्षीय बीबीए, एलएलबी (ऑनर्स) इंटीग्रेटेड पाठयकर्मों के लिए 60-60 सीट प्रतिवर्ष का आवंटन किया है। यह अनुमति बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के द्वारा भारतीय विधिक परिषद नयी दिल्ली को आवेदित एवं भारतीय विधिक परिषद नयी दिल्ली द्वारा निरीक्षण के उपरांत प्रदान की गयी है। साथ ही साथ बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के विधि विभाग को भी उपरोक्त कोर्स के संचालन हेतु मान्यता प्रदान की गयी है। बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा जिला के नौजवान छात्र - छात्राओं के उज्जवल भविष्य और उनके आवश्यकता अनुसार यह विधिक पाठ्यक्रमों का संचालन सत्र 2025-26 से प्रारंभ कर रही है। बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त वर्गो के छात्र - छात्राओं के नामांकन में उन्हें विशेष छात्रवृत्ति प्रदान करेगी, जिससे कि वह कानून की पढ़ाई कर स्वरोजगार प्राप्त कर सके।

बाबु दिनेश सिंह विवि के कुलपति डॉ (प्रो) एमके सिंह ने बार काउंसिल आफ इंडिया से उपरोक्त पाठ्यक्रम की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत प्रेस विज्ञप्ति जारी किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, विधि विभाग के प्राचार्य नवनियुक्त शिक्षकों तथा इस कार्य में लगे ट्रस्ट और विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों को बधाई एवं धन्यवाद दिया।

# वनांचल ग्रामीण बैंक की कांडी शाखा में बिजली कनेक्शन नहीं होने के कारण गर्मी से लोग परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित वनांचल ग्रामीण बैंक की कांडी शाखा इन दिनों भीषण गर्मी में ग्राहकों और कर्मियों दोनों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। बैंक परिसर में पिछले 10 वर्षों से बिजली कनेक्शन नहीं होने के कारण यहां पंखा तक नहीं चल पाता, जिससे अंदर का माहौल बेहद गर्म और असहज हो जाता है। बैंक में प्रतिदिन सैकड़ों खाताधारक अपने विभिन्न कार्यों के लिए आते हैं। भीड़ अधिक होने से गर्मी और भी बढ़ जाती है, लेकिन पंखे और ठंडी हवा की व्यवस्था न होने से लोगों को पसीने से तरबतर होकर घंटों इंतजार करना पड़ता है। विशेष रूप से बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चे इस स्थिति में अधिक परेशानी महसूस करते हैं, कई बार उन्हें घुटन जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है। **शाखा प्रबंधक प्रेम वर्धन ने बताया कि** बैंक का संचालन पूरी तरह सोलर पैनल के सहारे किया जा रहा है, लेकिन उसकी क्षमता सीमित है और वह सिर्फ आवश्यक कंप्यूटर व कार्यालय कार्यों तक ही सीमित है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में रीजनल ऑफिस को कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। प्रबंधक ने आगे कहा कि हम कर्मी किसी तरह इस गर्मी को सहन कर लेते हैं, लेकिन हमारे ग्राहकों को जो कठिनाइयां होती हैं, वह वाकई चिंताजनक और दुखद है। उम्मीद है कि जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाया जायेगा। बैंक के खाता धारकों ने भी जिला प्रशासन और बैंक प्रबंधन से मांग की है कि शीघ्र ही कांडी शाखा में बिजली कनेक्शन की व्यवस्था की जाये, ताकि आम जनता को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

# एसडीओ ने दो डीजे वाहन को किया सील

**बारात में प्रतिबंधित डीजे न बजायें, हो जायेंगे जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मेराल तथा गढ़वा प्रखंड में क्रमशः दो डीजे वाहनों को पकड़ा। डंडई मेराल मार्ग पर हरदाग मोड़ के पास उन्होंने एक डीजे वाहन को बजते देखा तो रोक कर पूछने पर पता चला कि पेशका में किसी बारात में शामिल होने के लिए जा रहा है। जब डीजे मालिक से डीजे प्रतिबंध की बात बतायी गयी तब डीजे संचालक ने कुतर्क दिया कि आजकल हर बारात में बज रहा है तो मैं क्यूं नहीं बजाऊं। इस पर एसडीओ ने डीजे संचालक को न्यायिक आदेश के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही उसके डीजे को उतरवाकर उसी की दुकान में ले जाकर सील करवा दिया। तदुपरांत भविष्य में प्रतिबंधित डीजे नहीं बजाने के संदर्भ में यह लिखित अंडरटेकेन लेकर संचालक को ही चाबी सौंप दी, कि बिना उनकी लिखित परमिशन उक्त ताला नहीं खोलेंगे। इसी प्रकार गढ़वा प्रखंड के झलुआ के निकट एक डीजे वाहन से डीजे सेट उतरवाकर डीजे संचालक के इस लिखित जिम्मेनामा में उसकी ही दुकान में सील करवा दिये गये कि वे भविष्य में प्रतिबंधित खतरनाक डीजे का उपयोग नहीं करेंगे। डीजे संचालक ने बताया कि उक्त डीजे कल्याणपुर में किसी विनोद गुरुजी के यहां बारात में बजाने के लिए जा रहा था। दोनों संचालकों को स्पष्ट कर दिया गया कि यदि पुनरावृत्ति हुई तो उन पर प्राथमिक की दर्ज करने के साथ-साथ वाहन भी जब्त कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया जायेगा।

संजय कुमार ने कहा कि आश्चर्य है कि डीजे प्रतिबंध को लेकर प्रशासनिक कड़ाई एवं इतनी जागरुकता के बावजूद भी लोग अभी भी डीजे बजाने से बाज नहीं आ रहे हैं, उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश अनुसार किसी भी रूप में प्रतिबंधित डीजे का प्रयोग वर्जित है। इसलिए बारात, जुलूस आदि में डीजे का प्रयोग न करें अन्यथा डीजे जब्त हो सकते हैं, साथ ही डीजे बुक करने वालों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

## फार्मेसी संकाय में फ्रेशर्स क्रार्यक्रम का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में नये छात्रों के स्वागत को लेकर फ्रेशर्स क्रायक्राम का आयोजन किया गया। जिसमें सिनियर छात्रों द्वारा नये प्रवेश छात्रों का स्वागत किया गया। इस दौरान कई कार्यक्रम जैसे रंगोली, नृत्य, गाना इत्यादि प्रस्तुत किये गये। पूर्व में किये गये स्पोर्टस इवेंट में विजयी छात्रों को पुरस्कार से सम्मान किया गया। मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके जज डॉ अरविंद सिंह , राकेश सिंह और रूपा तिवारी, मिस्टर फ्रेशर गौरव राज और मिस फ्रेशर रिया सिंह को चुना। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सर दिनेश प्रसाद सिंह ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में सभी संकाय के विभागाध्यक्ष अध्यापक उपस्थित रहे। फार्मेसी संकाय के प्रधानाध्यापक प्रोफेसर डॉ मनीष दुबे सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और सम्मानित किया। कार्यक्रम राहुल कुमार की देखरेख में सम्पन्न कराया। इस कार्यक्रम में नेहा दुबे, महेश सिंह, रोहित गुप्ता, शशि भूषण, अंकिता तिवारी, आनंद, अवनीश, अरुण, हिमांशु आदि संकाय सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## वार्ड सदस्या के पति की मौत, लोगों ने जताया शोक

रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड के ग्राम पंचायत भागोडीह वार्ड 8 सदस्या सरिता देवी के पति रामराज चौधरी उम्र करीब 40 वर्ष का निधन शुक्रवार को हो गया। परिजनों ने बताया कि पूर्व से रामराज चौधरी बीमार चल रहे थे। बुधवार को अचानक तबियत खराब हो जाने पर परिजनों ने सदर अस्पताल गढ़वा ले गये, जहां बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजनों ने ईलाज के लिए वाराणसी ले जाने के क्रम में निधन हो गया। रामराज चौधरी एक गरीब परिवार से थे। वे अपने पीछे एक पुत्री और दो पुत्र और पत्नी का छोड़ गये हैं। इनके निधन के बाद भागोडीह पंचायत मुखिया रीता देवी, उप मुखिया, बीडीसी कविता विश्वकर्मा सहित समाज सेवी चुन्नू सिंह, अर्जून चौधरी, राजेश्वर चौधरी, मनोज पाल, भगवान यादव, गोपाल पाल, उपेंद्र पाल, वार्ड सद्स्य माया देवी, कविता देवी, ऐनुल अंसारी सहित लोगों ने दु:ख जताते हुए परिजनों को ढाढ़स बंधाया।

# मरीजों के लिए अस्पताल में शोभा की वस्तु बनकर रह गयी है लाखों रुपये का एक्सरे मशीन : जिपस

आजाद सिपाही संवाददाता


जिपस रजनी शर्मा

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 2023 में लाखों की लागत से लगा डिजिटल एक्स-रे मशीन अब तक चालू नहीं हो पायी है। इसे लेकर भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर मशीन को शीघ्र चालू कराने की मांग की है। उनके इस पत्र को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री सचिवालय के द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव को मामले में समुचित कार्रवाई का निर्देश दिया है। साथ ही एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने को भी कहा गया है। जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने पत्र में उल्लेख किया है कि भवनाथपुर, खरौंधी, केतार और हरिहरपुर क्षेत्र के हजारों लोगों को सामान्य एक्स-रे सेवाओं के लिए गढ़वा या अन्य दूरदराज के स्थानों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और पैसा दोनों की बबार्दी होती है। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर सीएचसी में डिजिटल एक्स-रे मशीन की उपलब्धता आम जनता के लिए स्वास्थ्य सुविधा की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। उन्होंने यह भी बताया कि जिला परिषद बोर्ड की कई बैठकों में डिजिटल एक्स-रे मशीन को जल्द शुरू करने का प्रस्ताव पारित हो चुका है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। उन्होंने पत्र में जोर देते हुए कहा कि मशीन चालू नहीं होने से जनहित प्रभावित हो रहा है।

# भाजयुमो ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में सहिजना मोड़ पर भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम में मुख्यरूप से उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद तूफानी, युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय चौबे उपस्थित थे।

मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा अंबेडकर की अंबेडकर के संविधान से ही देश चलेगा। अध्यक्ष ठाकुर महतो ने कहा कि भाजपा ने बाबा साहब को सबसे ज्यादा समम्मान दिया। कांग्रेस ने बाबा साहब का हमेशा विरोध किया। उनके संविधान को कभी नहीं माना। कार्यक्रम में उपस्थित किसान मोर्चा अध्यक्ष उदय कुसवाहा, युवा मोर्चा अध्यक्ष मुना तिवारी, ओबीसी जिला महामंत्री रविंदर जायसवाल, डॉ पतंजलि केसरी, धनंजय गोंड, रविंद्र पासवान, राकेश शंकर गुप्ता, संतोष कश्यप, सुरेंद्र राम, मनोज महतो, सुरेश अग्रवाल, विशाल गुप्ता, राम जी पासवान, कंचन पांडे अन्य भाजपा नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रोजगार परक नि:शुल्क प्रशिक्षण का रजिस्ट्रेशन शुरू


आइडियल सेवा के प्रमुख अभिषेक त्रिपाठी।

रमना (आजाद सिपाही)। रमना झारखंड सरकार और यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति (यूएसएस) के तत्वाधान में मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत रोजगार परक नि:शुल्क प्रशिक्षण का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आइडियल सेवा के प्रमुख अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा यूनिवर्सल सेवा समिति के द्वारा 8वीं पास छात्राओं के लिए हरेक प्रकार का नि:शुल्क रूप से प्रशिक्षण दिलाया जाता है, जिसका रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है। बताया कि 18 से 35 उम्र की छात्राएं अपना आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पासबुक के साथ अपना रजिस्ट्रेशन कर अपना भविष्य बना सकते है। उन्होंने कहा कि संस्थान में अध्यन सामग्री, नि:शुल्क छात्रावास, सेक्टर स्किल कौंसिल द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र, छात्राओं के महिला वार्डन सुरक्षा, नौकरी में सहायता आदि की विशेषता दी जाती है। उन्होंने छात्राओं को अपना सीट सुरक्षित कराने की अपील की।

# परमेश्वरी मेडिकल सेंटर ने शल्य चिकित्सा क्षेत्र में एक और मिसाल कायम की

# मरीज की जान बचाने के लिए छोटी आंत को काटकर अलग किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** परमेश्वरी मेडिकल सेंटर गढ़वा जिले में शल्य चिकित्सा क्षेत्र में नित्य नये आयाम गढ़ रही है।

कहानी है एक मरीज हैसियत अंसारी की। 50 वर्षीय हैसियत अंसारी अपने जीवन काल में छाती के टीवी के कारण 8 वर्ष पूर्व टीवी की दवा का सेवन किया था। शायद इसके अलावा उन्हें कभी किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ा था। परंतु अक्टूबर महीने के पहले हफ्ते में अचानक ही उन्हें पेट में दर्द हुआ। पेट फूलने लगा। बार-बार उल्टियां होने लगी। परेशान होकर नजदीकी चिकित्सकों से सलाह लेने के पश्चात भी आराम नहीं मिला। तत्पश्चात वह दर्द से कहराते हुए परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के इमरजेंसी विभाग में पहुंचे। जहां इमरजेंसी मैनेजमेंट करने के पश्चात उन्हें आईसीयू में भर्ती होने की सलाह दी गयी। मरीज के जांचोंपरांत यह पता चला कि उनके पेट के अंदर छोटी आंत मुड़ गयी है और खाना नीचे नहीं जा पा रहा है। इसपर परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के डॉ निशांत (लेप्रोस्कोपिक सर्जन) ने तुरंत ही मरीज को इमरजेंसी ऑपरेशन करने की सलाह दी। चिकित्सक के अनुसार इमरजेंसी ऑपरेशन के दौरान जो मिलता है वह सबके होश उड़ा देता है। मरीज के लगभग ढाई फीट फिट की छोटी आंत काली पड़ चुकी थी। यानी गैंग्रीन हो चुका था। ऐसी विषम स्थिति में मरीज की जान बचाने के लिए छोटी आंत को काटकर अलग किया जाता है। और मलद्वार (ileostomy) पेट के दाहिनी भाग में बनाया जाता है, जो ऑपरेशन के दौरान किया गया।


मरीज हैसियत अंसारी।

एक हफ्ते के अंदर मरीज हैसियत अंसारी के स्वास्थ्य में सुधार हो गया और वे बेहतर हो जाते हैं। डॉ निशांत बताते हैं कि मरीज ने तो जिंदगी का जंग जीत तो लिया, लेकिन मन में कहीं ना कहीं यह लगा रहा कि डॉक्टर साहब ने यह क्या कर दिया यह मेरे मलद्वार का रास्ता पेट से क्यों बना दिया। क्या मैं नित्य क्रिया के लिए ऐसे ही चलूंगा। इस दुख के साथ वह इस अस्पताल से छुट्टी होकर घर जाते हैं।

डॉ निशांत ने उन्हें बहुत सारे परहेज के बारे में बताया और इस बात का आश्वासन दिया कि आप स्वस्थ होने के पश्चात फिर से अगर आपका ऑपरेशन होगा और आप पहले की भांति एक आम इंसान की भांति जीवन जी सकेंगे। इस बात को सुनकर हैसियत अंसारी को थोड़ा सुकून आया। परंतु मन में हमेशा कसक लगी रहती थी कि मैं कैसे इस चीज का ध्यान रखूंगा। कैसे अपने पेट की सफाई करूंगा और कैसे पेट पर लगे हुए इस बैलून जैसे थैले को हमेशा साफ करता रहूंगा '

छह महीने के पश्चात मार्च के अंतिम हफ्ते में एक बार फिर से हैसियत अंसारी डॉक्टर निशांत से मिलते हैं। एवं दोबारा किए जाने वाले ऑपरेशन के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं। अनेकों सवाल के बाद बस यह पूछते हैं की क्या मैं अन्य लोगों की तरह अथवा पहले जैसे नित्य क्रिया कर पाऊंगा।

डॉक्टर निशांत ने इसे एक चैलेंज के रूप में लिया और पुनः उनका ऑपरेशन करने के लिए अपनी टीम को एक्टिव किया। एक बार फिर एक बड़े से ऑपरेशन की जो पेट के बाहरी हिस्से में बनाए गए मलद्वार को बंद करना एवं उसे रास्ते को पेट के अंदर फिर से जोड़ना ताकि छोटी आंत और बड़ी आंत एक साथ जुड़ सके, का सफल ऑपरेशन किया जो सफल रहा। डॉ निशांत ने बताया कि आज इस बात की बड़ी खुशी है और यह खुशी न सिर्फ सर्जन की है बल्कि अपने मरीज के चेहरे पर से गायब उस दुख या चिंता की है जो कुछ दिन पहले तक हमेशा उसके चेहरे पर हुआ करती थी।

## दो बाइकों की टक्कर, तीन घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। केतार थाना क्षेत्र के राजघाट में बीती रात्रि दो बाईक के टक्कर में एक बाईक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें घायलावस्था में स्वजनों के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां डॉ फैज अहमद के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया। घायलों में अक्षय विश्वकर्मा पिता स्व गंगा विश्वकर्मा अमवाडीह निवासी उसका पुत्र आरुष कुमार, साली चांदी कुमारी का नाम शामिल है।

## ट्रैक्टर पलटने से दब कर चालक की मौत

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। केतार पाचाडूमर मुख्य पथ पर राजघाट के समीप शुक्रवार को एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पंद्रह फीट गढ़े में पलट जाने से उसके नीचे दबकर ट्रैक्टर चालक की मौत हो गयी। परिजनों द्वारा उसे निजी वाहन से ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक ट्रैक्टर चालक का नाम केतार थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी अशोक बैठा बताया जा रहा है।

## लीगल एंड डिफेंस काउंसिल प्रमुख प्रवीण साहू ने कांडी थाना का किया दौरा



कांडी (आजाद सिपाही)। लीगल एंड डिफेंस काउंसिल प्रमुख प्रवीण साहू ने शुक्रवार को कांडी थाना का दौरा किये। उनके साथ प्रखंड कांडी के पीएलवी राम नरेश मेहता और परशु राम और अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रवीण साहू ने थाना के अधिकारी और प्रखंड कार्यालय को पीएलवी के साथ समन्वय बना कर लोगों की शिकायत के समाधान के लिए कार्य करने और डीएलसीएस से मिलने वाली सुविधाओं के प्रति जगरूकता बढ़ाये जाने को कहा। उन्होंने लोगों को बताया की एलडीसीएस आर्थिक और समाजिक रूप से पिछड़े व्यक्तियों को न्यायलाय मे मुफ्त वकील देकर न्याय दिलाने में मदद करता है। पीएलवी राम नरेश मेहता और परशु राम प्रखंड कार्यालय और थाना कांडी में विधिक सहायता केंद्र के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों को सहायता दिलाते हैं।

आजाद सिपाही

रांची, शनिवार, 19 अप्रैल, 2025

www.azadsipahi.in



## भाकपा माले का जिलास्तरीय सम्मलेन 20 को बहेराटाड़ में

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले लातेहार जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम ने प्रेस बयान जारी कर कहा की पूरे जिले के सभी प्रखंड में कमिटी एवं लोकल कमिटी का गठन कर दिया गया है। इसके उपरांत भाकपा माले द्वारा लातेहार स्तरीय चौथा एक दिवसीय जिला सम्मेलन बरवाडीह के बहेराटाड़ में 20 अप्रैल होना निर्धारित है। इस सम्मेलन मे पुरे जिला से लगभग 100 प्रतिनिधि शामिल होंगे जो प्रखंड कमिटी लोकल कमिटी के सदस्य एवं शाखा सचिव होंगे। सम्मलेन की शुरूआत 20 को 9 बजे दिन में शहीद वेदी पर पुष्पांजलि और झंडोत्तोलन के साथ प्रारंभ होगा। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि केंद्रीय किसान नेता एवं भाकपा माले झारखंड राज्य कमिटी के स्थायी सदस्य एवं गरीबो के मजबूत आवाज कॉमरेड बीएन सिंह तथा जिला पर्यवेक्षक राज्य कमिटी सदस्य कॉ भुनेश्वर बेदिया होंगे।

## पुलिस ने मवेशी लदा कंटेनर पकड़ा, चालक हिरासत में

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार शुक्रवार की अपराह्न करीब 11 बजे लातेहार पुलिस ने गौवंशीय पशु से लदे एक कंटेनर को जब्त किया है। इसमें 37 गौवंशीय पशु लदे थे। जिनमें 36 बैल और एक गाय शामिल है। दरअसल पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी समय शहर से सटे होटवाग इलाके में स्थित पहाड़ी ढाबा के पास पुलिस ने एक कंटेनर को आते देखा गया।



पुलिस ने उसे रोक कर जांच की तो उसमें गौवंशीय पशु पाये गये। पुलिस ने वाहन चालक से लदे पशुओं की कागजातों की मांग की तो वाहन चालक प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने कंटेनर को जब्त कर वाहन चालक विनय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि वाहन यूपी की है और वह पलामू के सतरबवा से मवशियों को लाद कर रांची जा रहा था। पुलिस के अनुसार मामला गौ तस्करी से जुड़ा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मवेशियों को कंटेनर से उतार कर खेतों मे चरने के लिए छोड़ दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला मुख्यालय के मेन रोड़ स्थित समाहणालय गेट के पास आज सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार महिला अपने दामाद मनोज कुमार सिंह के साथ गोवा से लातेहार कपड़ा बदलने आ रही थी कि तभी समाहरणालय गेट के पास सड़क उबड़ खाबड़ होने के कारण उनका टीवीएस गाड़ी अनियंत्रित हो गया। जिससे महिला सड़क पर गिर गयी। वहीं पीछे से आ रहे बोरिंग गाड़ी ने महिला को चपेट में ले लिया है। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। मृतक महिला सोबतिया देवी गोवा लातेहार की रहने वाली बतायी जा रही है। इधर घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दुलर चौड़े मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर घटना के बाद पूरे चर्चा का विषय बना हुआ है और मृतक महिला के घर में मातम छा गया। परिजनों का बुरा हाल है।

## भाजपा नेता ने बंगाल हिंसा की निंदा की



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सह वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने वक्फ संशोधन कानून के विरोध के नाम पर बंगाल में हाल में हुई हिंसा पर क्षोभ प्रकट करते हुए इसकी तीव्र निंदा की है। उन्होंने कहा है कि खुफिया एजेंसियों को जो तथ्य प्राप्त हो रहे हैं, इससे स्पष्ट हो रहा है कि बांग्लादेशी आतंकी संगठन अंसार उल बांग्ला का हाथ होने के पुख्ता सबूत प्राप्त हो रहे हैं। उपद्रव ग्रस्त क्षेत्र तथा उससे सटे जिलों में भी जिहादियों तथा आतंकवादी संगठन का स्लीपर सेल सक्रिय है। इन्हें साजिश रचने, हिंसा फैलाने, अलगाववाद पैदा करने के लिए विदेशी फंडिंग की व्यवस्था भी की जा रही है। सुरक्षा एजेंसीयों ने यह भी अंदेशा जाहिर किया है कि वक्फ संशोधन बिल के आड़ में स्लीपर सेल से जुड़े लोग मुर्शिदाबाद से सटे जिलों तथा भारत बांग्लादेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी हिंसा फैलाने की कार्रवाई कर सकती है। भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह ने केंद्र सरकार से इस तरह के अलगाववादी, कट्टरपंथी संगठनों पर कड़ी कार्रवाई के साथ बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर अंकुश लगाने की ठोस योजना बनाने का आग्रह किया है।

## गुड फ्राइडे पर निकाली क्रूस यात्रा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मसीही समुदायों का त्याग और बलिदान का प्रतीक गुड फ्राइडे का त्यौहार जिले में शांति और सद्भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। जिला मुख्यालय स्थित जीवन ज्योति आश्रम स्थित चर्च में गुड फ्राइडे का त्यौहार पारंपरिक रीतिरिवाजों से मनाते हुए मसीही समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु के त्याग और बलिदान को याद किया। चर्च के फादर पात्रिक मिंज और पौलुस बाखला के नेतृत्व में गुड फ्राइडे के मौके पर प्रभु यीशु का क्रूस यात्रा निकाला गया। क्रूस यात्रा चर्च के मुख्य द्वार से शुरू हुआ ,इस दौरान प्रभु के क्रूस यात्रा के दौरान 14 जगहों पर क्रूस को रखा गया और यीशु की आत्मा की शांति के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना की गई। इसके उपरांत चर्च में फादर पात्रिक मिंज के नेतृत्व में मीसा पूजा की गई। इस दौरान प्रभु यीशु के संदेशों को सुनाते हुए फादर पौलुस बाखला ने कहा कि देश और दुनिया मे शांति और प्रेम कायम करने तथा मानव जीवन के कल्याण के लिए प्रभु अपने जीवन का त्याग किये थे। मौके पर फादर जॉन डाँग, डॉ कमला तिर्की, आदिवासी समाज के अध्यक्ष पवन माइकल कुजूर, डॉ विमल प्रसाद, रवि बाड़ा, अनिल हांसदा, होली फैमिली की सिस्टर जस्सी, सिस्टर अल्फो, सिस्टर जस्मिन, सिस्टर सुमा, सिस्टर पुष्पा आदि मसीही समुदाय के लोग मौजूद थे।

## सीओ ने अवैध खनन की धरपकड़ के लिए की कार्रवाई, भागे बालू माफिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** शुक्रवार अहले सुबह बरवाडीह थाना क्षेत्र के छेचानी में अंचलाधिकारी मनोज कुमार और प्रभारी थाना प्रभारी राजन अधिकारी ने अवैध बालू की धरपकड़ को लेकर अभियान चलाया। जहां बालू माफिया ट्रैक्टर लेकर भागने मे सफल रहे। दो ट्रैक्टर को पकड़ने का प्रयास किया गया परंतु चलती वाहन में बालू अनलोड कर सतबरवा की और भाग निकले। बता दें कि कुछ दिन पूर्व भी इसी घाट से तीन अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया गया था। उसके बावजूद भी बालू माफियाओ का मनोबल सर चढ़कर बोल रहा है और बालू का अवैध खनन कर पलामू जिले में उंचे मूल्य पर बेचा जा रहा।



**बालू का चालान नहीं काटा जा रहा है घाट पर**

दिलचस्प बात यह है कि छेचानी बालू घाट का चालान घाट पर नहीं बल्कि घाट से एक किलोमीटर दूर किसी निजी आवास में काटा जाता है। यह एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। आखिर इस तरह की धांधली किसके सह और इशारे पर किया जा रहा है। ये बड़ा प्रश्न चिन्ह है। अब देखना होगा कि बालू के अवैध खनन कराया जा रहा है या फिर कोई और बात है। वहीं इस संबंध में अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि मुझे भी सूचना प्राप्त है कि बालू घाट पर चालान नही काटा जा रहा है। उस क्षेत्र के मुखिया को निर्देश दिया गया है कि घाट पर ही बालू का चालान काटा जाये। अगर ऐसा नहीं हो रहा है तो कार्रवाई की जायेगी।

## भारी ट्रकों के आवाजाही से बसारडीह कल्याण अस्पताल के मरीज और कर्मी परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला के बसारडीह इलाके में स्थित कल्याण विभाग द्वारा संचालित अस्पताल इन दिनों गंभीर परेशानियों का सामना कर रहा है। शुक्रवार को अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ एम कुमार, भर्ती मरीज संजय कुमार और नर्स प्रभा कुमारी ने बताया कि अस्पताल के सामने से गुजरने वाले बॉक्साइट लोडेड भारी वाहनों के कारण ना केवल मरीजों को असुविधा हो रही है, बल्कि पूरे अस्पताल परिसर का वातावरण भी दिन-ब-दिन बिगड़ता जा रहा है। यह अस्पताल बड़कीचॉपी रेलवे स्टेशन के पास स्थित है, और यही रास्ता हेसल के डंपिंग यार्ड तक बॉक्साइट से लदे ट्रकों की नियमित आवाजाही के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। ये भारी वाहन कच्ची सड़क से दिन-रात गुजरते हैं, जिससे तेज शोर



और उड़ती धूल अस्पताल के भीतर तक पहुंच रही है। मरीज जहां शांति और आराम के लिए अस्पताल आते हैं, वहीं यहां उन्हें चैन की नींद तक मयस्सर नहीं हो रही। डॉक्टरों के अनुसार, ध्वनि प्रदूषण के साथ-साथ उड़ती लाल रंग की धूल इलाज में बाधा बन रही है। डॉ. एम. कुमार ने बताया कि ये धूलकण ऑपरेशन थियेटर के औजारों, लिक्विड मेडिसिन और अन्य उपकरणों तक पहुंच रहे हैं, जिससे इलाज की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। मरीज संजय कुमार ने कहा कि इलाज के दौरान शोरगुल और धूल के कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है। वहीं नर्स प्रभा कुमारी ने बताया कि इन ट्रकों से उठने वाली धूल उनके कपड़ों और एप्रोन पर जम जाती है, जिससे न सिर्फ सफाई प्रभावित होती है, बल्कि लगातार इस प्रदूषण के संपर्क में रहने से स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है।

अस्पताल प्रशासन की ओर से जिला प्रशासन को कई बार लिखित सूचना देकर वैकल्पिक मार्ग बनाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## बस की चपेट में आने से दो घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित विंडोमोह कर्बला मोड़ के समीप बस जेएच 12 इ 3725 के चपेट मे मोटरसाइकिल यूपी 14 एन 8729 पर सवार दो व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान महेशवर साव उम्र लगभग 60 वर्ष ग्राम जेरुआडीह, घोड़थम्भा, थाना राजधनवार, जिला गिरिडीह निवासी के रूप मे हुई है। दूसरा 5 वर्षीय किशोर है। इसकी पहचान नहीं हो पायी थी। मिली जानकारी के अनुसार बाईक सवार पर महेशवर साव 5 वर्षीय किशोर को सवार कर नवलशाही की ओर से जेरुआडीह (घोड़थम्भा) घर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बसुंधरा बस की चपेट मे बाईक सवार आ गया। स्थानीय लोग व नवलशाही पुलिस की मदद से घायलों को कुमार क्लिनिक पुरनाडीह ले गया जहाँ प्राथमिकी उपचार कर दोनों घायलों को गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया। इधर नवलशाही पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर नवलशाही थाना परिसर मे सुरक्षित रखा गया है।

## नप क्षेत्र के कचरे से ग्रामीण परेशान पवन तिग्गा ने की समाधान की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भाजपा नेता पवन तिग्गा ने कहा कि जिला के नगर पालिका के 23 वार्ड से प्रतिदिन सूखा कचरा, गीला कचरा इकट्ठा किया जाता है और धर्म कांटा किया जाता है। लोहरदगा जिला के सदर प्रखंड क्षेत्र के निंगनी पंचायत के ब्राह्मणडीहा एवं जोरी पंचायत के ग्राम ओयना में कचरा डंपिंग वार्ड बनाया गया है। नगर पालिका के द्वारा कुल कितने एक-ड़ जमीन में कचरा डंपिंग यार्ड करना है इसका साइन बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। घेरा बाउंड्री वॉल नहीं किया गया है। जिसके चलते कचरा अगल-बगल क्षेत्र में भी फैल गया है। इन क्षेत्रों के बगल में पेट्रोल पंप, आवासीय विद्यालय ब्राह्मणडीहा, लिवेंस एकेडमी स्कूल, देवी मंडप महादेव मंदिर, एवं सरना स्थल, मसना स्थल इन सभी जगह कचडा का अंबार लगा हुआ है। इस क्षेत्र के ग्राम वासियों गीला कचरा एवं सूखा कचरा के





दुर्गंध से काफी परेशान है। प्रत्येक घरों में कचरा के कारण बीमारी का प्रकोप बढ़ते जा रहा है। झारखंड के गठबंधन सरकार एवं लोहरदगा नगर कार्यालय के पदाधिकारी से मांग करते हैं कि इन सभी से निजात दिलायी जाये अन्यथा भारतीय जनता पार्टी आंदोलन को बेब्स हो जायेगी। इसकी जवाबदेही झारखंड सरकार एवं लोहरदगा नगर पालिका के पदाधिकारी होंगे।

## उर्सुलाइन स्कूल की छात्राओं ने सीखी आग से सुरक्षा के उपाय

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अग्निशामक सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। फायर ब्रिगेड ने कार्यक्रम का आयोजन उर्सलाइन कॉन्वेंट बालिका विद्यालय में किया। इस दौरान अग्निशमन दल के रामाधार मुंडा, मनीष कुमार शर्मा और गोपी यादव ने आपातकालीन परिस्थिति में और लापरवाही से गैस और बिजली से दुर्घटना घटने का प्रदर्शन किया। बताया कि कैसे घर में गैस लीकेज हो जाने के कारण आग लग जाती है। आपातकाल स्थिति में दुर्घटना से बचाव और एहतियात की जानकारी फायर ब्रिगेड ने दी। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका आश्रिता, अजय प्रसाद, आशा, पुष्पा, शेखर, सचिन, अनीता, स्नेहा, ओमन, कुमुदिनी, मोदेस्ता, मैरियट, अनुपमा, अन्ना, लिली, सुनीता, अंशु, ग्रेस आदि शिक्षक मौजूद थे। प्रदर्शनी में हाइस्कूल और मिडिल स्कूल के लगभग 1800 छात्राएं अग्निशामक प्रदर्शनी में सम्मिलित थी।

## चिकित्सा शिविर में 213 मरीजों ने कराया इलाज

**हमेशा फिट रहने के लिए अच्छा स्वास्थ्य जरूरीः अजय मधुर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पतराटोली स्थित मधुर मेडिकेयर हास्पिटल तृतीय वर्षगांठ के मौके पर शुक्रवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दूर-दराज एवं दुर्गम क्षेत्र से से आये मरीजों ने निःशुल्क इलाज का लाभ लिया। शिविर में हड्डी जोड़ और नस रोग विशेषज्ञ डा विवेक मधुर, जेनरल सर्जन और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा ज्योति, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ विनीत कुमार मिश्रा, न्यूरोसर्जन डॉ दीपक कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आभा मधुर और डॉ चंदन कुमार ने शिविर में पहुंचे 213 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया। शिविर में ब्लड शुगर, यूरिक एसिड, इसीजी और हड्डी में कैलिसियम की जांच बीएमडी मशीन के द्वारा की गयी। सभी मरीजों को आवश्यकतानुसार मुफ्त दवाएं दी गयी। डॉ विवेक मधुर ने हड्डी, जोड़ और नस रोगों से



संबंधित मरीजों का इलाज किया। डॉ विवेक ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में जीवन शैली काफी बदल रही है। लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत और जागरूक रहने की आवश्यकता है। इन्होंने मरीजों को हड्डी एवं नस की देखभाल के लिए जरूरी उपाय बताए। डॉ नेहा ज्योति मधुर ने बवासीर, फिशर, हर्निया, हाइड्रोसिल, पित और किडनी की पथरी, स्तन की गांठ और घाव, पेट की बीमारी और गर्भवती महिलाओं का इलाज किया। डॉ चंदन कुमार ने भी सामान्य बीमारियों का इलाज किया। हास्पिटल के निदेशक अजय मधुर ने बताया कि मधुर मेडिकेयर हास्पिटल में स्वास्थ्य को लेकर निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन आगे भी जारी रहेगा। इन्होंने कहा कि मधुर मेडिकेयर का उदेश्य स्वास्थ्य को लेकर जागृत कराना है। माह के प्रथम रविवार को ओपीडी शुल्क निःशुल्क रहेगा। शिविर को सफल बनाने में अजय मधुर, सावित्री मधुर, सुरेंद्र ठाकुर, सुशीला कुजूर, उषावती यादव, देवंती बेक, अचरज कुजूर, सूरज यादव, नेहा सिंह गुलाब नायक, अंगद सिंह, साधना, अमन कुमार, नरगिस खातून, सिद्धार्थ सिंह, मो खालिद, प्रियांशु, खुशी खाखा, शाहिद अंसारी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कट ऑफ डेट में सुधार की मांग को लेकर 21 को धरना प्रदर्शन का निर्णय



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना सीकरी कार्यालय के बाहर 21 अप्रैल 2025 दिन सोमवार को युवा विस्थापित संघर्ष समिति बड़कागांव के द्वारा एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया है। जिसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग से अनुमति ली गयी है। एक दिवसीय धरना का मुख्य मांग कट ऑफ डेट में सुधार करना है। आपको बता दें युवा विस्थापित संघर्ष समिति कि इस एकदिवसीय धरना प्रदर्शन में विस्थापन को लेकर जो कट ऑफ डेट अप्रैल 2016 निर्धारित किया गया है उसे हटाकर जब लोगों को विस्थापित किया जाये उस वक्त का कट ऑफ डेट निर्धारित करने की मांग की जा रही है। युवा विस्थापित संघर्ष समिति के द्वारा कट ऑफ डेट में बदलाव की मांग को लेकर पिछले एक साल से लगातार धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जा रहा है और इनकी मांग को संज्ञान में लेते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने संसद में भी आवाज उठायी है। बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने भी विधानसभा में आवाज उठाया था। परंतु एनटीपीसी के अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। विस्थापित छेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीण और युवा ने कहा है कि जब तक कट ऑफ डेट में बदलाव नहीं हो जाता तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

## वेतन नहीं मिलने पर शराब दुकान कर्मी हड़ताल पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जेएसबीसीएल के तहत चल रही सरकारी शराब दुकानों में काम करने वाले दुकान प्रभारी और सहायक कर्मियों द्वारा एक बार फिर वेतन नहीं देने और कुछ कर्मियों को कार्य से बिना कारन बताये हटाये जाने के विरोध में दुकान बंद कर अपना विरोध शुरू कर दिया।

साथ ही आज एक नंबर दुकान पर अचानक कुछ बाहरी लोगों को लाकर यहां कार्य कर रहे कर्मियों को हटाने की बात कर रहे है, जिसका हम घोर विरोध करते हैं। वहीं जब केएस मल्टीफैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के लोगों से इस मामले में संपर्क करने की



कोशिश की गयी तो उनसे संपर्क नहीं हो गया। इधर जब इस मामले में उत्पाद अधीक्षक से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमें दुकान बंद होने की सूचना है। हम आश्वासन देते हैं कि जल्द से जल्द शराब दुकान में काम करने वाले कर्मियों को वेतन भुगतान कर दिया जायेगा।

कर्मियों का कहना है कि उन्हें पिछले वर्ष अक्टूबर से कंपनी के द्वारा वेतन नहीं नहीं मिला है, जिसके चलते हमारी आर्थिक स्थित दैनिक हो गई जिसके चलते हम अपने परिवार का भरन पोषण नहीं कर पा रहे हैं। शराब दुकान में कार्य करने वाले कर्मियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं और वेतन नहीं दिया जाता, तब तक दुकानें बंद रहेंगी।

कर्मियों ने कहा कि उन्हें केएस मल्टीफैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने नौकरी पर रखा है। लेकिन पिछले छह माह से उन्हें कंपनी के द्वारा वेतन नहीं दिया जा रहा। साथ ही कंपनी से वेतन की मांग जब किया जाता है तो कंपनी के द्वारा वेतन नहीं मांगने और काम से हटा देने की धमकी दी जा रही है। लातेहार। उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी के आश्वासन के बाद शराब दुकान के प्रभारी और सहायकों ने अपने-अपने दुकान खोल दिये हैं। दुकान के कर्मियों को शीघ्र ही उनका बकाया मानदेय भुगतान का भरोसा उत्पाद अधीक्षक ने दिया। कर्मचारियों ने दुकान का चार्ज नहीं देने की शर्त पर अपने अपने दुकानों को खोल दिया।

## बोलेरो की चपेट में आने से युवक की मौत

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** बेड़ो -लोहरदगा मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के पझरी पुल के समीप अज्ञात बोलेरा वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। युवक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के पझरी गांव निवासी बिंदेश्वर उरांव के पुत्र सचिन उरांव (19 वर्ष) के रुप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सचिन अपने मोटर साइकिल से पझरी सियार टोली जा रहा था। तभी अज्ञात बोलेरो वाहन ने पीछे से टक्कर मार फरार हो गया। जिसे 108 एंबुलेंस वाहन की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने सचिन को मृत घोषित कर दिया।

## गुड फ्राइडे के अवसर पर चर्चों में हुई अराधना

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** गुड फ्राइडे के अवसर पर जिले के सभी चर्चों में सामूहिक आराधना हुई। मौके पर पादरी द्वारा अपने संदेश में बताया गया कि दुनिया में जब पाप भर गये और जब परमेश्वर एवं मनुष्य के बीच गैप हो गया, तब परमेश्वर ने सम्पूर्ण मानव जाति के पाप क्षमा एवं उद्धार के लिए अपने इकलौते पुत्र यीशू मसीह को आज ही के दिन क्रूस पर बलिदान कर दिया। परमेश्वर द्वारा अपने अद्भुत प्रेम मानव जाति के लिए दिखाया गया। जबकि हम सब पापों में पड़कर ईश्वर से दूर हो गए। तब भी परमेश्वर ने अपने पुत्र को हम सब के लिए बलिदान दे दिया। आराधना के क्रम में यीशु मसीह



द्वारा क्रूस पर कहे गये अंतिम सात वचनों पर भी प्रकाश डालने हेतु विभिन्न वक्ताओं जिनमें अमरनाथ लकड़ा, मनोरमा एक्का, सुक्रिता टोप्पो, निरंजन एक्का, ललिता कुजूर, लॉरेंस टोप्पो तथा रिझरेन कुजूर ने वक्तव्य दिये। यीशु मसीह ने क्रूस पर से साथ क्रॉस वाणी कहकर पूरी मानव जाति को संदेश दिया की आपस में प्रेम से रहें और एक दूसरे को क्षमा करें। प्रभु यीशु मसीह के बलिदान से प्रत्येक पापी मनुष्य का मेल मिलाप परमेश्वर के साथ हुआ। मौके पर मुख्य रूप से लालजीत लकड़ा, सुमन टोप्पो, जॉर्ज केरकेट्टा, अजय एक्का, विजय लकड़ा, सुशीला बाड़ा, सुधा लकड़ा, शबनम मिंज, मनोनीता एक्का, पुष्पा बाखला आदि समेत सैकड़ों विश्वासी गण, मंडली के पंचगन, सचिव, महिला संघ, युवा संघ और संडे स्कूल के बच्चों, विभिन्न टोला के द्वारा सुन्दर गीत प्रस्तुति की गयी।

## रहमानी- 30 परीक्षा में सफलता पाकर आरिज तमीम ने बढ़ाया मान



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शिक्षा के क्षेत्र में मोहम्मद आरिज तमीम ने प्रतिष्ठित संस्थान रहमानी-30 की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। मोहम्मद आरिज तमीम किला रोड निवासी गुलाम अनवर के पुत्र बैं। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। विदित हो कि रहमानी- 30 एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है, जो देश के प्रतिभाशाली छात्रों को विशेष रूप से इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी करवाती है। उधर, परिजनों और शुभचिंतकों ने आरिज को बधाइयां दी है।

# जुए में जीते पैसों को लेकर हुआ विवाद किशोर की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

## घर के बाहर फेंका शव, पुलिस ने तीन नाबालिग दोस्तों को लिया हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के रुद गांव जुए में जीते पैसों को लेकर हुए विवाद के बाद एक किशोर की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान कृष्णा भुइयां उर्फ कईला (16) के रूप में हुई है। वह रुद गांव का ही रहने वाला था। उधर, घटना के बाद पुलिस ने मृतक के तीन नाबालिग दोस्तों को हिरासत में ले लिया है। घटना गुरुवार की रात की बतायी जा रही है। जानकारी के



शव के पास मौजूद लोग।

मुताबिक कृष्णा अपने दोस्तों के साथ नशा करने के बाद जुआ खेल रहा था। जुए में उसने 3000 रुपए जीत लिए, जिसको लेकर विवाद हो गया। उस समय कृष्णा के परिवार के सदस्य गांव में एक शादी समारोह में गए थे। घर में ताला लगा था। इस कारण कृष्णा अपने एक दोस्त के घर सोने चला गया। इसी दौरान उसके दोस्तों ने कुल्हाड़ी से उसके सिर और सीने पर वार कर उसकी हत्या कर दी। आरोपियों ने शव को घसीटकर कृष्णा के घर के बाहर लाकर फेंक दिया।

### घर के बाहर मिला खून से लथपथ शव

शुक्रवार की सुबह जब परिवार के सदस्य शादी समारोह से लौटे, तो उन्होंने कृष्णा का खून से लथपथ शव घर के बाहर देखा। उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। खबर पाते ही सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार और सुशील कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंच गये। शव का पंचनामा करने के बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। दूसरी ओर, मृतक के पिता कुलदीप भुइयां ने बताया कि कृष्णा उनका सबसे छोटा बेटा था। उसे नशे और जुए की लत लग गयी थी। वहीं, पुलिस ने खून के निशानों के आधार पर जांच की और हत्या में शामिल तीन नाबालिग दोस्तों को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

## पलामू, गढ़वा-लातेहार एसपी से 25 बिंदुओं पर मांगी रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के जोनल आईजी सुनील भास्कर ने पलामू, गढ़वा एवं लातेहार एसपी से महिला हिंसा, पॉक्सो से जुड़े मामले, लंबित मुकदमे, अपराध एवं नक्सल सहित 25 बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है। इस रिपोर्ट में चोरी, डकैती, सामाजिक अपराध को भी जोड़ा गया है। लगे हाथ एससी एसटी से जुड़े मुकदमो के रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया है। उक्त रिपोर्ट की मई के पहले सप्ताह में समीक्षा की जाएगी। इस दौरान पलामू डीआईजी और तीनों जिलों के एसपी मौजूद रहेंगे। पलामू के जोनल आईजी सुनील भास्कर ने बताया कि 25 बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी गई है। जिसके बाद कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे और समीक्षा होगी। गौरतलब हो कि पलामू, गढ़वा एवं लातेहार झारखंड के अतिनक्सल प्रभावित जिलों में शामिल रहे हैं। पलामू को केंद्र सरकार ने हाल में ही नक्सल मुक्त मान लिया है। गढ़वा के बूढ़ापहाड़ के इलाके में नक्सली गतिविधि है।



जोनल आईजी सुनील भास्कर।

वहीं लातेहार सबसे अधिक नक्सल प्रभावित है। नक्सलियों के कमजोर होने के बाद पुलिस की गतिविधि तेजी से बदल रही है। इलाके में पुलिस की कार्रवाई को बेहतर करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में यह रिपोर्ट तैयार की जा रही है। रिपोर्ट की समीक्षा के आधार पर पुलिसिंग को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। पलामू, गढ़वा और लातेहार के कई इलाकों में स्थापित पुलिस कैंपों की भी समीक्षा की गई है। कई इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की जानी है।

## जुडको सेकेंड फेज पाइपलाइन का कार्य जल्द पूरा करें: आशीष भारद्वाज



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम क्षेत्र में होनेवाले भीषण पेयजल संकट से निजात दिलाने को लेकर पूर्ण रूप से संकल्पित सामाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा नेता आशीष भारद्वाज ने जुडको द्वारा किए जा रहे सेकेंड फेज पाइपलाईन कार्य का निरीक्षण किया। जुडको के हाउसिंग कॉलोनी कार्यालय में पहुंचकर करणीय कार्यो का विधिवत जानकारी ली। हाउसिंग कॉलोनी में बनाये जा रहे सतरह एमएलटी के डब्ल्यूटीपी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शहर भीषण पेयजल संकट से जूझता है। इसी के निदान के लिए हमने विगत वर्ष 'पानी यात्रा' निकाला था। जिसके माध्यम से सरकार को पेयजल संकट दूर करने के लिए विभिन्न मांगों के साथ ज्ञापन सौंपा गया था। इसमें एक प्रमुख मुद्दा सेकेंड फेज पाइपलाईन कार्य चालू करना था। जिसका कार्य अभी कुछ दिन पहले आरंभ हुआ है। उसी का आज हम अवलोकन करने पहुचें है। यहा पहुंचकर 172 करोड़ के इस सेकेंड फेज पाइपलाईन योजना का जानकारी ली। कार्यरत कंपनी जुडको के उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना का कार्य उन्हें मार्च 2026 तक संपूर्ण कर लेना है। परंतु कार्य की तीव्रता को देखते हुए मुझे इसमें संदेह लगता है। उन्होंने कहा कि सेकेंड फेज पाइपलाईन एस्टीमेट में नगर निगम क्षेत्र में लगभग 412 किलोमीटर एरिया में पाइपलाईन बिछाने की योजना थी, लेकिन नगर निगम ने मात्र 212 किलोमीटर एरिया का ही अभी टेंडर कर जुडको को कार्य आवंटित किया है। शेष एरिया का क्या होगा यह जवाब तो नगर निगम ही देगा। विभिन्न मुद्दों के साथ हम नगर आयुक्त से मुलकात कर गड़बड़ियों को ठीक करवायेंगे और ये सुनिश्चित करेंगे की हमारे शहर में सेकेंड फेज पाइपलाईन द्वारा पानी सप्लाई जल्द शुरू हो। पेयजल हमारे पलामू के लिए और खासकर मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के लिए एक बहुत विकराल समस्या है जिसका त्वरित समाधान होना चाहिए। इस मौके पर विहान पांडेय, सूरज सिंह, प्रभात सिंह, रिशु दुबे, आकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।


## हुसैनाबाद बाल विकास परियोजना की ओर से पोषण पखवाड़ा का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बाल विकास परियोजना अंतर्गत हुसैनाबाद के कायस्थ मुहल्ला आगनबाड़ी केंद्र पर शहरी क्षेत्र की सेविकाओं द्वारा पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें सेविकाओं द्वारा हरी साग सब्जी एवं अन्न के विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर स्टाल लगाकर उपस्थित गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को पोषण से संबंधित जानकारी देकर जन सामान्य में पोषण के प्रति जागरूकता और कुपोषण की समस्या से निजात पाने के सुझाव दिये गये। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका प्रेमलता कुजूर एवं कांति देवी ने उपस्थित गर्भवती, धात्री



महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों को पोषण युक्त भोजन, अनीमिया, समय पर टीकाकरण, बच्चों को साबुन से हाथ धुलाकर खाना खाने एवं केंद्र में बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा के लिये बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र में भेजें। मौके पर सेविका पूनम कुमारी, शैल प्रिया, प्रीति शारदा देवी, दमयंती देवी, जहांआरा बेगम, जयंती देवी, कुमुद गुप्ता, सुनीता देवी, सावित्री देवी, चंद्रावती देवी रमावती देवी, सहायिका ललिता देवी के अलावा गर्भवती महिलाओं में मेघा कुमारी, प्रीति कुमारी, शाहीन हसन, सविता देवी, धात्री महिलाओं में सोनी कुमारी, आर सी बानो, खुशबु कुमारी, श्रुति, प्रिया, रिमझीम कुमारी आदि शामिल रहे।

## पलामू के शाहपुर किला को जीर्णोद्धार का इंतजार



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय सिटी सह मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर में स्थित राजा मेदिनी राय के वंशजों का किला उपेक्षा का दंश क्षेल रहा है। पलामू का ऐतिहासिक धरोहर शाहपुर किला जीर्णोद्धार की बांट जोह रहा है। यह किला 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वाधीनता सेनानियों का आश्रय बना था। पर्यटन विभाग ने पलामू के शाहपुर किला को विरासत की सूची में शामिल किया है। 200 वर्षो तक शासन करने वाले चेरोवंशी राजाओं के शासन के इतिहास शाहपुर किला अपने में समेटे हुए है। कोयल नदी के बांए तट पर शाहपुर किला की दरकती दीवारें, टूटते फूटते फर्श, इर्द गिर्द उगी झाड़ियां चेरो साम्राज्य की निशानी की व्यथा-गाथा कहते नजर आती हैं। वर्गाकार ऊंचे टीले पर बनी इमारत की ऊंची दीवारें बड़े-बड़े बुलंद दरवाजे इसकी भव्यता की कहानी कहते नजर आते हैं। किले से कोयल नदी का मनोहारी नजारा लोगों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करता है। किला का संरक्षण की लगातार मांग उठा रहे लोगों ने बताया कि शाहपुर किला का निर्माण 1770 के दशक में तत्कालीन चेरोवंशीय राजा गोपाल राय ने कराया था। पलामू जिला खेल एवं पर्यटन कार्यालय के वर्तमान प्रभारी सिकंदर कुमार ने कहा कि शाहपुर किला का जीर्णोद्धार के लिए 2019 में तीन करोड़ रुपए का डीपीआर बनाकर पर्यटन विभाग को भेजा गया है, पर विभागीय स्तर पर डीपीआर लंबित है। इसी वर्ष रांची के एक एजेंसी ने शाहपुर किला के जीणोद्धार के लिए निरीक्षण किया है। डीपीआर में किला की मरम्मति, रखरखाव, सुंदरीकरण, चाहरदीवारी निर्माण आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि पलामू के पूर्व उपायुक्त शांतनु अग्रहरी के समय चाहरदीवारी का निर्माण कराया जा रहा था, परंतु स्थानीय लोगों के विरोध के कारण काम रोक दिया गया जो अबतक शुरू नहीं हो पाया है। वहीं, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के एचओडी डॉ राजेन्द्र सिंह ने कहा कि ऐतिहासिक धरोहरों की संरक्षण और संर्द्धन जरूरी है। कई सालों के इतिहास को शाहपुर में निहित है। अगर ऐतिहासिक धरोहरों को संवर्द्धन और संरक्षण नहीं किया जाएगा तो आने वाले पीढ़ियां पलामू के ऐतिहासिक धरोहर को देखने और जानने से वंचित हो जाएंगे। इसके अलावा हैदरनगर के कबरा कला गांव में पुरातात्विक अवशेष मिलते रहते हैं। इसके कारण इस केंद्र को भी पुरातात्विक दृष्टिकोण से पलामू का धरोहर माना जाता है। हालांकि अभी भी इस केंद्र के संरक्षण और विकास के लिए पहल शुरू नहीं की गई है। छतरपुर प्रखंड में देवगण में खंडित देव प्रतिमाएं संरक्षित हैं। उक्त स्थल भी ऐतिहासिक केंद्र है, परंतु इसके संरक्षण की दिशा में भी अब तक पहल नहीं हुई है।

## सड़क हादसे में युवक घायल, हालत गंभीर

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नावाडीह थाना क्षेत्र के फुसरो-नावाडीह मुख्य मार्ग स्थित चपरी शिव मंदिर के समीप बाईक सवार को अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। इस्स हादसे में असनाटांड निवासी सुखलाल मांझी (45) गिरकर घायल हो गये। बताया जा रहा कि सुखलाल मांझी अपनी बाईक सड़क किनारे खड़ी की थी। तभी विपरीत दिशा से आ रही कार उसे धक्का मारते हुए फरार हो गयी। इस हादसे में सुखलाल घायल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे फुसरो अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए बोकारो रेफर कर दिया गया। चिकित्सको ने बताया कि दोनों पैर बुरी तरह से टूट गये है।

## परीक्षा में शामिल होंगे 32 हजार परीक्षार्थी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की 22 अप्रैल से स्नातक सेमेस्टर दो और तीन की परीक्षा प्रारंभ होगी। इसमें 32 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण कराने के लिए एनपीयू के परीक्षा विभाग ने 19 परीक्षा केंद्र बनाये हैं। एनपीयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ रविशंकर ने बताया कि स्नातक सेमेस्टर दो में 17 हजार और सेमेस्टर तीन में 15 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। दूसरी ओर जनता शिवरात्रि कॉलेज के प्राचार्य डॉ एके वैद्य ने कहा कि 22 अप्रैल से प्रारंभ होने वाली स्नातक दो और तीन की परीक्षा कदाचारमुक्त कराने के लिए कॉलेज प्रबंधन संकल्पित है। उन्होंने परीक्षार्थियों से अपील की है कि परीक्षा में परीक्षार्थी मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स सामग्री और कदाचार सामग्री लेकर परीक्षा में नहीं आएं, अन्यथा पकड़े जाने पर परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा। उन्होंने परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी है।

## पिछरी में पहली बार किसानों ने किया अमृत कृषि पद्धति से गेहूं उत्पादन

**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पिछरी पंचायत में पहली बार किसानों ने अमृत कृषि पद्धति से खपली गेहूं का उत्पादन किया। इसे लेकर किसान काफी उत्साहित हैं। अमृत कृषि टीम के सदस्य एके सिन्हा के नेतृत्व में गुरुवार को पिछरी दक्षिणी पंचायत के पुरनाटांड़ एवं धधकीडीह में लगे खपली गेहूं के फसल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अमृत कृषि पद्धति द्वारा पिछरी के कृषक बासुदेव महतो और सूरज महतो ने अपने खेतों में खपली गेहूं की फसल लगायी थी, जो पूरी तरह तैयार है। एक माह बाद इसकी कटाई होगी। कहा कि अमृत कृषि पद्धति से बिना किसी रासायनिक खाद्य के उपयोग किए उत्पादन किया जाता है। इसके लिए गोबर, गौ मूत्र, गुड़ एवं पानी के मिश्रण से घोल बना कर गेहूं की फसल लगे भूमि में प्रति सप्ताह छिड़काव किया जाता है।

## हवन-भंडारे के साथ भगवान शिव एवं बजरंग बली की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के महुअरी में भगवान शिव एवं बजरंग बली की पांच दिनों से चल रहा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुक्रवार को प्रतिमा स्थापना के साथ संपन्न हुआ। सुबह यज्ञाचार्य एवं विद्वानों द्वारा देवी-देवताओं का पूजन किया गया। इसके बाद शिवलिंग, माता पार्वती, नंदी और हनुमानजी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। इसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ में यजमान



के रूप में संतोष सिंह एवं उनकी पत्नी सरिता देवी शामिल हुए। वहीं, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार उर्फ टूटू सिंह, समाजसेवी कर्नल संजय सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता और श्रवण अग्रवाल आदि कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं, आयोजन को सफल बनाने में अखलेश सिंह, विनय सिंह, विशेश्वर सिंह, नीतीश कुमार सिंह आदि थे।

### संत मरियम स्कूल में आयोजित संस्कारशाला में शामिल हुए आइजी, छात्रों को दिया सुझाव

## उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ गुरुकुल पद्धति से शिक्षा ग्रहण कर रहे संत मरियम के छात्र: सुनील भास्कर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के उत्कृष्ट आवासीय विद्यालय संत मरियम में शिक्षा, संस्कार, समाज और सुरक्षा को लेकर संस्कारशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पलामू पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य कुमार आदर्श, उप प्राचार्य एसबी साहा ने दीप-प्रज्वलित कर किया। उक्त विषयों पर बच्चों से वातालांप करने के लिए मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद पुलिस महानिरीक्षक ने शिक्षा एवं संस्कारों को ग्रहण करते हुए जीवन के शीर्ष स्तर तक पहुंचने का सूत्र दिया। उन्होंने अपने जीवन के संघर्ष के दौर को बताते हुए कहा कि अब समय बदल गया है। अब आप उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ गुरुकुल पद्धति से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। तभी व्यवस्थाएं हर तरह की



सुविधाओं के साथ आपके पास देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए उत्कृष्ट शिक्षक एवं मार्गदर्शक हैं। वैसे आपको सिर्फ निरंतरता के साथ एकाग्र मन से अध्ययन करने की आवश्यकता है। कहा कि जरूरी नहीं कि शिक्षा ग्रहण कर डॉक्टर, इंजीनियर या बड़े अधिकारी ही बनें, बल्कि बदलते दौर में करियर विकल्प अनगिनत हैं। युवा किसी भी क्षेत्र में शीर्ष स्तर तक पहुंचकर समाज और देश की सेवा कर सकते हैं, जिसके लिए सभी जिम्मेदारियों को अभी से ही अपने सपनों को पल्लवित करना होगा, ताकि समय आने पर आप अपने हौसलों की उड़ान भर सकें। उन्होंने कई छात्रों से एक-एक कर वार्ता की। उनके सपनों को जाना और उन्हें मार्ग प्रशस्त किया। वहीं, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने पुलिस महानिरीक्षक का आभार प्रकट करते हुए कहा कि छात्रावासी बच्चे हमेशा किसी अधिकारी या वरिष्ठ व्यक्तित्व से मिलने के लिए काफी उत्सुक रहते हैं। चेयरमैन ने महानिरीक्षक को कृतज्ञता व्यक्त करते हुए अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, प्रवीण दुबे, विकास विश्वकर्मा, श्याम किशोर पांडेय, मेंटर्स एडुसर्व शैक्षणिक संस्थान के शिक्षक आदि मौजूद रहे।

## वक्फ कानून के विरोध में मेदिनीनगर में विरोध प्रदर्शन, जुमे की नमाज के बाद निकाला जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिननगर।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में शुक्रवार को वक्फ संशोधन कानून के विरोध में मुस्लिम समाज ने प्रदर्शन किया। जुम्मे की नमाज के बाद पलामू अंजुमन इस्लाहुल मुसेलमिन कमेटी और मेदिनीनगर मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने काली पट्टी बांधकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उनके हाथों में 'वक्फ संशोधन कानून वापस लो' और 'हमारा वक्फ हमारी पहचान' जैसी तख्तियां थीं। मेदिनीनगर के साथ चैनपुर के लोग भी जुलूस में शामिल हुए। दूसरी ओर, बंगाल में हुई हिंसा को देखते हुए प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। एएसपी राकेश कुमार, एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद और दंडाधिकारी सदर सीओ अमरजीत बिल्होत्रा




जवानों के साथ जुलूस के साथ चले। पुलिस ने जुलूस से पहले शहर में फ्लैग मार्च और ड्रोन से निगरानी की।

### राष्ट्रपति के नाम डीडीसी को सौंपा गया मांग पत्र

उधर, जुलूस नूरी मस्जिद पहाड़ी मोहल्ला से शुरू होकर मदीना मस्जिद, लाल कोठ, छोटी मस्जिद और सतार सेठ चौक होते हुए अस्पताल चौक पहुंचा। वहां से छह मुहान में विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद कचहरी रोड से होते हुए स्जुलूस ग्माहरणालय पहुंचा। जिशान खान, मुन्ना खान, हाजी ललन और सन्नू सिद्दीकी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शब्बीर अहमद को राष्ट्रपति के नाम मांग पत्र सौंपा।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** टोटो पेट्रोल पंप के समीप बीते मंगलवार की रात हुए सड़क दुर्घटना में घायल कीता निवासी 22 वर्षीय युवक संतोष उरांव की इलाज के दौरान शुक्रवार दिन के 2 बजे साहु नर्सिंग होम में मौत हो गयी। ज्ञात हो कि इस दुर्घटना में आर्मी जवान की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी थी जबकि उसके दो साथी संतोष उरांव और बबलू उरांव गंभीर रूप से घायल थे। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स के लिए रेफर किया गया था, लेकिन परिजनों ने दोनों घायलों को पालकोट रोड स्थित साहु नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। जहां शुक्रवार को संतोष उरांव की मौत हो गयी। संतोष उरांव कार्तिक उरांव कालेज का छात्र था और उरांव छात्रावास दुंदुरिया में रहता था। घायल संतोष की मौत की सूचना मिलने के बाद छात्रावास के छात्रों की भीड़ नर्सिंग होम में जमा हो गयी। डेवीडीह निवासी घायल बबलू उरांव की भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। उसका भी इलाज साहु नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है।

## तालाब में डूबे वृद्ध के शव की खोजबीन जारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा ।** प्रखंड के कुगांव ग्राम में तालाब में डूबे भिखुवा उरांव के शव को खोजने का सिलसिला जारी है। वहीं पुलिस प्रशासन शुक्रवार को भी दिन के 10 बजे से समाचार चलाये जाने तक खोजने का प्रयास कर ही रही है। वही पुलिस प्रशासन द्वारा मछली मारने वाले मछुआरे के प्रयास से फेंका जाल के माध्यम से भी खोजने का प्रयास उक्त तालाब में पुलिस प्रशासन द्वारा करायी गयी। लेकिन भिखुवा के शव को नहीं खोजा जा सका। परिजन आस लगाये बैठे हुए हैं कि भिखुवा का शव मिल पाये। कठिन प्रयास के बाद भी कोई नतीजा सामने नहीं आया है। वही पुलिस प्रशासन एनडीआरएफ की टीम बुलाने को लेकर लगातार प्रयास कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी पुनीत मिंज ने कहा कि घटनास्थल पर ही पुलिस प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही एनडीआरएफ की टीम को भी मेल के माध्यम से और दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गयी है। जल्द ही एनडीआरएफ टीम पहुंचेगी।

## नाबालिग छात्रा के साथ गैंगरेप के आरोप में चार पर प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय छात्रा के साथ चार युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग छात्रा शुक्रवार दिन के 2 बजे अपनी बुआ के साथ गुमला थाना पहुंचकर चार लड़कों के विरुद्ध लिखित आवेदन देते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है।

पूरा घटनाक्रम 14 अप्रैल की रात का है। छात्रा अपनी कुछ सहेलियों के साथ गांव में ही एक शादी समारोह में भाग लेने गयी थी। रात के करीब 10 बजे नाच गान का कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच छात्रा अपनी दो सहेलियों के साथ बगल के तालाब के पास गयी। उसकी दोनों सहेलियां पेड़ के नीचे बैठ गयी जबकि छात्रा तालाब की ओर चली गयी। इसी बीच चार लड़के वहां पहुंचे और उसका मुंह दबाकर सुनसान जगह ले गये। जहां बारी-बारी से चारों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। फिर रात करीब 12 बजे उसे छोड़कर भाग गये। लड़की किसी तरह अपने घर पहुंची जहां उसके दादा-दादी दरवाजा खोलें और लड़की के फटे कपड़े और हुलिया को देखकर किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत हो गये। इस बीच काफी पूछने पर भी डर से लड़की किसी को कुछ नहीं बतायी क्योंकि आरोपियों ने किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी।

पीड़िता के माता-पिता दूसरे प्रदेश में मजदूरी करते हैं। छात्रा अपने दादा-दादी के साथ रहकर पढ़ाई करती है। शुक्रवार की सुबह हिम्मत जुटाकर पीड़िता अपने दूर में रहने वाली एक बुआ को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। जिसके बाद बुआ गांव पहुंची और लड़की को लेकर टोटो थाना पहुंची और सारी बात बतायी। वहीं टोटो थाना पर प्रभारी उदेश्वर पाल पीड़िता को लेकर गुमला थाना पहुंचे और प्राथमिकी दर्ज करायी। जिसके बाद पीड़िता का मेडिकल जांच कराया गया। वहीं पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी कर रही है।

## इनर व्हील क्लब ने बच्चों को दांतों की सफाई के लिए किया जागरूक




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष निर्मला अग्रवाल एवं दंत चिकित्सक मन प्रिया अग्रवाल, डॉ अर्चना अग्रवाल ने डीएवी पब्लिक स्कूल के करीब 80 बच्चों की दांतों की जांच कर उन्हें स्वच्छ दांत रखने के लिए कैसे साफ-सफाई करने हैं एवं टूथपेस्ट एवं टूथ ब्रश कितने बार एवं कौन-कौन समय में करना है उसके बारे में बताया गया। साथ ही बच्चों को कौन सा खान-पान करना चाहिए और दांतों को हानि पहुंचाने वाले खाद्य पदार्थों को लेकर भी जागरूक किया गया। वहीं डॉ अर्चना अग्रवाल ने कहा कि इंसान के लिए दांतों का अहम हिस्सा माना जाता है इसलिए समय-समय पर उसकी जांच कराने की आवश्यकता है। इसके पूर्व में सर्वप्रथम डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के प्रिंसिपल डॉ आरके साहू को इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष निर्मला अग्रवाल ने उनका स्वागत बुके देकर किया। मौके पर सचिव राजकुमारी विश्वकर्मा, उषा गुप्ता, मिली कुमारी, पूजा, किरण देवी, आकांक्षा इत्यादि उपस्थित थे।

## गुड फ्राइडे के अवसर पर बरडीह क्रूस टोंगरी में धार्मिक कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** गुड फ्राइडे के अवसर पर देवगांव चर्च के बरडीह युनिट चर्च के अंतर्गत बरडीह क्रुस टोंगरी में क्रुस रास्ता का धार्मिक कार्यक्रम किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में गुमला धर्मप्रांत के काथलिक सभापति सेत कुमार एक्का एवं उनके टीम और विशिष्ट अतिथि के तौर पर देवगांव पल्ली सह करौंदाबेडा भिखारिएट सभापति और प्रखंड युवा कांग्रेस कमिटि पालकोट सह प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति पालकोट के अध्यक्ष रोहित एक्का, तपकारा मुखिया कांति केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप सोरेंग मुख्य रुप से उपस्थित हुए।

गुड फ्राइडे के पवित्र दिवस के शुभ अवसर पर संत जेवियर चर्च देवगांव के युनिट चर्च बरडीह के पंच गण एवं सभी मसीही विश्वासीयों के अगुवाई में येशु मसीह के कलवारी पहाड़ की दुःखमयी क्रुस यात्रा को स्मरण करते हुए क्रुस रास्ता धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी विश्वासीयों ने क्रुस रास्ता के सभी चौदहों स्थान में जाकर येशु मसीह के दुख भरी यात्रा में प्रताड़ित किए गए प्रत्येक स्थान को याद कर प्रार्थना किये। इस अवसर पल्ली पुरोहित फा बरनाबस केर-केट्टा सहित सैकडों मसीही विश्वासी मौजूद थे।

## बालू लदा ट्रैक्टर पलटने से नाबालिग की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** गाढ़ाटोली बुढ़ीपाठ रोड पर बालू लदे ट्रैक्टर पलटने से 13 वर्षीय नाबालिग किशोर की हुई दर्दनाक मौत। मृतक भरनो प्रखंड के मारासिली गांव निवासी बौना उरांव का 13 वर्षीय बेटा आदित्य मिंज हैं। जानकारी के अनुसार आदित्य गांव के अन्य युवकों के साथ ट्रैक्टर में मजदूरी करने गया था। उक्त ट्रैक्टर लालटोली का है।ये लोग जुरा नदी से बालू लेकर सुकुरहुटू जा रहे थे। तभी रास्ते में ट्रैक्टर का डाला पलट गया, मृतक भी उसमें दब गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक इंजन लेकर वहां भाग गया। अन्य मजदूरों ने उसे डाला से बाहर निकालकर भरनो अस्पताल पहुंचाया। परंतु उसकी मौत हो चुकी थी। बता दें कि ट्रैक्टर में बालू ढोने का काम अक्सर नाबालिग चालक और मजदूर का करते हैं। ये सब प्रशासन के नाक के नीचे हो रहा है, पर प्रशासन मौन है, आज के इस घटना के बाद प्रशासन को सबक लेने चाहिए, प्रशासन को इसपर रोक लगाना चाहिए। मौके पर पुलिस पहुंच शव कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराने के लिए गुमला भेज दिया और आगे की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

## हरिहर महायज्ञ और श्रीराम कथा के तीसरे दिन शिव-पार्वती विवाह प्रसंग ने मोहा मन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड सिसई अंतर्गत ग्राम भदौली मंडा डांड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण में चल रहे पांच दिवसीय श्री श्री 1008 हरिहर महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा ने पूरे क्षेत्र को आस्था और भक्ति के रंग में रंग दिया है। धार्मिक उत्साह से सराबोर यह आयोजन ग्रामवासियों समेत दूर-दराज से आये श्रद्धालुओं के लिए भक्ति का केंद्र बन गया है। कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रख्यात कथा वाचिका वीणा मिश्रा ने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग की अत्यंत भावपूर्ण और संगीतमय प्रस्तुति दी। उनके मधुर स्वर और सरल भाषा में कही गयी कथा ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दौरान जब-जब भजनों की प्रस्तुति हुई, तब-तब श्रद्धालुओं की तालियों, जयकारों और नृत्य से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। महिलाएं, पुरुष और बच्चे भजन के सुरों पर झूमते नजर आये, वहीं हर हर महादेव और जय श्रीराम के उद्घोष से भदौली मंडा डांड़ गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर आरती में भाग लिया और संगीतमय भजनों के माध्यम से प्रभु की आराधना की। हर दिन कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान चालीसा और आरती से की जा रही है, जो श्रद्धालुओं को ऊर्जा और भक्तिभाव से भर देती है। कथा वाचिका वीणा मिश्रा के साथ वादन कर रहे कलाकार भी अयोध्या से विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं, जिनकी संगत ने भजनों की प्रस्तुति को और भी दिव्य बना दिया। तीसरे दिन की कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिसे देखते हुए आयोजन समिति द्वारा समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गयी थी। कथा स्थल पर शांति, अनुशासन और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक एकता और समर्पण का भी प्रतीक बन गया है।

## बैलेट पेपर से होगा प्रेस क्लब का चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** प्रेस क्लब गुमला का चुनाव गुप्त मतदान द्वारा बैलेट पेपर के माध्यम से किया जायेगा। यह निर्णय 18 अप्रैल को जिले के पत्रकारों की बैठक में लिया गया। बताया गया कि प्रेस क्लब, गुमला के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। वोटिंग प्रक्रिया द्वारा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव और कोषाध्यक्ष कुल पांच पदों के लिए चुनाव होगा। इसमें प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया के साथी ही मतदाता रहेगें। मतदान कक्ष के अंदर कैमरा, मोबाइल, जैसी चीजें ले जाना वर्जित रहेंगी। मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया अति तीव्र गति से संचालित की जायेगी। मतदाता सूची तैयार हो जाने के बाद समिति द्वारा सत्यापन किया जायेगा। सत्यापन के बाद मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। मतदाता सूची प्रकाशन के उपरांत आपत्ति दर्ज करने के लिए मतदाताओं को 5 दिन का समय दिया जायेगा। आपत्ती अवधी समाप्ति की के बाद मतदाता सूची का अंतिम और फाइनल प्रकाशन किया जायेगा। अंतिम प्रकाशन के बाद मतदाता सूची में कोई फेरबदल नहीं किया जायेगा। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद चुनाव आचार संहिता की घोषणा की जायेगी। जिसमें चुनाव की तिथि, नामांकन की तिथि, नामांकन वापसी तिथि, चुनाव चिन्ह का आवंटन प्रचार प्रसार से संबंधित दिशा निर्देश चुनाव समिति द्वारा दिया जायेगा।

## आरएसबी ग्रुप ने 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' का प्रतिष्ठित प्रमाणन किया प्राप्त

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले स्थित भारत के अग्रणी ऑटोमोटिव घटक निमार्ता आरएसबी ग्रुप को ग्रेट प्लेस टू वर्क द्वारा सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों के लिए प्रतिष्ठित प्रमाणन के रूप में मान्यता दी गयी। यह प्रमाणन संगठन की समावेशी, सहयोगात्मक और नवाचार-सक्षम कार्यसंस्कृति का प्रमाण है। आरएसबी ग्रुप की कार्यकारी निदेशक (एचआर) निर्मला बेहरा ने बताया 6000+ कर्मचारी हमारे संगठन की रीढ़ हैं। यह सम्मान हमारे साझा प्रयासों का प्रतिबिंब है जहाँ विश्वास, गर्व और सौहार्द को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने कहा आरएसबी ने ट्रस्ट इंडेक्स मॉडल में भारत की शीर्ष 100 कंपनियों के समकक्ष प्रदर्शन किया।

## आयुष्मान आरोग्य अस्पताल की इंचार्ज पर जानलेवा हमला, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** एमजीएम थाना क्षेत्र के रूहीडीह स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर अस्पताल की इंचार्ज ज्योति कुमारी पर कुछ अज्ञात लोगो ने जानलेवा हमला कर दिया। शुक्रवार सुबह घटना में कुदाल से उनके सिर पर वार किया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद उन्हें तत्काल टीएमएच लाया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पीड़िता के भाई प्रेम प्रकाश ने बताया सुबह तीन-चार लोग अस्पताल परिसर में आए और बिना किसी बात के अचानक हमला कर दिया। बहन लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गयी। हमले के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गये। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गयी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलने पर पटमदा डीएसपी मौके पर पहुंचे। जांच के बाद डीएसपी ने बताया ज्योति कुमारी अस्पताल परिसर में ही अपने परिवार के साथ रहती थीं। अभी तक हमले के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल की घेराबंदी कर मामले की गंभीरता से जांच की जारही है। शीघ्र आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जायेगी। उधर घटना के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने जिला प्रशासन से घटना की जांच कर अपराधियों की गिरफ्तारी का मांग की।

## योग्य दंपति सर्वे 25 तक चलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** योग्य दंपति सर्वे 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक सभी गुमला जिला के सहियाओं द्वारा अपने-अपने ग्रामों, शहरी वार्डों में सर्वेक्षण कर रही है। 26 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक सर्वेक्षण के आंकड़ों को संकलन एवं अध्ययन कर प्रमाण स्तर पर इसका संधारण किया जायेगा तथा 18 से 49 वर्ष तक की सभी नव विवाहित अविवाहित दंपति तथा साथ में रहने वाले युवक-युवतियों के प्रजनन आवश्यकताओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सहियाओं द्वारा प्रपत्र अनुरूप सूचीबद्ध किया जा रहा है। सर्वेक्षण के समय भ्रमण के दौरान आवश्यकता एवं मांग के अनुसार सहिया या इच्छुक और योग्य दंपति महिला को विभिन्न अस्थायी विधि का सेवा दे रही है। अस्थायी एवं स्थायी विधि लेने वाले इच्छुक दंपति को पूर्ण परामर्श के पश्चात उनके द्वारा चुने गये उनके विधियों का लाभ चिकित्सा, एएनएम और सहियाओं के माध्यम से उपलब्ध किया जा रहा है। जिस ग्राम या शहरी क्षेत्र में तीन या तीन से अधिक बच्चे वाले योग्य दंपति की संख्या अधिक है, ग्राम में परिवार नियोजन विधि का कम प्रयोग किया जाता हो और जिस ग्राम में दो बच्चों के अंतर की संख्या ज्यादा हो वहां-वहां सूचीबद्ध कर उन्हें परामर्श देकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भेज रही है। सर्वेक्षण के दौरान सहियाओं के द्वारा प्रत्येक गांव में तीन संदेश का दिवाला लेखन तथा प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। जिसमें छोटा परिवार सुखी परिवार, बच्चे एक या दो ही अच्छे, शादी हो 21 के बाद बच्चे हो 23 के बाद है।

# स्पोर्ट्स



पेरिस खेलों में रजत पदक जीतने वाली यूएसए की सेगेन मैडालेना ने स्वर्ण पदक जीता। सेगेन के प्रयास ने यूएसए को तीन स्वर्ण और छह पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया।

## आइएसएसएफ विश्व कप : 50 मीटर राइफल 3पी में आठवें स्थान पर रहीं श्रीयंका सदांगी

एजेंसी

**लीमा।** पेरिस ओलंपिक निशानेबाज श्रीयंका सदांगी यहां आइएसएसएफ विश्व कप राइफल/ पिस्टल/ शॉटगन चरण के तीसरे दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) फाइनल में आठवें स्थान पर रहीं। वह इस डबल लेग वाले दक्षिण अमेरिकी प्रवास पर पहली बार व्यक्तिगत विश्व कप फाइनल में जगह बनाने वाली नवीनतम भारतीय निशानेबाज बन गयी, लेकिन स्टैंडिंग पोजिशन राउंड के 10वें शॉट के बाद बाहर हो गयी, जो 45 शॉट के फाइनल का 40वां शॉट था।



फाइनल में श्रीयंका ने अपने पहले प्रयास में 10.5 के साथ अच्छी शुरूआत की, लेकिन जैसे-जैसे फिनिश की ओर बढ़ना शुरू हुआ, श्रीयंका हारती गयी। उनका सबसे अच्छा मौका तब था जब वे दूसरे प्रोन पोजीशन के दो और शॉट के साथ छठे स्थान पर पहुंच गयी थीं, लेकिन 9.8 और 9.3 के रिटर्न ने उनकी चुनौती को प्रभावी ढंग से खत्म कर दिया। उन्होंने अपना अंतिम शॉट 9.9 के साथ पूरा किया और 400.7 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहीं ब्राजील की जियोवाना मेयर के साथ बाहर हो गयी।

पेरिस खेलों में रजत पदक जीतने वाली यूएसए की सेगेन मैडालेना ने स्वर्ण पदक जीता। सेगेन के प्रयास ने यूएसए को तीन स्वर्ण और छह पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया। गुरुवार को तीसरे दिन प्रतियोगिता के अंत में भारत दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

भारतीय निशानेबाजों के लिए कुल मिलाकर चुनौतीपूर्ण दिन रहा, उनमें से कोई भी पुरुष 3पी फाइनल में नहीं पहुंच सका और पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) स्पर्धा में क्वालीफाइंग के पहले दौर के बाद उन्हें बहुत कुछ करना था।

महिलाओं की 3पी स्पर्धा में भी पहले दो नीलिंग और प्रोन पोजीशन के बाद भारतीयों को संघर्ष करना पड़ा, लेकिन श्रीयंका, आशी चौकसे और पिछले विश्व कप स्वर्ण विजेता सिफ्ट कौर समरा ने फाइनल स्टैंडिंग पोजीशन में शानदार गति पकड़ी और क्वालीफाइंग मार्क के लिए दौड़ लगायी। श्रीयंका 588 के ठोस स्कोर के साथ सातवें स्थान पर पहुंचने में सफल रहीं,आशी नौवें स्थान पर रहीं जबकि सिफ्ट 11वें स्थान पर रहीं, दोनों 587 पर रुकीं और इस तरह मामूली अंतर से चूक गयी।

## डेवाल्ड ब्रेविस सीएसके में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2025 के बीच चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में बड़ा बदलाव हुआ है। फ्रेंचाइजी ने चोटिल युवा तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह की जगह दक्षिण अफ्रीका के युवा खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस को शामिल किया है।



आईपीएल की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार चेन्नई सुपर किंग्स ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2025 के शेष मैचों के लिए चोटिल गुरजपनीत सिंह के स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को अनुबंधित किया है। वह 2.2 करोड़ रुपये में सीएसके का हिस्सा बनेंगे। दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस इस सत्र से पहले हुई मेगा नीलामी में अनसोल्ड रहे थे। उन्हें किसी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा था। अब सीएसके ने उन्हें अपने साथ जोड़ा है। डेवाल्ड ब्रेविस ने कुल 81 टी20 मैच खेले हैं और 162 के उच्चतम स्कोर के साथ 1787 रन बनाए हैं। उन्होंने 2023 में दक्षिण अफ्रीका के लिए अपना टी20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया और अब तक दो टी20 मुकाबले खेले हैं। ब्रेविस आईपीएल में इससे पहले मुंबई इंडियंस की ओर से खेल चुके हैं, जहां उन्होंने 10 मैच खेले थे। इससे पहले सीएसके के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ भी चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह टीम ने युवा आयुष म्हात्रे को शामिल किया था। वहीं कप्तानी की जिम्मेदारी महेंद्र सिंह धोनी के हाथों में है।

# नयी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर माइनिंग सेक्टर में सुरक्षा सुनिश्चित करें: डॉ मनसुख मांडविया

## माइनिंग क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों के स्वास्थ्य को लेकर भी दिया जरूरी दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय श्रम, रोजगार, खेल एवं युवा विभाग के मंत्री डॉ मनसुख मांडविया शुक्रवार को धनबाद पहुंचे। उन्होंने पुलिस लाइन स्थित खान सुरक्षा विभाग में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कई अहम दिशा-निर्देश दिए। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि माइनिंग सेक्टर में नई-नई टेक्नोलॉजी और उपकरण आ रहे हैं। जिसका उपयोग कर सुरक्षा सुनिश्चित करनी है। उन्होंने यह भी कहा कि माइनिंग क्षेत्र में कार्य करने वाले मजदूरों के स्वास्थ्य को लेकर भी केंद्र सरकार गंभीर है। यही कारण है कि स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए इएसआइसी के अलावा आयुष्मान भारत योजना से भी जोड़ा जा रहा है। सभी अस्पताल को नोटिफाई कर मजदूरों को जो सुविधा ईएसआईसी के अस्पताल में ना मिल पाये वह सुविधा उसको आयुष्मान भारत योजना के जरिए मिल सके। ताकि हर मजदूर अपने घर के नजदीकी अस्पतालों में जाकर इलाज करवा सके। यह भी सुनिश्चित किया है।

## धनबाद पहुंचे केंद्रीय मंत्री के समक्ष जिप चेयरमैन शारदा ने उठाया ठेका मजदूरों के शोषण का मुद्दा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय श्रम, रोजगार, खेलकूद और युवा मामलों के मंत्री डॉ मनसुख मांडविया शुक्रवार को धनबाद स्थित डीजीएमएस परिसर पहुंचे। धनबाद आगमन पर जिला परिषद की चेयरमैन शारदा सिंह ने उनका स्वागत किया। इस दौरान शारदा सिंह ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष बीसीसीएल में कार्यरत ठेका मजदूरों के शोषण का मुद्दा उठाता हुए उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। बताया कि ठेका मजदूरों को भारत सरकार की ओर से निर्धारित दर से कम वेतन दिया जा रहा है। उन्हें मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रखा गया है। चेयरमैन ने मांग की कि इन मजदूरों को उचित वेतन, सुरक्षा और अन्य सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराई जाएं। इस पर केंद्रीय मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, झरिया विधायक रागिनी सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




## मधुबन गोलीकांड : नोटिस देकर फरार आरोपियों को आत्मसमर्पण की हिदायत

**महुदा (आजाद सिपाही)।** धर्माबांध ओपी क्षेत्र के बाबुडीह में हुई हिंसक झड़प, गोलीकांड और डीएसपी पर हमले के मामले में फरार आरोपियों पर पुलिस और न्यायालय ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिला न्यायालय के निर्देश पर शुक्रवार की शाम धर्माबांध ओपी प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने धर्माबांध बस्ती पहुंचकर फरार आरोपियों के परिजनों को अंतिम नोटिस थमाया। यह नोटिस दीपक रवानी, दिनेश रवानी, चंदन रवानी और चंदन महतो के परिजनों को सौंपा गया, जिसमें कहा गया है कि सभी फरार आरोपी जल्द-से जल्द न्यायालय में आत्मसमर्पण करें। यदि ऐसा नहीं करते हैं तो उनके घरों की कुर्की की जाएगी। ओपी प्रभारी ने ग्रामीणों से भी सहयोग की अपील की। कहा कि आरोपी अगर समय रहते आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी पड़ेगी। बतातें चलें कि इस कांड में कुल 120 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज है, जिनमें से 37 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं शेष 36 फरार आरोपियों के घर पर पहले ही इश्तेहार चिपकाया जा चुका है। पुलिस ने साफ कर दिया है कि अब कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी और जो भी आरोपी सरेंडर नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कुर्की-जब्ती जैसी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## मंजूरा में धूमधाम से मना प्रकृति पर्व सरहुल

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कसमार प्रखंड के मंजूरा गांव स्थित नाइया जेहरा स्थान में शुक्रवार को मंजूरा पंचायत के आदिवासी कुड़मि समाज ने सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया। गांव के नाइया जानकी महतो गुलिआर ने खीर का भोग चढ़ाकर सरना स्थल नाइया जेहरा स्थान में पूजा की। इसके बाद नइया जेहरा स्थान से ही ग्रामीणों ने नाया को झाणड़ हाड़ी से सिर पर पानी डालते हुए घर तक लाए। अपने पुरखों के निवास स्थल भूत पिंडा के समक्ष नइया को बैठाकर गांव की महिलाओं एवं बच्चियों ने उनको तेल हल्दी लगाकर सिर पर पानी डाल आशीर्वाद लिया। इस दौरान नइया ने ग्रामीणों के बीच सखुआ के फूल बांटे। ग्रामीणों ने बताया कि मंजूरा गांव में चड़क पूजा के बाद सरहुल पर्व मनाने की परंपरा गांव बसने के दौरान से ही पीढ़ी दर पीढ़ी सदियों से चली आ रही है। नाइया जेहरा स्थान कुड़मि सहित आदिवासियों की गहरी आस्था का केंद्र है। इस पर्व के माध्यम से भूमिगत जल स्तर का अनुमान एवं भविष्य में वर्षा की संभावना का पूर्वानुमान लगाते हैं। जो आगामी धान की फसल में काफी लाभदायक होता है। इसके लिए नाइया जेहरा स्थान में सरहुल पूजा के दौरान कांसा के लोटा में पानी भरकर उसे अगले पांच दिनों तक घर में रखा जाता है। इसके बाद लोटा में विद्यमान जल के स्तर से अनुमान लगाया जाता है कि इस वर्ष वर्षा कैसी होगी। सरहुल पर्व प्रकृति के प्रति प्रेम और समर्पण को दर्शाने वाला है। जिसमें पूरे उल्लास के साथ प्रकृति के संरक्षण के साथ-साथ आदिकाल से चली आ रही आदिवासियों की बेमिसाल परंपरा के निर्वहन और उसके मूल रूप में सहेजे जाने का भी संदेश प्रसारित करता है। इस मौके पर भागीरथ बंसरिआर, सदानंद, गुलिआर, मिथिलेश महतो केटिआर, प्रवीण केसरिआर, ज्ञानी गुलिआर, कुलेश्वर केसरिआर, पियुष बंसरिआर, सहदेव झारखंडी, उमेश केसरिआर, अखिलेश केसरिआर, सुभाष हिंदइआर, बालेश्वर पुनअरिआर, मुरली जालबानुआर, शांती गुलिआर, रंजीत गुलिआर, शैलेश केसरिआर, राजकिशोर केसरियार, कमल जालबानुआर, नरेश गुलिआर, सुनील केसरिआर, हीरालाल केसरियार, उमेश केसरियार, प्रकाश केसरियार, सुदेश केटिआर, उमाचरण गुलिआर आदि मौजूद थे।



## झारखंड किसान विकास संघ ने सरकार से की भूदान यज्ञ कमेटी के जल्द पुनर्गठन की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** 75वें भूदान दिवस पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन निरीक्षण भवन प्रांगण में झारखंड किसान विकास संघ की ओर से किया गया। जिसकी अध्यक्षता संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष एवं भूदान यज्ञ कमेटी के पूर्व सदस्य रामचंद्र रवानी, जबकि संचालन संजय कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोबा भावे की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ की गयी। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के वर्धा के गांधी सेवा ग्राम के शत्रुघ्न झा शामिल हुए। जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विनोबा भावे ने भूदान यज्ञ कमेटी की मदद से भूमिहीन, गरीबों, हरिजनों, आदिवासियों के बीच भूमि वितरण का नियम बनाया था। जिसके तहत देश में भूमिहीन किसानों को जमीन वितरण की गई है। आज भी इसी दिशा में झारखंड एवं अन्य प्रदेश में जमीनें बांटी गई है। आगे भी ग्राम सभा के माध्यम से भूमिहीनों में जमीनें बांटी जानी है। यह जमीन भू माफिया, बड़े-बड़े उद्योगपति एवं बड़ी-बड़ी कंपनियों की नहीं है। यह जमीनें गरीब भूदान किसानों कि है जो गरीबों को ही मिलेगी। इसके लिए जल्द ही 21 लोगों को चिन्हित कर एक कमेटी बनाई जाएगी, जो लोग भूदान कि जमीनों की देखरेख करेंगे। चिंतन शिविर के वक्ताओं में गीता देवी, (हजारीबाग) अरुण कुमार (गिरिडीह), रूपनारायण सिंह (जामताड़ा), घनश्याम मिश्र (बोकारो), संतोष विकराल, योगेश्वर महतो, (हजारीबाग), रामकृष्ण महतो, कुणाल, पिंकी कौशल, उमेश ऋषि, मगधेश कुमार, चिंतामणि महतो, आदि ने अपने-अपने विचार रखे। कहा कि भूदान यज्ञ कमेटी से प्राप्त बची हुई जमीनों को झारखंड में वितरण कर विनोबा भावे के सपनों को साकार करना है। संगठन के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर सरकार से मांग की कि झारखंड में जल्द से जल्द कमेटी का पुनर्गठन हो, ताकि गरीब भूमिहीन किसानों को उनका हक एवं अधिकार मिल सके। इस मौके पर सुमित्रा देवी, राम किशुन महतो, उमेश कुमार सिंह, मनोज कुमार, कलावती देवी, बबीता देवी, कंचन देवी, मनोज सिन्हा, बबीता देवी, पिंकी कौशल पासवान, सुनीता कुमारी, पूनम देवी, किरण देवी, संगीता देवी, नेहा सिंह, शिव कुमार, राजेश कुमार, अरुण कुमार, संजय सिन्हा, किरण देवी, सुदर्शन शाव, युधिष्ठिर महतो, सोनी परवीन, फैयाज अहमद, महेश महतो, शिबू मुर्मु, बाकु मोदी, फूलचंद कोड़ा आदि उपस्थित थे।



## इनमोसा की 27 सूत्री मांग को लेकर जीएम के साथ बैठक



**सिजुआ/धनबाद (आजाद सिपाही)।** इनमोसा की ओर से दिए गए 27 सूत्री मांगों को लेकर शुक्रवार को सीजुआ क्षेत्रिय कार्यालय सभागार में महाप्रबंधक के साथ बैठक हुई। जिसमें इनमोसा के उप महामंत्री कुश कुमार सिंह ने महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद एवं उनकी क्षेत्रीय प्रबंधक मानव संसाधन अशोक कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी मो आलम एवं परियोजना पदाधिकारी कुंडू (क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त) से जो भी समस्यायें है उसे त्वरित संज्ञान में लेते हुए निष्पादन करने की मांग की। इनमोसा गत वर्ष कोयला उत्पादन लक्ष्य प्राप्ति में अहम भूमिका निभाई थी। कुश कुमार सिंह ने कहा कि कंपनी हित में संगठन के साथ कोई खिलवाड़ नहीं किया जाए। वहीं, महाप्रबंधक ने भी सभी 27 सूत्री मांगो पर एक-एक कर चर्चा की एवं इनमोसा की मांगों को जायज ठहराते हुए गंभीरता से विचार करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का भरोसा दिया। इस मौके पर डिविजनल अध्यक्ष महेश प्रसाद चौहान, संयुक्त सचिव यशवंत सिंह, क्षेत्रिय अध्यक्ष अरूण दुबे, क्षेत्रिय सचिव विजय कुमार, प्रेम कुमार, शिरीष कुमार, मनोज पांडे, पंकज कुमार, चंद्रमा कुमार, उपेंद्र दास, वीरेंद्र मण्डल, पियूष चक्रवर्ती, परवेज अख्तर, अनिल कुमार, दीपक कुमार, रॉबिन कुमार दत्ता, सीताराम प्रजापति, गुड्डू प्रसाद, रामचन्द्र नोनिया, शनि शर्मा, विनोद कुमार, मनीष कुमार, रंजीत कुमार, निशांत श्रीवास्तव, रितेश मिश्रा, रितेश पांडे, बादल कुमार, चिंतामन दास, श्रवण कुमार, राजेश साव, उपेंद्र दास, भोला गोप, सोमनाथ तिवारी आदि मौजूद रहे।

## बचाव को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** खान सुरक्षा विभाग में शुक्रवार को मॉक ड्रिल आयोजित हुआ। जहां रेसक्यू टीम ने सुरक्षा अधिकारी को परियोजना व्यू प्वाइंट बुलाया। कहा कि परियोजना में काली जोरीया का पानी भर गया है। इस पर मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया। सुरक्षा अधिकारी ने उच्चाधिकारियों को फोन पर पानी भरने की सूचना देते हुए मॉक ड्रिल शुरू किया गया। जिसके बाद आनन-फानन में खदान में फंसे व्यक्ति को रेस्क्यू कर बाहर निकलकर एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया।

## जामाडोबा यूनिट में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील फाउंडेशन जामाडोबा इकाई की ओर से मॉडल करियर सेंटर (एमसीसी), जमशेदपुर के सहयोग से शुक्रवार को 6-7 पिट कम्युनिटी सेंटर में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव एमआरएफ टायर्स और विस्ट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड में उपलब्ध मौजूदा रोजगार के अवसरों के लिए आयोजित की गई थी। इसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें सार्थक नौकरी के माध्यम से सशक्त बनाना है। यह प्लेसमेंट ड्राइव 18 से 35 वर्ष की आयु के उम्मीदवारों को लक्षित करती है, जिनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट (10 प्लस 2), आईटीआई, डिप्लोमा या स्नातक है। यह अवसर पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवारों के लिए है। प्लेसमेंट ड्राइव के तहत कुल 132 प्रतिभागियों ने इंटरव्यू प्रक्रिया के लिए पंजीकरण कराया, जिसमें 86 पुरुष एवं 46 महिलाएं शामिल थीं। इस मौके पर श्वेता मिश्रा, हेड (एडमिनिस्ट्रेशन) झरिया डिवीजन, टाटा स्टील लिमिटेड संतोष कुमार महतो, क्षेत्रीय सचिव, आरसीएमयू (झरिया एवं वेस्ट बोकारो) एवं राजेश कुमार, यूनिट लीड, टाटा स्टील फाउंडेशन जामाडोबा मुख्य रूप से शामिल थे। प्रस्तावित नौकरियां मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से संबंधित हैं, जिनके लिए कार्यस्थल गुजरात के दहेज और कर्नाटक के बेंगलुरु निर्धारित किए गए हैं। चयन प्रक्रिया प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान ही आयोजित व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर संपन्न हुई। युवाओं तक इस अवसर की जानकारी पहुंचाने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायत प्रतिनिधि, फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मी और टाटा स्टील फाउंडेशन की फील्ड टीम ने सम्मिलित प्रयास किए और क्षेत्र के पात्र युवाओं से सक्रिय संवाद स्थापित किया। बतातें चलें कि बढ़ती बेरोजगारी की चुनौती से निपटने के लिए टाटा स्टील फाउंडेशन हर वर्ष प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभिन्न पंचायतों में कुल तीन प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किए गए, जिनमें 376 उम्मीदवारों ने इंटरव्यू में भाग लिया। इनमें से 105 प्रतिभागियों का चयन भारत की प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे विस्ट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकडॉनल्ड्स में सफलतापूर्वक किया गया।

## धनबाद में होगा वन नेशन वन इलेक्शन पर मंथन, तैयारी पूरी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद के व्यवसायी संगठन वन नेशन वन इलेक्शन के पक्ष में हैं। इसे लेकर फेडरेशन ऑफ धनबाद जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज 20 अप्रैल को धनबाद में एक देश एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन करने जा रही है। साथ ही सभी की सहभागिता से एक देश एक चुनाव के पक्ष में राष्ट्रपति को पत्राचार भी करेगा। इसका मतलब देश में लोकसभा और सभी राज्य के विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराना है। धनबाद का व्यवसायी संगठन का मानना है कि वन नेशन वन इलेक्शन के लागू होने से संसाधनों के साथ ही समय की भी बचत होगी और विकास तेजी से बढ़ेगा। धनबाद जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय पर 20 अप्रैल को टाउन हॉल में आयोजित होनेवाली संगोष्ठी में व्यापक चर्चा होगी। महासचिव अजय नारायण लाल ने कहा कि अलग अलग तिथियों में चुनाव होने से व्यापारी वर्ग को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। व्यापार प्रभावित होता है और व्यापारी पर सीधे तौर पर आर्थिक चोट पड़ता है। उन्होंने कहा कि धनबाद में लोकसभा का चुनाव हुआ और तीन माह बाद विधानसभा के चुनाव हुए। चुनाव में कृषि बाजार समिति को स्ट्रांग रूम बनाया गया, जिस कारण तीन माह व्यापार ठप रहा। धनबाद जिला चैंबर के अनुसार भारत में 1951-52 से 1967 तक राज्य विधानसभाओं और लोकसभा के लिए चुनाव एक साथ होते थे। यह चक्र टूट गया और वर्तमान में चुनाव हर वर्ष और कभी-कभी एक वर्ष के भीतर अलग-अलग समय पर होते हैं, जिससे भारी सरकारी व्यय होता है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है। ऐसे में वन नेशन वन इलेक्शन का कॉन्सेप्ट देश की प्रगति में एक साहसिक कदम होगा। इस मौके पर फेडरेशन के अजय नारायण लाल महासचिव, प्रदीप सिंह वरीय उपाध्यक्ष, विनोद सिंह, वरीय उपाध्यक्ष, देवाशीष पाल उपाध्यक्ष, मनोरंजन सिंह उपाध्यक्ष, अरुण कांधवे उपाध्यक्ष, श्रवण सिंह संगठन सचिव, शैलेश सिंह सहसचिव, अभिषेक विश्वकर्मा कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये कॉमरेड एसके बख्शी

**धनबाद/धनसार (आजाद सिपाही)।** बीसीकेयू के पूर्व महामंत्री कॉमरेड एसके बक्सी की चौथे पुण्यतिथि पर गोधर स्थित यूनियन कार्यालय में शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी गई। सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर वक्ताओं ने उनके संघर्षमय जीवन को याद किया। बीसीकेयू नेता नंदलाल महतो ने कहा कि उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी का दाइत्व कि उनके सपनों को साकार करें। हमें मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए आगे बढ़कर काम करना होगा। उनके सिद्धांतो पर चलकर ही कोयला उद्योग को बचाया जा सकता है। इस मौकेपर भूषण महतो, रविंद्र सिंह, असंगठित मजदूर नेता धर्म बावरी, भोला चौहान, अशोक राम, श्याम बाबू, गोविंद महतो, गोपी महतो, अशोक यादव, दीपक कुमार, सुरेश महतो, सावन हैम्रम, सत्यविजय टीपू, सुल्तान इम्तियाज अली आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, वामपंथी मजदूर नेता कॉ संजीव कांति बक्शी की चौथी पुण्यतिथि शुक्रवार को बेड़ा कोलियरी में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉ आनंद मय पाल केंद्रीय संगठन सचिव ने किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय बक्शी जीवन भर मजदूर हित के लिए प्रबंधन से लड़ाई लड़ते रहे। उनके संघर्ष व आंदोलन के कारण संगठित असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को हक मिला। वह लाल झंडा के सच्चे सिपाही थे। मौके पर आशीत चटर्जी, पतित पावन माजी, प्रभास पाल, सुशीला कुमारी, मंगल चक्रवर्ती, उपेंद्रनाथ गोराई, अंजन बराट, आनंद कोड़ा आदि थे।




## लावारिस स्कूटी से दहशत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के सदर थाना क्षेत्र स्थित लिंडसे क्लब रोड में विगत तीन दिनों से लावारिस अवस्था में सड़क किनारे एक स्कूटी खड़ी है। जिसकी सूचना लोगों ने सदर पुलिस को दी। लोगों की मानें तो लिंडसे क्लब रोड स्थित एक मिठाई दुकान के समीप पिछले तीन दिनों से एक स्कूटी लावारिस अवस्था में खड़ी है। जिसे लेकर आसपास के लोगों में कई तरह की चर्चाएं हैं। लोगों में भय का भी माहौल है।

## सीओ-पुलिस ने ग्रामीणों से वार्ता कर शुरू करवाया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** विगत दो दिनों से रणक्षेत्र में तब्दील हुआ गजली टांड का रामपुर बस्ती शुक्रवार को कतरास थाना प्रभारी आसित कुमार सिंह की सूझबूझ से शांत हुआ और जमीन समतलीकरण का काम शुरू हुआ। बतातें चलें कि कंचनपुर पंचायत अंतर्गत रामपुर-गजलीटांड़ के बीच कतरी नदी पर बने पुल के समीप जुटको कंपनी की ओर से नमामि गंगे के तहत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के लिए जमीन को जेसीबी मशीन से समतलीकरण किया जा रहा था। इसी बीच सैकड़ो स्थानीय ग्रामीणों ने वहां पहुंचकर काम रुकवा दिया। उनका दावा था कि उक्त जमीन उनकी है। एक तरफ सैकड़ो ग्रामीण अड़े थे। वहीं, दूसरी ओर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थी। ग्रामीण यहां चल रहे कार्य का विरोध कर रहे थे। ग्रामीणों की मांग थी कि सरकार द्वारा जमीन अधिग्रहण करने के एवज में उन्हें उचित मुआवजा दिया जाय। मौके पर कई थानों के पुलिस बल सहित बाघमारा सीओ बालकिशोर महतो भी मौजूद थे। सीओ और कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह की अगुआई में स्थानीय ग्रामीणों से मुद्दे पर वार्ता की गयी। साथ ही दो दिनों में विवादित जमीन से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, ताकि मामले का निष्पक्ष निपटारा हो सके। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और काम पुनः शुरू हुआ।



## 100 छात्राओं के बीच पुस्तकें और यूनिफॉर्म का वितरण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एक कदम साक्षरता की ओर के तत्वाधान में शुक्रवार को फिर से समाज के लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान 100 जरूरतमंद छात्राओं के बीच पूरे वर्ष के लिए पुस्तक एवं यूनिफॉर्म का वितरण किया गया। संस्था के विशेष अतिथियों द्वारा महिला मंडल के कार्यों की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि आनंद मंगल संस्था बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए बेटियों को शिक्षित कर रही हैं। यह संस्था समाज में हर प्रकार के सहायता के लिए उपस्थित हैं। वहीं, कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था की अध्यक्ष मीणा डोकानिया, संगीता अग्रवाल, मीनू रेखा, रुंगटा रश्मि रंजन, संगीता, पायल, नीतू रिद्धि सरोज, सपना, रेवा, अलका, उमा, सुनीता, किरण, सीमा सरिता, रेखा, पिंकी, दीप्ति, श्वेता, संतोष, बरखा, संगीता, पूनम, सुनीता, किर्ति और डोली आदि का विशेष योगदान रहा।

# स्पेन के राजदूत ने की एसओए के संस्थापक अध्यक्ष से मुलाकात

## शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत में स्पेन के साम्राज्य के राजदूत, महामहिम जुआन एंटोनियो मार्च पुजोल ने शुक्रवार को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (एसओए) विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ मनोजरंजन नायक से शिष्टाचार भेंट की। राजदूत पुजोल, जो भारत के साथ-साथ नेपाल, भूटान, श्रीलंका और मालदीव में स्पेन का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने भुवनेश्वर में एसओए विश्वविद्यालय के कार्यालय में प्रोफेसर नायक से मुलाकात की।

बैठक के दौरान दोनों ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में स्पेन और भारत के बीच सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने विश्वविद्यालय में स्पेनिश भाषा शिक्षा को बढ़ावा देने की संभावनाओं का भी पता लगाया। एसओए के कुलपति, प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंदा भी इस बातचीत के दौरान उपस्थित थे।

# जानकी बल्लभ पटनायक स्मारक समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के पूर्व मुख्यमंत्री और असम के पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय जानकी बल्लभ पटनायक की स्मृति में गठित 'जानकी बल्लभ पटनायक स्मारक समिति' के सदस्यों ने शुक्रवार को लोक सेवा भवन में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय पटनायक की स्मृति को संरक्षित करने पर चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा कि स्वर्गीय पटनायक की स्मृति में एक प्रतिमा बनायी जाये और एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा जाये। मुख्यमंत्री ने इन प्रस्तावों पर गौर करने और निर्णय लेने का वादा किया। इस समिति के सदस्यों के रूप में पृथ्वी वल्लभ पटनायक, आर्य कुमत ज्ञानेंद्र, यज्ञेश्वर बाबू, अनंत सेठी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

# पीएम मोदी की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें भाजपा कार्यकर्ता : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को धनवार प्रखंड का दौरा किया। इस दरम्यान धनवार प्रखंड क्षेत्र के पूर्णानगर, डोरंडा, कोरियाडीह भलूटांड़, बनगढ़गी आदि जगहों में पहुंच कर शादी समारोह में भाग लिया और वर-बधु को आशीर्वाद दिया। वहीं पूर्णानगर में भाजपा के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस बाबत उन्होंने कार्यकर्ताओं को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बातचीत की। देश के प्रधानमंत्री की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा उसका लाभ दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के संविधान विरोधी बयान के खिलाफ झारखंड सरकार से मंत्री पद से हटाने की मांग की।

इस क्रम में लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस मौके पर कई लोगों ने श्री सिंह को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने कई लोगों की समस्या का समाधान मौके पर ही कर दिया गया तथा कई लोगों की समस्या का समाधान जल्द ही करने की बात कही। इस मौके पर नंदकिशोर राय, संदीप राय, सुशील राय, उपेंद्र सिंह और किशुन सिंह आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

EXPERIENCE The Joy of Riding
28,000/- Only
Low Cost Maintenance
License Free
Battery Cost Extra
One year warranty
J.K. SALES (Furniture Solutions)
Pillar No.83, In between O.T.C. Ground & Piska More, Ratu Road, Beside M-Bazaar, Lakdi Tall, Ranchi.
M.-9386070011, 9386070051

HOTEL RAMA
AC & NON- AC ROOMS
BOOK NOW 7667855282 9693591164
Add.- H.B. Road, Dipatoli, Near Jharkhand Cancer Center, Kokar, Ranchi

ANAL'S CAREER PLUS
Economics for JET by Anal Kumar
Courses Available
CSAT NET JPSC J-TET C-TET TGT NET
नये पाठ्यक्रम के अनुसार
ADMISSION OPEN
PISKA MORE, TEL MILL GALI, RANCHI-05
PHONE: 9334431753/ 9608311660 / 9504000077
www.careerplusedu.com

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखंड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
80 से ज्यादा स्टॉल खाने और एवं खेलने का सारा प्रबंध
डिजनी लैण्ड मेला
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
04:00 PM To 10:00 PM
Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery Nursery KG - I KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group Nursery Euro Jonior (LKG) Euro Senior (UKG)
AGE GROUP 01.8 TO 06 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 Class 2 Class 3 Class 4 Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
Contact No. 7903079507, 8092334348

AJ V अलंकार ज्वेलर्स
सोना चाँदी का थोक भाव में रिटेल विक्रेता
पुराना सोना खरीद बिक्री की जाती है
CERTIFIED GEMS
तिरिल रोड, कोकर
7488705225
7992284114

SHANTI ENTERPRISES
Authorised Distributors
Deals in : All Type of home Appliances available here
70456 59822, 0651 3500469
308, 3rd Floor, Estate Plaza, Behind Mangal, Tower, Kantatoli, Ranchi

PSM AUTOMOTIVE HUB
"MULTIBRAND CAR SERVICE CENTRE"
GENERAL SERVICE
CAR WASH (FOAM WASH)
INTERIOR CLEANING
WHEEL ALIGNMENT/BALANCING
TEFLON COATING
AC GAS REFILLING
INSURANCE RENEWAL
ENGINE WORK
GENUINE PARTS AVAILABLE
SUMMER OFFER
On 1st Visit Labour 30% Discount
1st Visit Offer Valid Till 30th April, 2025
On 2nd Visit Labour 50% Discount
2nd Visit Offer Valid Till 30th June, 2025
H.B. Road, Kokar, Opp.- Jharkhand Cancer Hospital, Ranchi - 834001
72610 24907 73013 75193

ETERNAL CAREER CLASSES
Run By Doctors from Rims
Admission open for NEET (MEDICAL)
Free Classes for NEET Coaching XI XII & XII Pass out
Only One Batch FREE for Each Class
Be A Doctor + By the Doctors
BOOK YOUR SEAT
Branch I - 5th Floor Le-Desire Complex Circular Road, Lalpur, Ranchi
Mob. 6200935394, 6200131542

RAVINDRA NATH ACADEMY
LIMITED SEATS
ADMISSION OPEN
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
BABY PRE-NURSERY TO CLASS X
MOB. 9905504970, 7992281709
BASUKI NAGAR, Haidar Ali, Road No.-10, Kokar, Ranchi

Shreshtha Soni 7481000333
RATNA SAGAR
Wholesale & Retail :
रत्न उपरत्न, रूद्राक्ष, वास्तु सामग्री, हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा तरक्की के सटीक उपाय
CERTIFIED GEMS, ORIGINAL RUDRAKSH, FENGSUI ITEMS

BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 766, OLD H.B. ROAD, OPP, SADHU MAIDAN KOKAR, RANCHI-834 001 (JHARKHAND)
Mob. 93869-09008 / 0651-3554978
Email : balajee udyog@rediffmail.com

Now Showing SUJATA PICTURE PALACE
JAAT
at Screen-1 (Sujata) Schedule For 18th April, 2025 onwards
Jaat : 11.15, 2.00, 4.45, 7.30
at Screen-2 (Miniplex)
Jaat : 12.15, 6.00
Sikandar : 3.15
*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

BOB Furniture
Sofa Bed, Almirah, Dressing & Center Table
Dahej Set @ 55000/-
Contact : 9279630961
G-5, Estate Plaza Behind, Mangal Tower Kantatoli, Ranchi (Jharkhand) Ph. 9931556455

M.R. INDUSTRIAL ENTERPRISES
Furniture, Material Handling, Matters
Manufacture Of :-
CRCA Products
Particle Board Products
Bunawat Products / Swing
MDF Products
Epoxy Coating Product
Stainless Steel Products
-: Contact Us :-
+91 9304129368, 79797864572, 7004518458, 9931556455
www.mrichair.com mrikokar@gmail.com
Head Office : Industrial Area, Kokar
Branch Office : Hotel Gali, Vikrant Chowk,

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता फैन्सी
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों मे मिलते है।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow Police Line Hirapur, Dhanbad

Guddu Soni
GUDDU ELECTRICALS
Repairing & Rewinding of all Types of Motors, Pumps, Fans & Geyser
7992372475, 9386422109, 8102406846
Industrial Area, Near Udyog, kokar, H.B. Road, Ranchi-1

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**